ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

20 अगस्त, 2022
श्रावण, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2079
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 07, अंक 300

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

महाराष्ट्र में दही हांडी को मिला खेल का दर्जा, गोविंदों को सरकारी नौकरी, मौत हुई तो 10 लाख



## सीएम ने किया 666 करोड़ की लागत से बननेवाली सड़कों का शिलान्यास

# रांची की जनता को जल्द ही जाम से मिलेगी राहत : हेमंत सोरेन

- सड़क निर्माण पर खर्च होंगे 666.13 करोड़ रुपये
- 20 महीने के अंदर योजनाओं को किया जायेगा पूरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कृष्ण जनमाष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस शुभ दिन को हम रांची की जनता के लिए तीन बड़ी सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास करने जा रहे हैं। इन सड़कों का निर्माण पथ निर्माण विभाग द्वारा 20 महीने के अंदर करा लेने का संकल्प लिया गया है। सरना अखाड़ा से शुभारंभ हो रही इन योजनाओं में आप सबके सहयोग से हम इसे लक्षित समय से भी पूर्व पूरा करने का प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री शुक्रवार को सरना स्थल मैदान, सिरमटोली, रांची में पथ निर्माण विभाग द्वारा सिरमटोली चौक-राजेंद्र चौक- मेकॉन गोलचक्कर तक फोर लेन फ्लाईओवर/ एलिवेटेड सड़क के निर्माण कार्य एवं अन्य योजनाओं के शिलान्यास समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे।



### ट्रैफिक की समस्या से मिलेगी निजात

मुख्यमंत्री ने कहा कि रांची शहर के अंदर आने वाली सड़कों के संकरा होने से हमेशा जाम लगता है। इन सड़कों के निर्माण के बाद ट्रैफिक की समस्या से बहुत हद तक निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि कटहल मोड़ से अरगोड़ा आने के क्रम में हमेशा सड़क जाम का सामना करना पड़ता है। सड़क चौड़ीकरण से आम जनता को इस समस्या से निजात मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं के लिए कम से कम जमीन अधिग्रहण की गयी है।

### हम सब मिलकर सहयोग की भावना से कार्य करें

सोरेन ने कहा कि सरकार राज्य की आवागमन व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु योजना बनाकर कार्य करती है। नियम आपकी बेहतरी के लिए बनाये जाते हैं। सरकार की संपत्ति को लावारिस न समझें, अपनी संपत्ति की तरह इनका ख्याल रखें। उन्होंने कहा कि लोग जल्दबाजी में शॉर्टकट लेने के चक्कर मे सड़क नियमों की अनदेखी करते हैं, जिससे कई बार बड़े हादसों का शिकार हो जाते हैं। कुछ लोग कूड़ा जहां तहां डाल देते हैं, हम सबों को अपनी आदतों में सुधार लाना होगा।

### मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

हेमंत सोरेन ने शिलान्यास कार्यक्रम के बाद सिरमटोली चौक-राजेंद्र चौक-मेकॉन गोलचक्कर तक बन रही फोरलेन फ्लाईओवर /एलिवेटेड सड़क के निर्माण कार्य का पदाधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने रातू रोड गोलचक्कर, नागा बाबा खटाल से कचहरी तक की सड़कों का भी अवलोकन किया।

### इन सड़कों का होगा निर्माण

- सिरमटोली चौक से राजेंद्र चौक होकर मेकॉन गोलचक्कर तक 2.34 कि.मी. का बनेगा चार लेन फ्लाईओवर/एलिवेटेड आर.ओ.बी
- रांची रिंग रोड के नेवरी विकास विद्यालय से बूटी मोड़ होकर कोकर चौक, कांटाटोली चौक होते नामकोम आर.ओ.बी तक कुल 15.214 कि.मी. की बनेगी फोर लेन सड़क
- अरगोड़ा चौक से कटहल मोड़ तक 5.300 कि.मी सड़क का होगा चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण

### ये लोग थे मौजूद

इस अवसर पर श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद विजय हांसदा, संजय सेठ व सांसद महुआ माजी और विधायक सीपी सिंह के अलावा मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार, उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



जन्माष्टमी के मौके पर अल्बर्ट एक्का चौक पर कार्यक्रम की शुरुआत करते सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह और अन्य। *फोटो : प्रदीप ठाकुर*

# डोलो ने डॉक्टरों को बांटे 1 हजार करोड़ के गिफ्ट

- सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से भी 7 दिन में जवाब मांगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कोरोना महामारी के दौरान चर्चा में रही पैरासिटामोल दवा 'डोलो' की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। सुप्रीम कोर्ट में दायर एक याचिका में दावा किया गया है कि फार्मा कंपनी ने बुखार की दवा डोलो-650 मरीजों को देने के लिए देशभर में डॉक्टरों को 1 हजार करोड़ रुपए के फ्री गिफ्ट बांटे हैं। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से भी सात दिन में जवाब मांगा है। फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से सीनियर एडवोकेट संजय पारिख ने सुप्रीम कोर्ट की बेंच के सामने इस बात का दावा किया है। इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस एएस बोपन्ना की बेंच ने की। जस्टिस चंद्रचूड़ हाल ही में कोरोना संक्रमित हुए थे। उन्होंने सुनवाई के दौरान एक वाकये का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि 'जो आप कह रहे हैं, वो मुझे सुनने में अच्छा नहीं लग रहा। ये वही दवाई है, जिसका कोविड के दौरान मैंने खुद इस्तेमाल किया। मुझे भी इसका इस्तेमाल करने के लिए बोला गया था। ये गंभीर मसला है।

# सरकार बनाने में उतनी मेहनत नहीं लगती, जितनी देश बनाने में : मोदी

- गोवा में प्रधानमंत्री ने 'हर घर जल उत्सव' कार्यक्रम को किया संबोधित
- प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर साधा निशाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गोवा के पणजी में 'हर घर जल उत्सव' कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस से संबोधित किया। केंद्रीय जल मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मोदी ने कहा कि आज गोवा देश का पहला राज्य बना है, जिसे हर घर जल सर्टिफाई किया गया है। अब 10 करोड़ ग्रामीण परिवार पानी की व्यवस्था से जुड़ चुके हैं।



इस मौके पर पीएम मोदी ने विपक्ष पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि सरकार बनाने में उतनी मेहनत नहीं करनी पड़ती है, लेकिन देश बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होती है। हम सभी ने देश बनाने का रास्ता चुना है। इसलिए देश की वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का लगातार समाधान कर रहे हैं। जिन लोगों को देश की परवाह नहीं है, उन्हें देश के वर्तमान और भविष्य की भी परवाह नहीं है। ऐसे लोग पानी के लिए बड़े-बड़े वादे करेंगे, लेकिन बड़े विजन के साथ कभी काम नहीं कर पायेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि गोवा की हर घर जल की उपलब्धि सबके प्रयास का बेहतरीन उदाहरण है। उपलब्धि के लिए देशवासियों को, खासकर माताओं-बहनों को बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में सिर्फ तीन सालों में जल जीवन मिशन के तहत 10 करोड़ घरों में नल की सुविधा पहुंची। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। आजादी के सात दशकों में देश में केवल तीन करोड़ ग्रामीण परिवारों में ही पाइप से पानी की सुविधा थी।

### नीतीश कुमार के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

**पटना।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार के हेलीकॉप्टर की खराब मौसम के चलते गया में इमरजेंसी लैंडिंग हुई। सीएम राज्य में सूखे की स्थिति का जायजा लेने निकले थे। बताया जा रहा है कि नीतीश जहानाबाद, अरवल समेत कई जिलों का हवाई दौरा करने के लिए निकले थे। इस दौरान खराब मौसम की वजह से उनके हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। दरअसल, बिहार में कम बारिश की वजह से कई जिलों में किसानों की फसलें बर्बाद हो गयी हैं।

## भाजपा और आप के नेता हुए आमने-सामने

# मनीष सिसोदिया के घर सीबीआइ का छापा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की आबकारी नीति मामले में डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के आवास समेत 21 जगहों पर सीबीआइ ने छापेमारी की। जांच एजेंसी सुबह 8.30 बजे ही सिसोदिया के घर पहुंच गयी थी। सरकारी आवास में बारीकी से तलाशी लीग यी। खबरों के मुताबिक, अफसरों ने उनके और परिवार के बाकी सदस्यों के फोन और लैपटॉप जब्त कर लिये थे। उधर, इससे पहले सिसोदिया ने ट्वीट कर लिखाः सीबीआइ आयी है। उनका स्वागत है। हम कट्टर ईमानदार हैं। लाखों बच्चों का भविष्य बना रहे हैं। बहुत ही दुर्भाग्य कि हमारे देश में जो अच्छा काम करता है, उसे इसी तरह परेशान किया जाता है। इसीलिए हमारा देश नंबर वन नहीं बन पाया है।



### एफआइआर दर्ज है सिसोदिया के अलावा 4 और लोगों के नाम

एक्साइज के डिप्टी कमिश्नर रहे आनंद तिवारी, तत्कालीन आबकारी आयुक्त अरवा गोपी कृष्ण, कुलजीत सिंह, सुभाष रंजन के घर पर भी सीबीआइ की टीम ने छापा मारा। शराब नीति घोटाले के आरोप को लेकर सीबीआइ ने एफआइआर दर्ज की। सूत्रों के मुताबिक इसमें सिसोदिया के अलावा 4 और लोगों के नाम हैं।


### भाजपा और आप नेता हुए आमने-सामने

भाजपा नेताओं ने मनीष सिसोदिया के घर पर हुई छापेमारी का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि मनीष सिसोदिया और अरविंद केजरीवाल जल्द ही जेल की सलाखों के पीछे होंगे। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि एक्साइज पॉलिसी के नाम पर हुई लूट के जिम्मेदार लोगों को इसकी सजा भुगतनी पड़ेगी। पश्चिमी दिल्ली के सांसद प्रवेश वर्मा ने कहा है कि इस पूरे खेल के मास्टरमाइंड अरविंद केजरीवाल हैं। उन्होंने कहा है कि यदि मनीष सिसोदिया इस मामले में सरकारी गवाह बन जायें तो उन्हें सजा में राहत मिल सकती है, जबकि असली मास्टर माइंड होने के नाते अरविंद केजरीवाल को जेल जाना पड़ेगा। उधर, आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह ने सिसोदिया के आवास पर छापेमारी किये जाने के समय ही एक प्रेस कांफ्रेंस की। उन्होंने कहा है कि केंद्र सरकार के इरादे सही नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल की बढ़ती लोकप्रियता से परेशान है। उन्हें रोकने के लिए ही ये छापेमारी की जा रही है। आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह ने कहा कि गुजरात में जहरीली शराब पीने से 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो गयी, लेकिन इतने गंभीर मामले में कोई जांच नहीं की गयी, जबकि दिल्ली की शिक्षा-स्वास्थ्य व्यवस्था को खराब साबित करने के लिए सिसोदिया के घर पर छापेमारी की जा रही है।












आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 49,000 रु./10 ग्राम |
| सोना (खरीद) | 46,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 59,000 रु./प्रति किलो |



## झटका : निर्वाचन आयोग के निर्णय से हिल गयी है गुपकार संगठन की जमीन

# कश्मीर में पहली बार गैर कश्मीरियों को भी मिला हक

## आतंकियों के खिलाफ बनने लगा है माहौल, खौफ में हैं आतंकी

## धारा 370, परिसीमन और सीटों की संख्या बढ़ने का झटका जोरदार है

जम्मू कश्मीर में चुनाव का बिगुल बज चुका है। इसे लेकर वहां की सियासी पारा चढ़ गया है। चारों दिशाओं से सियासी शोरगुल की आवाज आने लगी है। शोरगुल इसलिए हो रहा है, क्योंकि वहां की दो परंपरागत पार्टियां पीडीपी और नेशनल कांफ्रेंस, जिन्हें गुपकार गुट भी कहा जाता है, जिनका एक वक्त वहां पर राज हुआ करता था, आज वहां उनकी राजनीतिक जमीन ध्वस्त होने के कगार पर है। ऐसा हुआ है, निर्वाचन आयोग के उस आदेश से, जिसमें उसने कहा है कि देश के अन्य राज्यों की तरह जम्मू-कश्मीर में रहनेवाला देश का कोई भी नागरिक अब जम्मू-कश्मीर में मतदान कर सकेगा। जम्मू-कश्मीर का मतदाता बनने के लिए उसे यहां के डोमिसाइल की जरूरत भी नहीं होगी। अगर वह वहां रोजगार कर रहा है, बिजनेस कर रहा है, नौकरी कर रहा है और वहीं रह रहा है, तो उसका नाम वोटर लिस्ट में जुटेगा। अनुच्छेद 370 समाप्त होने के बाद जम्मू कश्मीर में पहली बार बन रही मतदाता सूचियों में विशेष संशोधन से करीब 25 लाख नये मतदाता बनेंगे। मतदाता सूचियों में विशेष संशोधन की प्रक्रिया को 25 नवंबर तक पूरा कर लिया जायेगा। केंद्र सरकार के इस फैसले के बाद जम्मू कश्मीर को अपनी बपौती समझनेवाली राजनीतिक पार्टियां जहां इस फैसले का विरोध कर रही हैं, वहीं वहां पर आतंक का अपना झंडा बुलंद करनेवाले आतंकी दहशत में आ गये हैं। उनके खौफ का आलम यह है कि वे अब वहां के भिखारियों को भी अपना निशाना बनाना चाहते हैं। खौफजदा लश्कर-ए-तैयबा समर्थित आतंकी ग्रुप कश्मीर फाइट ने गैर कश्मीरियों पर हमले तेज करने की धमकी दी है। आतंकियों का कहना है कि इस फैसले से वे खुश नहीं हैं। अब इन आतंकियों को कौन समझाये कि उन्हें खुश रखनेवाले अभी सरकार में नहीं हैं। अभी धारा 370 हटानेवालों की सरकार है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती और नेशनल कांफ्रेंस केंद्र के इस फैसले का पुरजोर विरोध कर रहे हैं। महबूबा कह रही हैं कि लोकतंत्र को खत्म किया जा रहा है। एक तरफ जहां कश्मीर को अपनी बपौती समझनेवाले इन सियासतदानों की राजनीतिक जमीन खिसकने का डर सता रहा है, वहीं टारगेट किलिंग कर रहे आतंकियों में भी खौफ का मंजर साफ दिखाई पड़ रहा है। उन्हें एहसास हो चुका है कि अब जो वहां सरकार बनेगी, वह आतंकियों का हित पोषक नहीं होगी। धारा 370 के बाद पहली बार जम्मू कश्मीर में चुनाव को लेकर कैसी बह रही बयार, कैसे वहां मजबूत हो रहा लोकतंत्र, क्यों बौखलाये हुए हैं आतंकी संगठन और क्यों विरोध जता रहे हैं गुपकार गुट, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनावों की गर्माहट शुरू हो गयी है। इस गर्माहट से जहां वहां की परंपरागत दो क्षेत्रीय पार्टियां तिलमिला गयी हैं, वहीं वहां के आम मतदाताओं के कलेजे में ठंडक पड़नी शुरू हो चुकी है। अनुमान लगाया जा रहा है कि चुनाव आयोग अपनी तमाम तैयारियों के साथ राज्य में चुनाव की तारीखों का एलान जम्मू-कश्मीर के मौसम को देखते हुए कर सकता है। एक अनुमान के मुताबिक 2023 के मार्च या अप्रैल महीने में जम्मू कश्मीर में चुनाव होने के आसार हैं। वहीं दूसरी ओर धारा 370 खत्म होने के बाद अब कोई भी व्यक्ति जम्मू-कश्मीर का मतदाता बन सकता है। राजनीतिक हलकों में यह एक बड़ा मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है। इससे पहले वहां के मूल निवासियों के पास ही वोट देने का अधिकार था। वर्षों बरस से वहां रह रहे भारतीय सिर्फ चुनाव के समय तमाशबीन की भूमिका में थे।

### कब हो सकते हैं चुनाव

जम्मू-कश्मीर में धारा-370 खत्म होने के बाद ही परिसीमन आयोग ने चुनावी तैयारियों के लिए सर्वे कराने की तैयारियां शुरू कर दी थी। विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन होने के बाद जम्मू कश्मीर की सात सीटें बढ़ कर 90 हो गयीं। जम्मू में 43 और कश्मीर घाटी में 47 सीटों पर मतदान होंगे। ऐसे तो कुल सीट बढ़ा कर 114 कर दी गयी है, लेकिन इनमें से 24 सीट पीओके ( पाक अधिकृत कश्मीर ) के लिए रिजर्व कर दी गयी हैं, क्योंकि भारत पीओके को अपना अभिन्न हिस्सा मानता है। इसलिए ये सीटें सुरक्षित रख दी गयी हैं। कुछ सीटों को विलोपित किया गया है और इनकी जगह नये नाम से विधानसभा क्षेत्र बना है। जम्मू कश्मीर और लद्दाख के मुख्य चुनाव अधिकारी हृदेश कुमार के मुताबिक 15 सितंबर को समग्र मतदाता सूचियों के मसौदे का प्रकाशन होगा। उसके बाद 10 नवंबर तक दावे और आपत्तियों का निराकरण किया जायेगा। मुख्य चुनाव अधिकारी के मुताबिक दावे और आपत्तियों के निराकरण के बाद 25 नवंबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा। मुख्य चुनाव आयोग से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी का मानना है कि चुनाव कराने से पहले अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन सबसे महत्वपूर्ण होता है। जम्मू-कश्मीर में अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 25 नवंबर को कर दिया जायेगा। जानकारों का मानना है चूंकि अंतिम मतदाता सूची 25 नवंबर को प्रकाशित कर दी जायेगी, इसलिए यह तय है कि चुनावी रूपरेखा को पूरी तरीके से अमली जामा पहना दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक चुनाव आयोग 25 नवंबर के बाद चुनाव कराने की स्थिति में होगा। लेकिन दिसंबर से लेकर मार्च के शुरुआती दिनों में जम्मू-कश्मीर का मौसम चुनाव के लिहाज से मुफीद नहीं होगा, क्योंकि सर्दियों में घाटी में अच्छी खासी बर्फबारी होती है। ऐसे में चुनाव कराना किसी भी लिहाज से मुफीद नहीं है। जानकारों का मानना है कि मार्च के अंतिम दिनों या अप्रैल के दौरान जब बर्फबारी कम होगी, तब जम्मू-कश्मीर में चुनाव आयोग तारीखों का एलान कर सकता है। धारा 370 हटने के बाद पहली बार कश्मीर में चुनाव होने जा रहा है। चुनाव आयोग के लिए भी यह बड़ी परीक्षा होगी कि वोट प्रतिशत ज्यादा से ज्यादा रहे।



### मतदाताओं की संख्या बढ़नेवाली है

परिसीमन आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में तकरीबन 25 लाख मतदाताओं की संख्या बढ़ने का अनुमान है। चूंकि धारा 370 की समाप्ति के बाद कश्मीर में देश का कोई भी नागरिक मतदाता बन सकता है। मतदाता बनने के लिए किसी भी तरीके के डोमिसाइल की आवश्यकता नहीं है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बढ़े हुए वोटरों और परिसीमन आयोग की नयी व्यवस्था के मुताबिक जम्मू-कश्मीर में होनेवाले चुनाव भाजपा के लिए मास्टर स्ट्रोक साबित हो सकते हैं। जम्मू-कश्मीर से बाहर रहनेवाले कश्मीरी पंडितों की बड़ी संस्था रूट्स इन कश्मीर के प्रवक्ता अमित रैना का कहना है कि चुनाव आयोग का यह फैसला स्वागत योग्य है। अमित कहते हैं कि जम्मू कश्मीर के डोमिसाइल होल्डर होने के बाद जब वह उत्तरप्रदेश के वोटर हो सकते हैं, तो उत्तरप्रदेश या बिहार का कोई व्यक्ति कश्मीर का वोटर क्यों नहीं हो सकता है। वह कहते हैं कि धारा-370 खत्म होने के बाद पूरे देश में जो वोटर बनने की व्यवस्था है, वही कश्मीर में भी लागू हुई है। इसलिए 25 लाख वोटर बढ़ना कोई छोटी बात नहीं है। रूट्स इन कश्मीर से जुड़े लोगों का मानना है कि कश्मीर में आनेवाले दिनों में एक बेहतरीन और स्थायी सरकार से लोगों का न सिर्फ जीवन बेहतर होगा, बल्कि पूरी व्यवस्था और तंत्र मजबूत होगा। सुरक्षा के लिहाज से भी यह फैसला स्वागत योग्य है। हालांकि मतदाता सूची में बढ़ रहे 25 लाख नये वोटरों को लेकर सियासत भी गरम हो गयी है। कश्मीर के राजनीतिक दलों में कोहराम मचा हुआ है। उनकी धड़कनें बढ़ चुकी हैं। वे अच्छी तरह समझ रहे हैं कि नये मतदाता जम्मू-कश्मीर में आमूल चूल बदलाव के लिए मतदान करेंगे। आतंकियों को सबक सिखाने के लिए मतदान करेंगे। जम्मू कश्मीर को देश की मुख्यधारा में लाने के लिए बदलाव करेंगे।

### कश्मीर को बपौती समझनेवाली राजनीतिक पार्टियां कर रहीं विरोध

चुनाव आयोग की घोषणा के बाद जम्मू कश्मीर की विपक्षी पार्टियों ने केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर हमला तेज कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने ट्वीट कर कहा है कि भाजपा चुनाव से पहले डर गयी है। इन लोगों को कश्मीर का सपोर्ट नहीं मिलने जा रहा है। ऐसे में बाहरी लोगों के बूते पर सरकार में आने की कोशिश कर रही है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने ट्वीट कर लिखा है कि पहले कश्मीर में चुनाव स्थगित करवाना और फिर बाहरी लोगों को वोटर लिस्ट में नाम शामिल करने के पीछे क्या मंशा है? दिल्ली वाले कश्मीर पर सख्त शासन करना चाहते हैं। उनका कहना है कि लोकतंत्र खत्म हो रहा है। ऐसा कहते वक्त महबूबा मुफ्ती यह भूल जाती हैं कि जब जम्मू कश्मीर के नेता केंद्र में मंत्री बन कर देश पर शासन कर सकते हैं। अपना हुक्म चला सकते हैं तो जम्मू-कश्मीर में देश का नागरिक वोट क्यों नहीं दे सकता। वहीं पलटवार करते हुए बीजेपी ने कहा कि महबूबा मुफ्ती किसी और युग में जी रही हैं। दरअसल पीडीपी और नेशनल कांफ्रेंस की दुकानदारी खत्म हो गयी है। इसलिए वो इस तरह की बातें कर रहे हैं। बीजेपी ने कहा कि पीडीपी और नेशनल कांफ्रेंस तो पाकिस्तानी वोटर को शामिल करते थे।

### दहशत में आतंकी

जब से निर्वाचन आयोग ने जम्मू-कश्मीर में अन्य राज्यों के लोगों को मतदान का अधिकार देने का फैसला किया है, तब से लश्कर-ए-तैयबा समर्थित आतंकी ग्रुप कश्मीर फाइट गैर कश्मीरियों पर हमले तेज करने की धमकी दे रहा है। उसने आतंकी वेबसाइट पर यह धमकी दी है। पोस्ट में कहा गया है कि जब जीतने का बड़ा कारण होता है, तो कैजुएलिटी भी होती है। हममें से कोई भी इससे खुश नहीं है, लेकिन यही सच्चाई है। सभी गैर कश्मीरियों को वोट देने के अधिकार के बाद यह सामने आ गया है कि दिल्ली में गंदा खेल खेला जा रहा है। ऐसे में यह आवश्यक हो गया है कि हम अपने हमलों को तेज करें और अपने लक्ष्यों को प्राथमिकता दें। इस पोस्ट में टारगेट्स की लिस्ट भी दी गयी है।


जाहिर है, आतंकी संगठन इसलिए विरोध कर रहे हैं, क्योंकि वे अच्छी तरह जानते हैं कि अब जो जम्मू-कश्मीर में सरकार आयेगी, वह आतंकियों की इच्छा के मुताबिक काम नहीं करेगी। आम मतदाता आतंकियों के हित पोषक उम्मीदवारों को चुन कर नहीं भेजेंगे। अब वहां पाकिस्तान का गुण नहीं गाया जायेगा, बल्कि वंदे मातरम और भारत माता के जयकारे लगेंगे। सच तो यही है कि आजादी के बाद जम्मू कश्मीर में पहली बार मतदाता बेखौफ होकर वोट करेंगे।

### जम्मू-कश्मीर में चुनाव से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां

जम्मू-कश्मीर में आखिरी बार 2014 में विधानसभा का चुनाव हुआ था। नवंबर 2018 में विधानसभा को भंग कर दिया गया था। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद से विधानसभा के चुनाव नहीं हुए हैं। यह इस साल के अंत या अगले साल के शुरू तक प्रस्तावित है। वहीं मतदाता वोटर लिस्ट में नाम दो तरीके से जुड़वा सकते हैं। पहला, चुनाव आयोग शिविर लगाता है, जहां आप जाकर आसानी से अपना नाम जुड़वा सकते हैं। वहीं दूसरा तरीका ऑनलाइन नाम जुड़वाने का है। इसके लिए आपको चुनाव आयोग की वेबसाइट एनवीएसपी डॉट इन पर जाना होगा और वहां रजिस्ट्रेशन कर फॉर्म अप्लाई करना होगा।

---

# दिल्ली से हवाला एजेंट मोहम्मद यासीन गिरफ्तार



**लश्कर-ए-तैयबा और अल-बदर के लिए जुटाता था फंड**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मोहम्मद यासीन को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पुरानी दिल्ली के दिल्ली-6 से गिरफ्तार यासीन लश्कर-ए-तैयबा और अल बदर जैसे आतंकी संगठनों को फंडिंग करने के लिए हवाला आतंक के एजेंट के तौर पर काम करता था।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि आतंकी को सुरक्षा एजेंसियों की मदद से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि भारत में हवाला का धन दक्षिण अफ्रीका से सूरत और मुंबई के रास्ते भेजा जा रहा है। वह हवाला नेटवर्क में दिल्ली का काम देखता था और दिल्ली से यह रकम विभिन्न कोरियर के माध्यम से जम्म-कश्मीर भेजी जाती थी।

आरोपी ने शुरुआती पूछताछ में बताया कि उसने 17 अगस्त को जम्मू-कश्मीर के एक आतंकी अब्दुल हमीद मीर को लगभग 10 लाख रुपये दिये थे, जिससे वह राज्य में आतंकी गतिविधियों को संचालित कर सके।


इस संबंध में जम्मू बस स्टेशन थाना पुलिस ने 18 अगस्त एफआइआर दर्ज करते हुए पुंछ निवासी अब्दुल हामिद मीर को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से लगभग 10 लाख रुपये बरामद हुए थे।

# मथुरा में 40 देशों से आये 10 हजार विदेशी भक्त

**हरे राधा-हरे कृष्णा के भजन पर नाच-गा रहे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मथुरा के सभी मंदिर श्रद्धालुओं से भर गये हैं। इसमें यूक्रेन, रूस, अमेरिका, इटली समेत 40 देशों से आए 10 हजार विदेशी भक्त भी हैं। यह सभी कृष्ण भक्ति में झूम रहे हैं। हरे राधा-हरे कृष्णा का उद्घोष करते हुए नाच रहे हैं। लोगों को भंडारे का अन्न परोस रहे हैं।



अमेरिका की मारिया जन्माष्टमी मानने के लिए वृंदावन के इस्कॉन मंदिर पहुंची हैं। उनके गले में छोटा स्पीकर है और वो 'हरे रामा-हरे कृष्णा' गा रही थीं। लॉस एंजेलिस शहर की मारिया पिछले 8 साल से भगवत गीता का पाठ कर रही हैं। इस्कॉन मंदिर में श्रद्धालुओं को भंडारा परोस रहीं हरिनामा यूक्रेन से आयीं हैं। पिछले दो साल कोरोना के चलते नहीं आ पायी थीं। इसी तरह कई अन्य विदेशी श्रद्धालु पहुंचे हुए हैं। मंदिर के अंदर एक हिस्से में चारों तरफ विदेशी नजर आते हैं। हरे राधे-हरे कृष्णा गाते हुए सभी झूम रहे थे।

### मथुरा में 20 लाख श्रद्धालु पहुंचे

मथुरा में कृष्ण जन्माष्टमी में शामिल होने के लिए 20 लाख श्रद्धालु पहुंचे हैं। सभी प्रमुख मंदिर भीड़ से भरे हुए हैं। अधिक भीड़ की वजह यह भी है कि पिछले दो सालों से कोरोना के चलते जन्मोत्सव नहीं मनाया गया है। सुरक्षा के लिए मथुरा और वृंदावन को 5 जोन और 30 सेक्टर में बांटा गया है।

# 34वां राष्ट्रीय खेल घोटाला: ताइक्वांडो संघ के महासचिव और हाशमी के घर सीबीआइ रेड

**मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के निर्माण में भारी अनियमितता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** शुक्रवार की सुबह धनबाद के दो जगहों पर सीबीआइ ने छापेमारी की है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 34 वें राष्ट्रीय खेल घोटाले को लेकर सीबीआइ छापेमारी कर रही है। इससे पहले 26 और 27 मई को देश भर के 18 ठिकानों पर सीबीआइ ने छापेमारी की थी हालांकि अब तक छापेमारी को लेकर आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। सीबीआइ की टीम पूर्व झारखंड ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष प्रभात शर्मा के बैंकमोड़ टेलीफोन एक्सचेंज स्थित आवास पर सीबीआइ की टीम छापेमारी कर रही है। इसके अलावे 34 वें राष्ट्रीय खेल के एक तत्कालीन पदाधिकारी के आवास पर भी सीबीआइ छापेमारी कर रही है।



### हाशमी और संजय शर्मा के आवास पर भी छापेमारी

साल 2011 में हुए 34वें राष्ट्रीय खेल में करोड़ों रुपये के घोटालों से जुड़ा है। आरोप है कि खेल उपकरण खरीदने व भवन निर्माण में कथित अनियमितताओं के संबंध में करोड़ों का घोटाला हुआ था, जिसकी जांच सीबीआइ कर रही है। आरोप है कि ऊंची कीमत पर बिना टेंडर खेल सामग्री की खरीद की गयी थी। इसके अलावे मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के निर्माण में भारी अनियमितता बरती गयी, जिसकी जांच सीबीआइ कर रही है। शुक्रवार को धनबाद के बैंक मोड़ स्थित दो ठिकानों पर सीबीआइ की टीम ने दबिश दी। घोटाले में धनबाद के एसएम हाशमी का नाम जुड़ा है, जो जांच के दायरे में है। बता दें कि एसएम हाशमी साल 2011 में हुए नेशनल गेम्स आयोजन समिति के सचिव थे। शुक्रवार को जिन दो ठिकानों पर छापे पड़े, उनमें हाशमी और संजय शर्मा का आवास शामिल हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.2 °c | 23.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.18 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.26 बजे |



## आस्था : बोड़ेया के मदन मोहन मंदिर में लगा भक्तों का तांता

# भगवान श्रीकृष्ण की हुई पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शुक्रवार को पूरे देश ने भगवान विष्णु के कृष्ण अवतार का जन्मोत्सव मनाया। हिंदू पंचांग के मुताबिक भाद्रपद मास के कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथि को प्रभु श्री कृष्ण ने धरती पर जन्म लिया था और कई चमत्कार किया था। इसलिए इस दिन भक्त काफी उत्साह के साथ भगवान कृष्ण के आगमन की तैयारी की जाती है। रांची के बोड़ेया के मदन मोहन मंदिर की मान्यता है कि इस गांव के लोग किसी भी शुभ काम से पहले मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना करते हैं। इस मंदिर की स्थापना लक्ष्मी नारायण तिवारी ने 1665 में करायी थी। इस मंदिर में राधा कृष्ण की प्रतिमा विराजमान है, जिसकी पूजा वृंदावन की परंपरा के अनुरूप होती है। इस मंदिर की कई मान्यताएं हैं। ऐसी मान्यता है कि इस मंदिर के नवविवाहित जोड़ा प्रभु से आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं। उसी दिन नवविवाहित वधू गर्भ ग्रह में प्रवेश करती है। इसके बाद कभी भी उसे गर्भगृह में प्रवेश की इजाजत नहीं होती है। मंदिर में जन्माष्टमी के मौके पर कई भव्य कार्यक्रम आयोजित किये गये। जन्माष्टमी के दिन भारी संख्या में भक्तों ने भगवान के दर्शन किये और आयोजित कार्यक्रमों का आनंद लिया। साथ ही लोगो ने भजन कीर्तिन में भी भाग लिया। भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना के बाद शुक्रवार को इस्कॉन द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम में छोटे बच्चों के द्वारा विषेश नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके बाद रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक भजन संध्या और जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें भक्त खुब झूमे। पूरे दिन में पांच बार भगवान की आरती उतारी गयी। इस दौरान देर शाम तक भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। हर वर्ष की भांति भगवान के जन्म के बाद सोहर गाया गया और नये वस्त्रों के साथ प्रभु का श्रृंगार किया गया। भगवान को विषेश रूप से पंजीरी का भोग लगाया गया और भक्तों के बीच प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। जन्माष्टमी के दिन मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया था। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष चंद्रभूषण नाथ तिवारी, सचिव मनोज तिवारी, कोषाध्यक्ष गोपाल तिवारी, गोविंदनाथ तिवारी, मोरारी तिवारी, अभय तिवारी का विशेष योगदान रहा।

# मटका फोड़ प्रतियोगिता में मथुरा वृंदावन प्रथम और श्रीद्वारिकाधीश द्वितीय स्थान पर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बाबा विश्वनाथ मंदिर प्रांगण धुर्वा में श्रीकृष्ण विकास परिषद झारखंड के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव और दही हांडी मटका फोड़ प्रतियोगिता धूमधाम से मनायी गयी। परिषद के मुख्य संरक्षक कैलाश यादव के द्वारा दही हांडी मटका फोड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मथुरा वृंदावन और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले द्वारिकाधीश टीमों को नकद राशि और मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। दही हांडी मटका फोड़ प्रतियोगिता का संयोजक सत्येंद्र यादव के नेतृत्व में दही हांडी मटका को 25 फीट ऊंचा सजाया गया था। कार्यक्रम में अध्यक्ष सुरेश राय, देवबिहार यादव, सचिता यादव, रामकुमार यादव, मुद्रिका प्रसाद, सुनील यादव, प्रो.गोपाल यादव, मैनेजर राय, डॉ सत्यनारायण सिंह, राम इकबाल चौधरी, चंदेश्वर प्रसाद, संजय यादव, सत्येंद्र यादव, ललबाबू राय, विजय राय,चंद्रिका यादव, गौरी शंकर यादव, विद्या राय, नंदजी यादव, यदुवंश यादव, राजकिशोर सिंह, अशोक पांडे, पवन सहित लोग उपस्थित रहे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

## खोया-पाया

शपथ पत्र संख्या 1326 दिनांक 17.08.2022 मैं, दीपक सोना, पिता नन्दलाल घासी, जन्म तिथि 15/04/1990 ई. धर्म-हिन्दू, पेशा-विद्यार्थी, राष्ट्रीयता-भारतीय, निवासी स्थान ग्राम-रैलीगढ़ा एम.पी.आई. मस्जिद, पो. रैलीगढ़ा, थाना-गिद्दी 'ए' जिला- हजारीबाग (झारखंड)-829129 शपथपूर्वक निम्नलिखित ब्यान करता हूं कि:-

1. यह कि मैं, अपने निवासी स्थान ग्राम-रैलीगढ़ा से गिद्दी जाने के क्रम में दिनांक 13.08.2022 ई. को मेरा मैट्रिक का स्थानांतरण पत्र (Transfer Certificate) कहीं गिर कर खो गया जो काफी खोजबीन के बाद भी मुझे नहीं मिल सका।
2. यह कि यह शपथ पत्र मैं संबंधित थाना प्रभारी को उपर्युक्त अपना स्थानांतरण प्रमाण पत्र (Transfer Certificate) गुम हो जाने की सनहा दर्ज करवाने एवं द्वितीयक प्रति प्राप्त करने हेतु बना रहा हूं।






















































आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 20 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com



# नियुक्ति नियमावली में विसंगति दूर करने की मांग




**आदिवासी मूलवासी संयुक्त मोर्चा केंद्रीय कोर कमेटी की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को होटल गंगा आश्रम कचहरी रोड रांची में आदिवासी मूलवासी संयुक्त मोर्चा केंद्रीय कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता डॉ करमा उरांव, संचालन अंतु तिर्की और धन्यवाद ज्ञापन एस अली ने किया। कोर कमेटी की बैठक में गहन विचार विमर्श के बाद कई प्रस्ताव और निर्णय पारित हुए। जिनमें राज्य सरकार से आग्रह किया गया है कि नियुक्ति नियमावली में ऊपर वर्णित विसंगति को दूर करें और अपना पक्ष उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें और दर्ज याचिका का निष्पादन के लिए याचना करने जैसे निर्णय प्रमुख रहे। बैठक में विशेष रूप से अंतु तिर्की, सुनील सिंह, प्रेम शाही मुंडा, बलकु उरांव, एसअली, दिनेश उरांव, प्रवीण चंद्र देवघारिया, विभय नाथ शाहदेव, शिव प्रसाद साहू, धर्म दयाल साहू, धनीनाथ राम साहू, बहूरा उरांव, देव सहाय मुंडा, उमेश पाहन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज का अवधि विस्तार नहीं किये जाने पर निकाली आभार यात्रा

**सीएम हेमंत सोरेन के फैसले के प्रति नेतरहाट ग्रामीण क्षेत्र के मूल निवासियों ने जश्न मनाया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज का अवधि विस्तार नहीं किये जाने के सीएम हेमंत सोरेन के फैसले के प्रति नेतरहाट ग्रामीण क्षेत्र के मूल निवासियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार यात्रा निकाली। शुक्रवार को राजधानी रांची के डंगराटोली चौक से शहीद चौक होते हुए शहर की हृदय स्थली अल्बर्ट एक्का चौक तक निकाली गयी इस आभार यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए। आभार यात्रा का आयोजन केंद्रीय जनसंघर्ष समिति की ओर से किया गया था। इसमें लातेहार, गुमला समेत कई जिलों के अलावा विभिन्न आदिवासी संगठनों की भी सहभागिता रही। समाजसेवी दयामनी बारला ने कहा कि यह फैसला आम लोगों की जन भावना पर आधारित है। इसे रद्द कराने के लिए आंदोलन जारी रहेगा। आदिवासी नेता अनिल पन्ना ने इस मौके पर कहा कि सरकार का निर्णय ऐतिहासिक है और यह लाखों आदिवासियों के लिए बहुत बड़ी जीत है। हालांकि पूरी तरह से अधिसूचना रद्द होने तक संघर्ष जारी रहने की भी बात कही।




विदित हो कि इस प्रोजेक्ट से 245 गांव और करीब 3 लाख आदिवासी प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से बुरी तरह से प्रभावित हो रहे थे।

### गुरुवार को सीएम से मिल कर जताया था आभार

आभार यात्रा के पूर्व गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर जनसंघर्ष समिति ने सीएम के इस फैसले के लिए उनका आभार जताया था। इस मौके पर समिति के सचिव जेरोम जेराल्ड कुजूर और रतन तिर्की ने कहा था कि अगले दो महीने के अंदर लातेहार टुटुआपानी/ जोकीपोखर धरनास्थल में गुमला-लातेहार से प्रभावित दो लाख लोग जुटेंगे और विजय दिवस मनायेंगे। इस विजय दिवस में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी भाग लेने की सहमति दी है।

### विस्थापन के खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा

रतन तिर्की और जेरोम जेराल्ड कुजूर ने कहा कि आंदोलन अभी खत्म नहीं हुआ है। कहा कि झारखंड में विस्थापन के खिलाफ जंग जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने आंदोलन कर कोयलकारों जल विद्युत परियोजना, टुडूरमा डैम गुमला और अब नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज की लड़ाई आंदोलन के बल पर ही जीती है।

# मिथिला मंच ने की पीड़ित परिवार को 41 हजार रुपये की मदद

**समिति ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी के कांके इलाके में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर करंट की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत मामले में मैथिली भाषा संघर्ष समिति पीड़ित परिवार की मदद को आगे आयी। झारखंड प्रदेश समिति के कांके मंडल के संयोजक मदन मोहन झा के नेतृत्व में विशेष प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिजन विजय झा से मुलाकात की। इस मौके पर मिथिला समाज के समाजसेवी सुमन ठाकुर, दीपू मिश्र और देवाशीष मिश्र के द्वारा संग्रहित की गयी 41 हजार की सांत्वना राशि समिति के प्रदेश संयोजक अमरनाथ झा, नवीन कुमार झा एवं विनोदानंद झा के द्वारा मृतक परिवार को प्रदान की गयी। समिति के संयोजक अमरनाथ झा ने कहा कि मैथिली समाज पीड़ित परिवार के संग हमेशा रहेगा। समिति ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में मैथिली भाषा संघर्ष समिति के संयोजक अमरनाथ झा, विश्वंभर फॉउंडेशन के नवीन झा, विनोदानंद झा और मंडल के संयोजक मदन मोहन झा, किशोर झा समेत कई लोग उपस्थित थे। ज्ञात हो कि हर घर तिरंगा अभियान में 14 अगस्त 2022 को तिरंगा लगाने के क्रम में अरसंडे, कांके, रांची में विजय कुमार की एक पुत्री, एक भतीजी और एक भतीजा की मृत्यु करंट लगने से हो गयी थी।

# गठबंधन विधायक दल की बैठक आज

**मौजूदा राजनीतिक हालात में झामुमो और कांग्रेस अलर्ट मोड में**

**विधायकों को राज्य से बाहर नहीं जाने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के सत्ताधारी गठबंधन के विधायक दल की बैठक शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर होगी। कांग्रेस ने अपने सभी विधायकों को इस बैठक में शामिल होने का निर्देश दिया है। इस बैठक को लेकर सियासी गलियारे में काफी उत्सुकता है। झामुमो के सचेतक सह टुंडी विधायक मथुरा महतो ने कहा कि शनिवार को सीएम आवास पर 11:00 बजे पहुंचने को कहा गया है। हालांकि उन्होंने इस बैठक की वजह नहीं बतायी। वहीं इस बैठक के संबंध में हेमंत सरकार में सबसे बड़ी सहयोगी पार्टी कांग्रेस के नेताओं का भी कोई बयान सामने नहीं आ रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस ने अपने सभी विधायकों को शनिवार सुबह 11 बजे बैठक में शामिल होने को कहा है। साथ ही दोनों दलों ने अपने विधायकों को इस बात की हिदायत दी है कि वे किसी भी हाल में रांची से बाहर नहीं जायें। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यह सारी कवायद झारखंड में ऑपरेशन लोटस के दूसरे फेज से बचाव के सिलसिले में की जा रही है। ऑपरेशन लोटस की पहली कोशिश पिछले महीने नाकाम हो गयी थी, जब कांग्रेस के तीन विधायक 49 लाख कैश के साथ कोलकाता में पकड़ लिये गये थे। इस घटना के बाद कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा दोनों ही अलर्ट मोड में आ गये हैं। पहले यह बैठक शुक्रवार को ही होनी थी, लेकिन अब यह शनिवार को बुलायी गयी है। कांग्रेस के एक विधायक ने बताया- उन्हें साफ कहा गया है कि इतनी ही दूरी पर रहें कि शार्ट नोटिस पर तुरंत हाजिर हो सकें।

मौजूदा राजनीतिक हालात में झामुमो और कांग्रेस कितनी चौकस है, कितनी सीरियस है, यह इसी बात से समझा जा सकता है कि विधानसभा स्पीकर ने अपना कनाडा दौरा रद्द कर दिया है। उन्हें कॉमनवेल्थ में शामिल होने कनाडा जाना था। ऐन वक्त पर उन्होंने दौरा स्थगित कर दिया। उस बैठक में शामिल होने आजसू के विधायक डॉ लंबोदर महतो गये हैं।

# झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 22 को

**अहम योजनाओं को स्वीकृति दी जायेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की हेमंत कैबिनेट की बैठक 22 अगस्त को प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होनेवाली इस बैठक में सड़क तथा भवन निर्माण सहित कई अहम योजनाओं को स्वीकृति दी जायेगी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक 22 अगस्त को होनेवाली कैबिनेट की बैठक में मनरेगा कर्मियों को इपीएफ तथा स्वास्थ्य बीमा देने संबंधित संस्थाओं को भी मंजूरी मिल सकती है। बैठक 22 अगस्त को शाम 4 बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय और समन्वय विभाग को इसकी सूचना दी गयी है।

### कैबिनेट की बैठक में होंगे कई अहम फैसले

गौरतलब है कि इससे पहले हुई कैबिनेट की बैठकों में भी कई अहम फैसले लिये गये थे। कैबिनेट की हालिया बैठक में राशन योजना के तहत दाल देने की बात कही गयी थी। वहीं, पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की भी स्वीकृति दी गयी थी। 22 अगस्त को होने जा रही बैठक में झारखंड में कृषि संकट पर भी चर्चा हो सकती है और संभावना है कि किसानों के लिए कुछ राहत भरी योजनाओं अथवा राशि की स्वीकृति दी जाये। गौरतलब है कि झारखंड सुखाड़ का सामना कर रहा है।

### 180 प्रखंडों में सुखाड़ की आशंका

गुरुवार को मुख्य सचिव सुखदेव सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हाई-लेवल मीटिंग में कृषि विभाग की ओर से बताया गया था कि प्रदेश के कम से कम 180 प्रखंडों में सुखाड़ की आशंका है। मुख्य सचिव ने सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिया था कि फसल राहत योजना के तहत किसानों का पंजीकरण किया जाये। यही नहीं, पंजीकरण से पहले किसानों के दस्तावेजों की ठीक से जांच हो। कृषि निदेशक निशा उरांव ने बताया था कि किसानों को वैकल्पिक खेती के लिए मदद दी जायेगी।

# अपर बाजार में युवक की गला रेत कर हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित अपर बाजार में शुक्रवार सुबह एक युवक की गला रेत कर हत्या कर दी गयी। युवक का नाम दीपू साहू है और वह सुखदेव नगर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। बताया जाता है कि दीपू साहू अपने दोस्तों के साथ सो रहा था, उसी बीच सुबह उसकी हत्या कर दी गयी। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में इस बात की जानकारी मिली है कि दीपू साहू की हत्या कर आरोपी हिंदपीढ़ी के रास्ते भाग गया है। फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

## भाजपा ने राज्य सरकार को जनता से किये वादे की याद दिलायी

# घोषित योजनाओं की क्या स्थिति है इस पर सरकार श्वेतपत्र जारी करे : दीपक प्रकाश

**स्थानीय नीति सरकार ने अभी तक परिभाषित नहीं किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जनता से किये गये वादों की याद दिलायी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि हेमंत सोरेन सत्ता में आने से पहले और मुख्यमंत्री बनने के बाद से लगातार झूठ की खेती कर रहे है। वंशवाद और भ्रष्टाचार की गठरी का बोझ उठाये सरकार की सहयोगी कांग्रेस भी अपने स्वरूप के मुताबिक काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि निजी क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं को 75 फीसदी आरक्षण मिल रहा है। जब स्थानीय नीति सरकार ने परिभाषित ही नहीं की है, तो स्थानीय कौन है। सीएम लोगों को




शब्द जाल में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। दूसरी बात यह कि 40 हजार रुपये तक की नौकरी करनेवाले स्किल्ड नौजवानों को सरकार दूसरे राज्यों में काम करने क्यों भेजना चाहती है। साफ है कि सरकार की नीति, नीयत और नेतृत्व में खोट है। 40 हजार से ऊपर वाले डॉक्टर, इंजीनियर, मैनेजमेंट के डिग्रीधारियों को दूसरे राज्य भेजने पर आमदा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ब्रेन ड्रेन को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने सरकार पर सवालिया लहजे में कहा कि सत्ता में आने से पहले झामुमो ने कहा था कि हमारी सरकार आयेगी तो हम स्थानीय नीति बनायेंगे। आज राज्य के मुख्यमंत्री ये बतायें कि क्या आपने नयी स्थानीय नीति की घोषणा की है? या भाजपा सरकार द्वारा बनायी गयी स्थानीय नीति ही अच्छी थी, जिस पर सरकार काम कर रही है। श्री प्रकाश ने कहा कि सरकार बनने के बाद सरकार ने कई योजनाओं को लागू किया। उन योजनाओं की क्या स्थिति है इस पर राज्य सरकार श्वेतपत्र जारी करे। उन्होंने कहा कि भाजपा अन्याय, जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन करती रही है। भाजपा आगे भी राज्य सरकार की भ्रष्टाचार जनविरोधी नीति का विरोध करते हुए सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी। इस मौके पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, सरोज सिंह, सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह मौजूद थे।

# जेल में बंद पत्थर कारोबारी मुंगेरी यादव पर लगा सीसीए

रांची(आजाद सिपाही)। पत्थर कारोबारी प्रकाशचंद्र उर्फ मुंगेरी यादव के खिलाफ क्राइम कंट्रोल एक्ट यानी सीसीए के तहत प्रिवेंटिव डिटेनशन (निरुद्धादेश) नोटिस डीसी रामनिवास यादव ने जारी किया था। जानकारी के अनुसार प्रकाशचंद्र पर सीसीए एक्ट लगाने की गृह विभाग ने मंजूरी दे दी है। सीसीए के तहत प्रकाशचंद्र को नोटिस भेज कर डीसी ने गृह विभाग को प्रस्ताव भेजा था, जिसे मंजूरी दे दी गयी है। जिला प्रशासन द्वारा भेजे गये प्रस्ताव पर गृह विभाग से स्वीकृति आवश्यक पड़ती है। गौरतलब हो कि 29 जुलाई को राजमहल थाना में दर्ज आर्म्स एक्ट के मामले में रांची एयरपोर्ट से मुंगेरी यादव को गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल जेल में बंद है। मुंगेरी यादव को सीसीए लगने पर जमानत मिलने के बाद भी जेल में रहना होगा।

# कांग्रेस ने नुक्कड़ नाटक कर महंगाई पर केंद्र की खिंचाई की



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देश में बढ़ती महंगाई के खिलाफ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस संगठन सशक्तीकरण अभियान के तहत शुक्रवार को दूसरे दिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चौपाल लगाकर नुक्कड़ नाटक कर महंगाई पर चर्चा की। संयोजक आलोक कुमार दूबे और वरिष्ठ कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। चाय की चुस्कियों के साथ चौकी बिछा कर चौपाल लगायी गयी और आमजनों के बीच मां शारदा संगीत संस्थान के कलाकारों द्वारा सर्वप्रथम नुक्कड़ नाटक पेश कर बढ़ती महंगाई को चित्रित किया गया। तत्पश्चात महंगाई को लेकर चर्चा में आम लोगों ने स्वतः आगे आकर केंद्र सरकार की जम कर आलोचना की। इस मौके पर आलोक कुमार दुबे ने कहा कि एक तरफ गरीबों से ट्रेनों में किराये के नाम पर तीन गुना वसूली की जा रही है, तो दूसरी तरफ रसूखदारों के करोड़ों का कोई हिसाब नहीं है। उन्होंने कहा कि डिजिटल ट्रांजैक्शन को बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार की जल्दबाजी का असर अब स्पष्ट होता जा रहा है। यह केवल जनता से लूट का एकमात्र जरिया है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लाल किशोरनाथ शाहदेव ने कहा कि अब आइआरसीटीसी ने यात्रियों का पर्सनल डाटा बेच कर एक हजार करोड़ कमाने का लक्ष्य रखा है, इससे ज्यादा शर्म की बात और क्या हो सकती है। महंगाई पर चर्चा में निप्पू कुमार, विनोद सिन्हा, अजय नायक, रंजीत महतो, अजय कुमार, विजय कुमार, सुनीता देवी, चित्रा कुमारी, संजय मुंडा मौजूद थे।

## मौसम : बंगाल की खाड़ी में दबाव का झारखंड पर असर

# रांची समेत कई जिलों में जमकर बारिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची समेत कई जिलों में शुक्रवार को बारिश हुई। मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक उत्तर-पश्चिम और उससे सटे उत्तर-पूर्वी बंगाल की खाड़ी पर दबाव बना हुआ है, जिससे राज्य के कई जिलों में बारिश होगी। ये दबाव बालासोर और सागर द्वीप समूह के बीच पश्चिम बंगाल और ओड़िशा तट को पार करने की संभावना है। भूस्खलन के बाद यह उत्तर ओड़िशा, पश्चिम बंगाल और झारखंड में पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा। यह दबाव उत्तर छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ता रहेगा और धीरे-धीरे कमजोर होगा। इसके कारण झारखंड में बारिश अच्छी होगी। पिछले 24 घंटे में राज्य में कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई है। कहीं-कहीं भारी वर्षा भी दर्ज की गयी है। सबसे अधिक वर्षा 88.0 पंचेत डीवीसी (धनबाद) में दर्ज की गयी है और सबसे अधिक उच्चतम तापमान 37.5 केवीके देवघर में दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 22.6 बोकारो (थर्मल) में दर्ज किया गया। पूर्वी सिंहभूम, सराईकेला-खरसावां, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग, कोडरमा जिले के कुछ भागों में शनिवार सुबह तक मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। मौसम को देखते हुए लोगों को आगाह किया गया है कि वे सतर्क और सावधान रहें। सुरक्षित स्थान में शरण लें। पेड़ के नीचे ना रहें। बिजली के खंभों से दूर रहें। किसान अपने खेतों में ना जायें और मौसम सामान्य होने की प्रतीक्षा करें।



# एपेक्स बेसिक्स के वेद वत्सल को मिला एक लाख का इनाम




**एवेक्य बेसिक्स ने प्रतिभाशाली बच्चों के बीच बांटी 3.50 लाख रुपये की इनाम राशि**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सिटी सेंटर क्लब रोड एपेक्स बेसिक्स का वार्षिक पुरस्कार समारोह उमंग मिलन पैलेस में पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अरुण उरांव, विशिष्ट अतिथि विजय बहादुर विजय, अरविंद सिंह, पंकज सिंह, विनोद कुमार, अरविंद सिंह और साइकोग्राफिक सोसाइटी के निदेशक विकास कुमार उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में ओलंपियाड और स्कूल की परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करनेवाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। डीपीएस रांची के वेद वत्सल - डीपीएस रांची को आइओक्यूजेएस में पूरे राज्य में टॉप करने के लिए 1 लाख रुपये का चेक और ट्रॉफी एपेक्स बेसिक्स की तरफ से दी गयी। मैथ्स ओलंपियाड में अंतरराष्ट्रीय रैंक 5 के लिए लोकेश रमन-डीपीएस रांची को 86000 रुपये दिया गया। झारखंड टॉप 100 में मैथ्स और साइंस ओलंपियाड में टॉप 100 में रहने वाले 12 बच्चों को कक्षा 10 के वेद वत्सल और अभिनव, कक्षा 9 की स्वस्तिका और सृष्टि, कक्षा 8 के अनाहत वत्सल, कक्षा 7 की वैष्णवी, कक्षा 6 के नितिन एवं श्रेष्ठ, कक्षा 5 की अदिति एवं रितिका को मोमेंटो और 21000 रुपये या 11000 रुपये इनाम मिला। स्कूल परीक्षा में मैथ्स और साइंस में 95 प्रतिशत से ज्यादा नंबर लानेवाले बच्चों को स्वर्ण पदक, 90 प्रतिशत से ज्यादा को रजत पदक और 85 प्रतिशत से ज्यादा अंक लानेवाले प्रतिनिधि को रजत पदक दिया गया। एपेक्स बेसिक्स की डायरेक्टर नूतन रश्मि ने बताया कि टोटल 3.5 लाख का इनाम बच्चों को दिया गया है। इस अवसर पर एपेक्स गुरुकुल की निर्देशक जयंती सिन्हा भी मौजूद रहीं।







## नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज को विस्तार न देने के फैसले का भाकपा ने किया स्वागत

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाकपा के राज्यसचिव सह पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने राज्य सरकार के नेतरहाट फायरिंग रेंज को विस्तार न देने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि यह जीत लंबे संघर्ष की जीत है, कम्युनिस्ट पार्टी की तरफ से सभी आंदोलनकारियों को बधाई दिया गया। पूर्व सांसद ने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी हमेशा से झारखंड के जल जंगल और जमीन की लड़ाई में झारखंड वासियों के साथ खड़ी है, झारखंड सरकार ने 239 गांव को उजाड़ने से और लाखों लोगों के विस्थापन और पलायन से बचाया है, भाकपा की तरफ से सरकार से मांग की गयी कि केंद्र सरकार के 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून को राज्य में सख्ती से लागू किया जाये। किसी भी तरह कोई भी भूमि अधिग्रहण न हो चाहे सरकारी या गैर सरकारी हो। मौके पर केडी सिंह और अजय सिंह मौजूद थे।

### प्रेस कांफ्रेंस कर झामुमो केंद्रीय महासचिव ने भाजपा पर साधा निशाना

# बिलकिस बानो गैंगरेप के दोषियों को रिहा करना भाजपा की सांप्रदायिक सोच का नतीजा : सुप्रियो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झामुमो केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वतंत्रता दिवस पर महिलाओं को सम्मान देने की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर उसी दिन गुजरात में भाजपा सरकार के द्वारा बिलकिस बानो गैंगरेप के दोषियों को रिहा कर दिया जाता है। ये बातें शुक्रवार को श्री सुप्रियो ने झामुमो के केंद्रीय कार्यालय में पत्रकारों से कहीं। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा की इसी सांप्रदायिक सोच का ही नतीजा है कि रामगढ़ के अलीमुद्दीन अंसारी के हत्यारों को



तत्कालीन केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा के द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया जाता है। यही है भाजपा की चाल और चरित्र की सच्चाई और इस कथित अमृत काल की हकीकत। उन्होंने कहा कि गुजरात सरकार के द्वारा बिलकिस बानो से गैंगरेप के दोषियों को छोड़े जाने पर केंद्र सरकार ने अब तक कोई वक्तव्य नहीं दिया। कोई ट्वीट नहीं आया। दंगाई, बलात्कारी और हत्यारों को गुजरात सरकार रिहा कर रही है। गुजरात सरकार का कहना है कि हमने अपने कानूनी प्रावधान के तहत यह किया है। जबकि सुप्रीम कोर्ट का सीधा कहना है और डायरेक्शन है कि हिलेरियस क्राइम जिसमें बलात्कार, हत्या और सांप्रदायिक दंगा में कभी भी सजा माफ नहीं हो सकती और उन्होंने तीनों चीज के आरोपियों को छोड़ने का काम किया है। इन लोगों को माफी देने का काम किया है।

### यूपीए विधायक दल की बैठक होनी है

वहीं सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि शुक्रवार को यूपीए विधायक दल की बैठक होनी है। इस बैठक में झारखंड में जारी सुखाड़ की स्थिति पर चर्चा की जायेगी। कोई राजनीतिक अस्थिरता नहीं है, जब से हेमंत सोरेन की सरकार बनी है, भाजपा उसे हर दिन गिराती है। लेकिन इसका सरकार की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ता।

## मुख्यमंत्री आज दही-हांडी प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**शाम 5 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा**

**रांची।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव समिति के तत्वावधान में 20 अगस्त को भव्य कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन सर्जना चौक पर आयोजित किया गया है। समिति के संरक्षक सांसद सेठ ने बताया कि 20 अगस्त की शाम 8 बजे झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दही हांडी प्रतियोगिता का उद्घाटन कर कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे। दही हांडी प्रतियोगिता में विजेता पुरुष गोविंदा को 71000 रुपये और महिला गोविंदा को 51000 रुपये की राशि दी जायेगी। वहीं समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि 20 तारीख को संध्या 5 बजे से



बनारस के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भजन प्रस्तुति की जायेगी। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर भव्य झांकी का प्रारूप तैयार किया गया है।

## स्कूलों के इस्लामीकरण पर झारखंड सरकार सख्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव राजेश शर्मा ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों और जिला शिक्षक अधीक्षकों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने राज्य के सरकारी स्कूलों में मिड डे मील के तहत कार्यरत 80 हजार महिला रसोइये का सत्यापन कार्य इसी महीने के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान शिक्षा सचिव ने कहा कि राज्य के सामान्य सरकारी स्कूलों का नाम बदलना, साथ ही रविवार की जगह शुक्रवार को छुट्टी देने जैसी लापरवाही नहीं होनी चाहिए। यदि किसी स्कूल से इस तरह की शिकायत आती है तो इस मामले में संबंधित लोगों के अलावा पदाधिकारियों पर भी कानूनी कार्रवाई होगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि स्कूलों की प्रार्थना में भी कोई बदलाव नहीं होना चाहिए।

गौरतलब है कि राज्य के करीब 400 से अधिक सामान्य स्कूलों के नाम के आगे उर्दू शब्द जोड़ दिया गया था, तो वहीं लगभग 500 से अधिक स्कूलों में रविवार की जगह शुक्रवार को छुट्टी दी जा रही थी। इसके बाद राज्य सरकार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पूरे राज्य में मामले की जांच करवायी थी।

## राज्य सरकार तुष्टीकरण की राजनीति बंद करे : भाजमो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड के सिरमा गांव में सामाजिक समरसता का हनन की निंदा की है। पार्टी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवार ने कहा कि राज्य सरकार तुष्टीकरण की राजनीति बंद करे और पीड़ित परिवार को न्याय दिलायें। दोषियों को प्रशासन अविलंब गिरफ्तार करे और कानूनी कार्रवाई करे। ताकि झारखंड में आपसी सौहार्द्र बिगड़ने ना पाये और आम जनता इस से दूर रहे। कहा कि पीड़ित परिवार डर के साये में जी रहा है। सरकार इन्हें सुरक्षा मुहैया कराये। राष्ट्रीय ध्वज का



अपमान करने वाले पर सख्त कार्रवाई हो। भारत सरकार एक ओर जहां महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम कर रही है वहीं दूसरी और राज्य सरकार राज्य की बहू बेटियों का समुदाय विशेष द्वारा अत्याचार करा रही है। भारतीय जनतंत्र मोर्चा इसका विरोध करती है समाज इसको बर्दाश्त नहीं करेगा।

## कृष्ण जन्माष्टमी पर जन्म लेले कन्हैया गाना हुआ लॉन्च

**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (कला एवं खेल प्रकोष्ठ) रांची महानगर के संयोजक और लोक गायक आशुतोष द्विवेदी का कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर जन्म लेले कन्हैया गाना शुक्रवार को लॉन्च हुआ। सांसद संजय सेठ ने पोस्टर का अनावरण एवं ऑनलाइन यूट्यूब पर गीत अपलोड कर के किया। इसके प्रोड्यूशर गोपाल सिंह, निदेशक साई कृपा, निर्माता प्रमोद राय, निर्देशक धीरज अग्रवाल, सह निर्देशक राज कुमार मंडल और संजय प्रमाणिक हैं। गीत ऋषभ सिंह और संगीत प्रमोद राय का है। यह जानकारी पीआरओ संजय पुजारी ने दी।

## पासवा ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती मनायी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिठौरिया।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) की ओर से भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को कांके रांची स्थित न्यू ऑक्सफोर्ड स्कूल बूढ़ाबागी में श्रद्धांजलि संकल्प दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया और स्कूली बच्चों के लिए चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। इस मौके पर भारत रत्न को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव



गांधी ने युवाओं को अधिकार देने और सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति के क्षेत्र में जो काम किया, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। राजीव गांधी जब युवा थे, तो उन्होंने युवाओं के सपने को समझा था और उसे पूरा करने और सामाजिक बदलाव में तकनीकी एवं संचार के महत्व को समझते हुए कई बड़े कदम उठाये थे। स्कूली बच्चों ने राजीव गांधी की उपलब्धियों को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया और संगीत के माध्यम से उनके कार्यों को याद किया। कार्यक्रम में रतन नाग, फैयाज खान, सलमान अंसारी, बरखा कुमारी, तबस्सुम खातुन, नुसरत परवीन, सलमा खातून,फरहा नाज, नुरुल्लाह अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## राष्ट्रपति से मिलीं आशा लकड़ा किसानों के हालात पर की चर्चा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री सह रांची की मेयर डॉ आशा लकड़ा ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति बनने के बाद उनसे पहली मुलाकात थी। इस दौरान झारखंड के विकास को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। साथ ही राज्य के किसानों के हालात पर भी राष्ट्रपति से चर्चा हुई। इसके बाद मेयर ने राष्ट्रपति को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं और बधाई दी।

## वैश्य मोर्चा की कोर कमिटी की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को रांची के रेडियम रोड स्थित आलोका सभागार में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने, वैश्य आयोग का गठन, वैश्य समाज पर हो रहे हमलों, हत्याओं पर रोक आदि मांगों को लेकर आंदोलन तेज करने, सदस्यता अभियान शुरू करने तथा सांगठनिक सुदृढ़ीकरण के मुद्दे पर रखी गयी थी। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू और संचालन प्रधान महासचिव बीरेंद्र कुमार ने किया। बैठक में विचार-विमर्श के बाद तय किया गया कि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण सहित अन्य मांगों को लेकर आंदोलन तेज किया जायेगा। संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रखंड और जिला स्तर पर सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से सुरेंद्र मित्तल (हरियाणा), कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहू, वरीय उपाध्यक्ष रामसेवक प्रसाद, संजीव चौधरी, केंद्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मण साहू, परशुराम प्रसाद, उप-प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु, केंद्रीय सचिव लखन अग्रवाल, गुड्डू साहा, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु, केंद्रीय सदस्य नंदकिशोर भगत, नवीन कुमार, महिला मोर्चा की कार्यकारी अध्यक्ष नम्रता सोनी, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहु, मुकेशलाल सिंदूरिया उपस्थित थे।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में शुक्रवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी मोहत्सव बड़े ही श्रद्धा सहित धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। श्री कृष्ण जन्म व बाल लीलाओं पर आधारित झांकियां इस अवसर पर प्रदर्शित की गयीं। अत्यंत कलात्मक चांदी के झूले पर विराजमान लड्डू गोपाल अत्यंत आकर्षण का केंद्र थे। रात्रि 12 बजे शंख ध्वनि नगाड़ों की आवाज के बीच श्री कृष्ण जन्म हुआ भक्तगण मस्ती में झूमने लगे। इस अवसर पर श्री भगवान को केसरिया माखन मिश्री, विभिन्न प्रकार के मिष्ठान, फल, मेवा, चॉकलेट का भोग



अर्पित किया गया। अंत में भक्तों के बीच प्रसाद वितरण के साथ आज के कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत, सुरेश चंद्र पोद्दार, चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, मनोज ढांढनीया, नितेश लाखोटिया, जीतेश अग्रवाल, महेश शर्मा, नितेश केजरीवाल, शिवरतन बियानी, अजय साबू का विषेश सहयोग रहा।

## 'शिक्षकों को केवल शैक्षणिक कार्य तक सीमित रखे सरकार'

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नहीं तो झारखंड के सरकारी शिक्षा चौपट होना तय : प्रगतिशील शिक्षक संघ**

**रांची।** झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू, प्रदेश महासचिव बलजीत कुमार सिंह ने कहा कि सरकार राज्य के सभी कार्य शिक्षकों से कराना चाहती है। जिन कार्यों के लिए शिक्षकों की बहाली हुई है, उन कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने नहीं होने दे रही है। आये दिन नये-नये पत्र निर्गत किये जा रहे हैं। वर्तमान में मुख्य सचिव झारखंड के पत्रांक 1768 दिनांक 17 मार्च 2022 के आलोक में कक्षा 1 से 12 तक के सभी छात्र छात्राओं को अभियान चलाकर जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने का निर्देश प्राप्त है। अब शिक्षकों को जाति प्रमाण पत्र बनाने का भी कार्य दिया जा रहा है, जबकि शिक्षक मुख्य रूप से शिक्षण के लिए उत्तरदायी हैं। जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने का कार्य प्रखंड में कार्यरत कर्मचारी की अनुशंसा पर प्रखंड से या अनुमंडल के स्तर से निर्गत होता है। इस कार्य में खतियान से लेकर वंशावली तक सभी को मुखिया के स्तर से जांचा जाता है। अब यही कार्य शिक्षक करेंगे तो फिर शिक्षण के लिए शिक्षकों को समय का अभाव होगा ।

### श्रद्धा : पूरे दिन मंदिर में लगा रहा भक्तों का तांता, मंदिर को फूलों से सजाया गया

# हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर जन्म उत्सव मनाया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हरे रामा हरे रामा हरे कृष्णा हरे कृष्णा की धुन से शुक्रवार प्रातः से ही हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। प्रातः 5:00 बजे मंदिर खुलते ही भक्तगण श्री श्याम सरकार का दर्शन करने मंदिर आने लगे थे। प्रातः 5:30 बजे मंगला आरती, 8:30 बजे श्रृंगार आरती और दोपहर 12:15 बजे भोग व संघ आरती के बाद मंदिर के पट बंद कर दिये गये। सांय 4:30 बजे मंदिर के पट खुलते ही बरसात में भी भक्तों की कतारें लगती रहीं। संध्या 7:00 बजे ग्वाल आरती व 8:00 बजे भोग प्रार्थना के बाद विभिन्न अनुष्ठान के लिए पट बंद कर दिये गये। भगवान श्री कृष्ण की 5247 वीं जयंती के अवसर पर श्री श्याम मंदिर परिसर का कोना कोना हरे पत्तों फूलों फलों से सजाया गया। जगह-जगह कृष्ण लीला की छवि लगायी गयी थी। रोशनी की जगमगाहट से पूरा मंदिर



जगमग जगमग कर रहा था। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नरसरिया ने बताया कि श्री श्याम मंदिर में पहली बार बड़े पैमाने पर हरियाली सजावट से मंदिर को सजाया गया। रंग-बिरंगे बैलून से भी मंदिर को सजाया गया। मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा झारखंड के प्रमुख आचार्य अनूप दाधीच के सानिध्य में मंदिर के आचार्य जनों के साथ खाटू नरेश व लड्डू गोपाल को महास्नान कराया गया। गंगाजल, दूध ,दही, शहद, चीनी, जल आदि के मिश्रण से स्नान कराकर मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को केसरिया वस्त्र पहनाया गया। सभी जगह केसरिया पर्दा भी लगाया गया। सुगंधित इत्र से खाटू नरेश का विशेष मसाज किया गया। लाल गुलाब की मोटी मोटी मालाओं से खाटू नरेश सहित देवी देवताओं का श्रृंगार किया गया। पूरा मंदिर गुलाब फूल की सुगंध से महक रहा था। संपूर्ण श्रृंगार व्यवस्था मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया मुख्य अतिथि व झारखंड सम्मेलन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बसंत मित्तल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने अंग वस्त्र पहना कर अतिथि गणों का स्वागत अभिवादन किया। श्रृंगार सेवा मंडल के सदस्य रहे स्वर्गीय सुशील लोहिया की स्मृति में शारदा लोहिया, उत्कर्ष लोहिया ने निवेदित की। प्रसाद पंचमेवा व सभी ग्रहों के वस्त्र सेवा सुरेश धरणीधरका अलका धरणीधरका 501 सेव फल सेवा सुनील वर्मा, केसरिया माखन भोग सेवा अन्नपूर्णा स्वाति सरावगी ने निवेदित की। भक्त जनों को मंदिर में निर्मित प्रसाद तथा पंजीरी, बदाम बर्फी, अजवाइन बर्फी, नारियल लड्डू, का प्रसाद सेवफल, केसरिया माखन भोग, पंचामृत विभिन्न प्रकार के टॉफी, कैडबरीज, वैफर्स , का वितरण किया गया। रात्रि 8:00 बजे से 4 घंटे का अद्वितीय भजन संकीर्तन का कार्यक्रम हुआ। मंदिर के सर्वश्री श्रवण ढानढनिया, गौरव अग्रवाल, पवन शर्मा, मदन सोनी, तनय काठपाल सलज अग्रवाल, साकेत ढानढनिया ने भजनों का गायन प्रारंभ किया। इसके बाद श्याम बाबा के लोकप्रिय भजनों के गायक कोलकाता के श्री संदीप सुल्तानिया व कोलकाता की श्रीमती निशा सोनी ने एक से एक बढ़कर नए पुराने भजनों से बाबा के दरबार में भक्तों को गाकर रिझाकर नचाया। रात्रि 12 बजते ही मंदिर के पट खुलते ही पूरा मंदिर परिसर जय जयकारों से गूंज उठा । महाआरती की गयी । जन्म उत्सव मनाया गया। लड्डू गोपाल को झूला झुलाया गया। रात्रि 12:50 बजे शयन आरती के बाद मंदिर के पट बंद कर दिये गये। सुरेश सरावगी, विश्वनाथ नर्सरिया, श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, गौरव अग्रवाल मोनू ,अनिल नारनौली, राजीव मित्तल, अनुज मोदी, स्नेह पौदार, रतन शर्मा, संजय सराफ, विकास मोदी, प्रदीप मोदी ,आशीष डालमिया, मीरा अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सोनू, निखिल नारनौली, रोशन खेमका, विशाल पोद्दार, किशन शर्मा, रमा सरावगी, कविता मित्तल, स्नेहा पोद्दार , अन्नपूर्णा सराओगी, स्वाति सराओगी, आदि ने अपना सहयोग दिया गया। यह जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी ।

## एक घंटा की बारिश से कई फीट पानी जमा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**निगम की लापरवाही से शहर का सबसे बड़ा जन्माष्टमी महोत्सव परेशानी में**

**रांची।** जन्माष्टमी का पर्व और लक्ष्मीनारायण मंदिर जहां शहर का सबसे भव्य आयोजन होता है, उसका परिसर और आसपास का क्षेत्र इस कदर जलमग्न हो गया है कि आयोजन समिति के साथ साथ भक्त भी नगर निगम की लापरवाही से सख्त नाराज दिखे। शुक्रवार को मात्र एक घंटा की बारिश में सेवा सदन अस्पताल से लेकर, माहेश्वरी भवन, लक्ष्मीनारायण मंदिर, बंशीधर अडूकिया रोड और आसपास का क्षेत्र पूरी तरह गंदे पानी से जलमग्न हो गया और नारकीय स्थिति पैदा हो गयी। आयोजन समिति की ओर से निगम में कई बार इसकी शिकायत की गयी और हर बार भरोसा मिला, पर इस समस्या के निवारण के लिए ना तो कोई योजना बनी ना ही कोई कदम उठाया गया।

# दागी नुमाइंदे

राजनीति में आपराधिक छवि वाले या किसी अपराध के आरोपों का सामना कर रहे लोगों को जनप्रतिनिधि बनाये जाने के सवाल पर शायद ही कोई नेता इसके खिलाफ राय जाहिर नहीं करते। लेकिन अक्सर ऐसी राय या राजनीति को अपराध की छवि से मुक्त करने के दावे की हकीकत सामने आ जाती है जब किसी राज्य या केंद्र में सरकार गठन का मौका आता है। बिहार में नीतीश कुमार को एक ऐसे नेता के तौर पर जाना जाता है जिन्होंने राज्य में अपराध के खात्मे की घोषणा के बूते ही अपने राजनीतिक कद को ऊंचा किया। लेकिन इस तरह के वादों और दावों की असली परीक्षा उन्हें जमीन पर उतारने के वक्त होती है। हाल ही में भाजपा से गठबंधन तोड़ कर नीतीश कुमार ने राज्य में राजद और अन्य सहयोगी दलों के साथ मिल कर नयी सरकार बनायी। इसके बाद जब मंत्रिपरिषद के गठन का मसला आया तो यह उम्मीद की गयी कि वे अपनी छवि के मुताबिक फैसले लेंगे और ईमानदार लोगों को मंत्री बनायेंगे। लेकिन उसमें मंत्री बनाये गए कुछ विधायकों के अतीत और वर्तमान को लेकर जैसा विवाद खड़ा हो गया है, वह शायद खुद नीतीश कुमार के लिए भी सुविधाजनक नहीं होगा। दरअसल, बिहार में नयी सरकार में जिन लोगों को मंत्रीमंडल में शामिल किया गया है, उनमें से कई पर लगे आरोपों के बाद एक बार फिर इस सवाल ने जोर पकड़ा है कि जो लोग राजनीति को अपराधीकरण से मुक्त बनाने की बात करते हैं, वे हर बार मौका मिलने पर निराश क्यों करते हैं। इस बार सबसे ज्यादा सुर्खियों में बिहार सरकार में कानून मंत्री बने कार्तिकेय सिंह हैं, जो राजद के विधायक हैं। मंगलवार को उन्हें पटना के दानापुर में अदालत के सामने समर्पण करना था, मगर वे राजभवन में शपथ लेने पहुंच गए। गौरतलब है कि 2014 में कार्तिकेय सिंह सहित सत्रह अन्य लोगों पर पटना के बिहटा थाने में अपहरण का मामला दर्ज कराया गया था। कार्तिकेय सिंह पर आरोप है कि उन्होंने एक बिल्डर को मारने के मकसद से अपहरण की साजिश रची थी। सवाल है कि क्या नीतीश कुमार अपने ही दावों को लेकर वास्तव में गंभीर हैं? हालत यह है कि बिहार की मौजूदा सरकार में जितने विधायकों को मंत्री बनाया गया है, उनमें से बहत्तर फीसद के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। गैरसरकारी संगठन एसोसिएशन आफ डेमोक्रेटिक रिसर्च की ताजा रिपोर्ट में यह बताया गया है कि तेईस मंत्रियों ने अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी दी है। इनमें सत्रह मंत्रियों के खिलाफ गंभीर अपराधों का धाराएं लगी हुई हैं। विचित्र है कि कई बार गंभीर अपराधों की धाराएं लगी होने के बावजूद यह सफाई पेश की जाती है कि संबंधित विधायक या सांसद के खिलाफ मुकदमा राजनीतिक कारणों से किया गया था। अगर किसी हत्या, अपहरण या अन्य संगीन अपराधों में कोई व्यक्ति आरोपी है तो उसे राजनीतिक बताकर क्या हासिल करने की कोशिश की जाती है? क्या इसी नुक्ते का फायदा उठा कर कई बार हत्या या बलात्कार जैसे अपराधों का कोई आरोपी विधायक-सांसद या फिर मंत्री नहीं बन जाता है? इस तरह की रियायत बरतने के बाद नीतीश कुमार के उन दावों की क्या विश्वसनीयता रह जाती है कि वे बिहार को अपराध और भ्रष्टाचार से मुक्त कराएंगे?

**बिहार में नयी सरकार में जिन लोगों को मंत्रीमंडल में शामिल किया गया है उनमें से अधिकतर पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।**

**जिसको दिल से चाहते थे टूट के प्यार करते थे। चुनौतियों से भी प्यार करते थे। ठान ली तो रांची को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के मानचित्र पर स्थापित कर दिया। टेस्ट मैच भी आयोजित हुआ और अब कोलकाता के ईडेन गार्डन के बाद यह पूर्वी क्षेत्र का सबसे बेहतरीन सुविधाओं से लैश क्रिकेट स्टेडियम बन चुका है। आइआइटीयन कई होंगे, आइपीएस अफसर कई होंगे, क्रिकेट प्रशासक भी कई होंगे लेकिन अमिताभ चौधरी में तीनों की सर्वश्रेष्ठ श्रेणियों का सर्वश्रेष्ठ मिश्रण था, जो शायद फिर कभी नहीं होगा।**

# झारखंड ने एक रत्न खोया है जो शायद अब दुबारा नहीं मिले



**कुणाल षाड़ंगी**

तारीख थी 12 मार्च और साल था 1999, तब झारखंड का पूरा क्रिकेट जमशेदपुर तक सीमित होता था। कीनन स्टेडियम में भारत और साउथ अफ्रीका के बीच एक दिवसीय क्रिकेट मैच आयोजित हुआ था। सौरव गांगुली ने 105 रन बनाये और भारत को छह विकेट से जीत दिलायी थी। हर किशोर की तरह क्रिकेट के प्रति मेरी दीवानगी थी और जमशेदपुर के उस छोटे से स्टेडियम में शॉन पोलक को करीब से देखने की इच्छा हम तीन दोस्तों को स्टेडियम तक खींच लायी थी।

झारखंड बना नहीं था और बिहार क्रिकेट एसोसिएशन से क्रिकेट संचालित होता था। उस समय के एक बड़े राजनेता के पुत्र से मेरे एक दोस्त का परिचय था और किसी तरह हमें नौरोजी पवेलियन में एंट्री मिल गयी। एक साधारण लेकिन अति उत्साहित क्रिकेट फैन की तरह वीआईपी दर्शक दीर्घा में पहली पंक्ति में बैठकर मैच देखना चाहता था लेकिन यह कैसे होगा नहीं पता था। उस पहली कतार में हर सीट पर चिपके कागज पर उस पर बैठने वाले के ओहदे को दर्शाया गया था। मैच शुरू होने के काफी देर तक जब मुख्य सचिव व टाटा स्टील के प्रबंध निर्देशक वाली कुर्सी बहुत देर तक खाली दिखी तो बहुत हिम्मत करके एक व्यक्ति जिसने एक बड़ा सा बीसीए का बैज डाला हुआ था उसके पास जाकर मैंने पूछा कि क्या मैं उस कुर्सी पर बैठ सकता हूं? उन्होंने मुझे ऊपर से नीचे तक देखा और ठहाका लगाते हुए कहा कि सीधे मैच खेलने के लिए ग्राउंड पर भेज दूं, फिर धीरे से कान में बोले जाओ बैठ जाओ जब तक कोई आ नहीं जाता है। ऐसे थे अमिताभ चौधरी। बिलकुल खुला व सपाट दिल और खेल, खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों के लिए गजब का जुनून। पहली मुलाकात से ही सबको अपना फैन बना देते थे। जितने कठोर बाहर से दिखते थे उतने ही नर्म अंदर से थे। कॉलेज के दौरान, उसके बाद भारत और विदेशों में पढ़ाई व नौकरी करने के दौरान जब भी रांची आना होता था उनसे मिलने की कोशिश करता था। हमेशा खुद से ही रेस और खुद से ही जीतने की कोशिश। जब 2013 जनवरी में जब मुझे हार्वर्ड विश्वविद्यालय से चयन होने का ई मेल मिला तो माता-पिता के बाद मैंने उन्हें बताया था। जनवरी 2013 में रांची में पहले वनडे मैच की तैयारी की व्यस्तताओं के बावजूद मुझे बोले तुम्हारी सफलता पर आज का लंच मेरी तरफ से। बोलते थे बॉस्टन में टी पार्टी का इतिहास बड़ा रोचक है और बताते थे कि लॉड्र्स ग्राउंड में सचिन कौन से अंधविश्वास वाले कारण से एक विशेष जगह बैठते थे पैड अप करके। किसी भी विषय पर गजब की पकड़ और धारा प्रवाह बोलने की प्रतिभा। अपने कर्तव्य के प्रति गजब की ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ निडर होकर नियमों का पालन करवाना। कई वर्षों तक उनके साथ जेएससीए सदस्य के रूप में काम करने का मौका मिला। जब भी मैच होते थे तो फ्री वाले पास के लिए जो चौतरफा जवाब आता था तो धीरे से बोलते थे कि मेरा नंबर दे दीजिएगा। एक मैच में उस समय के राज्य सरकार के एक मंत्री अपने अंगरक्षकों के साथ जबरदस्ती स्टेडियम में प्रवेश कर गये। उस समय के पुलिस के एक वरीय पदाधिकारी सह जेएससीए सदस्य और मेरे साथ मंत्री जी की तीखी बहस हुई और मंत्री जी ने सबको देख लेने की धमकी दी। अमिताभ चौधरी ने हम लोगों का साथ दिया और मंत्री जी से कहा कि आप जो चाहे कर सकते हैं लेकिन स्टेडियम के अंदर के नियम सबके लिए बराबर हैं।

**ऐसे थे अमिताभ चौधरी। बिलकुल खुला व सपाट दिल और खेल, खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों के लिए गजब का जुनून।**




**जेएससीए का आजीवन सदस्य होने की क्षमता में एक दिल की इच्छा है कि उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए एक छोटी पहल जेएससीए स्टेडियम का नाम उनके नाम पर किया जाये और पद्मश्री के लिए उनके नाम की अनुशंसा राज्य सरकार करे। झारखंड ने एक रत्न खोया है जो शायद अब दुबारा नहीं मिले।**

उसके बाद कई सालों तक आईपीएल और कई अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की मेजबानी रांची को मिली जिसका पूरा श्रेय अमिताभ चौधरी को जाता है। अनुशासन के मामले में कोई समझौता नहीं। स्टेडियम में लगी हर ईंट से व्यक्तिगत व भावनात्मक रिश्ता था। जब मैच के दौरान हम सबको एक्रेडिशन पास मिलता था तो बोलते थे कोई भी एक्रेडिशन कार्ड होल्डर पांच मिनट से ज्यादा बैठे हुए नहीं दिखना चाहिए। हम लोगों के लिए खुद मैच देखने से अतिथियों को मैच का आंनद दिलवाना ज्यादा महत्वपूर्ण है। कई डायमंड व प्लेटिनम पार्लर के पास पर वीआईपी अपने घर के नौकरों या स्टाफ को भेज दिया करते थे। पास का गलत इस्तेमाल करने वालों को एक कड़ा संदेश देने के लिए अमिताभ चौधरी ने एक अनूठा तरीका निकाला। वैसे सभी लोगों की मैचों के दौरान ली गई तस्वीर स्टेडियम में लगा दी गई ताकि उन्हें अपने पास पर भेजने वालों तक यह संदेश पहुंच सके। ग्रामीण इलाकों में क्रिकेट के भविष्य को लेकर हमेशा गंभीर रहते थे। पूर्वी सिंहभूम जिले में जमशेदपुर में क्लब क्रिकेट होती थी लेकिन ग्रामीण इलाकों में क्रिकेट टेनिस बॉल तक ही सीमित था। पेशेवर ड्यूज बॉल क्रिकेट के लिए युवाओं को तैयार करने के लिए 2007-2008 तक 11 प्रखंडों की टीमें बनाकर सुदूरवर्ती इलाकों में विजय बोस टूर्नामेंट शुरू करवाया। लेकिन कुछ वर्षों में यह प्रयास भी नाकाफी लगा तो टूर्नामेंट से निकले खिलाड़ियों को स्थायी मंच देने के लिए जमशेदपुर की क्लब लीग में ग्रामीण इलाकों की टीम में से सर्वश्रेष्ठ टीमों को रूरल ग्रीन और रूरल ब्लू के नाम से खेलवाने की व्यवस्था करवायी।

हर भारतीय क्रिकेट प्रेमी का सपना होता है विश्व कप का फाइनल या विश्व कप में भारत पाकिस्तान का मैच लाईव देखना। 2019 में लंदन और 2021 में दुबई दोनों जगह मैच के एक हफ़्ते पहले मैंने अनुरोध किया कि संयोगवंश मैच की तारीख के आसपास आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेने जाना था तो मैंने उनसे कहा कि मैं मैच देखना चाहता हूं अगर संभव हो सके। कभी भी झूठे वादे नहीं करते थे और अगर बोल दिया तो बोल दिया। बीसीसीआई के प्रतिनिधि भी अमिताभ जी के जबरा फैन थे। लंडन में जब बीसीसीआई अधिकारी मर्लिन से मुलाकात हुई तो पूछी आप क्या लगते हो अमिताभ सर के? तीन बार फोन कर चुके हैं कुणाल को सबसे अच्छी श्रेणी वाली टिकट भेज देना। दुबई के भारत-पाकिस्तान मैच में कोविड प्रोटोकॉल के चलते टिकट ई-मेल पर ही आते थे। क्यू आर रोड की जानकारी बच्चों को भी है कि अगर लीक हो गया तो कोई भी स्कैन कर लेगा लेकिन छोटी छोटी चीजों का इतना ख़्याल रखते थे कि फोन पर बोले थे जोश में आकर टिकट से दूसरों को जलाने के चक्कर में क्यू आर कोड सोशल मीडिया पर मत डाल देना वरना मैच कोई और देख लेगा।

जिसको दिल से चाहते थे टूट के प्यार करते थे। चुनौतियों से भी प्यार करते थे। ठान ली तो रांची को अंतराष्ट्रीय क्रिकेट के मानचित्र पर स्थापित कर दिया। टेस्ट मैच भी आयोजित हुआ और अब कोलकाता के ईडेन गार्डन के बाद यह पूर्वी क्षेत्र का सबसे बेहतरीन सुविधाओं से लैश क्रिकेट स्टेडियम बन चुका है। आईआईटीयन कई होंगे, आईपीएस अफसर कई होंगे, क्रिकेट प्रशासक भी कई होंगे लेकिन अमिताभ चौधरी में तीनों की सर्वश्रेष्ठ श्रेणियों का सर्वश्रेष्ठ मिश्रण था, जो शायद फिर कभी नहीं होगा। जेएससीए का आजीवन सदस्य होने की क्षमता में एक दिल की इच्छा है कि उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए एक छोटी पहल जेएससीए स्टेडियम का नाम उनके नाम पर किया जाए और पद्मश्री के लिये उनके नाम की अनुशंसा राज्य सरकार करे। झारखंड ने एक रत्न खोया है जो शायद अब दुबारा नहीं मिले। **(लेखक : पूर्व विधायक सह जेएससीए के आजीवन सदस्य हैं)**

## जमशेदपुर की खबरें

# अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी संजय कुमार ने विभिन्न क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुनकर हरसंभव मदद का दिया आश्वासन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी संजय कुमार ने विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर रामलीला मैदान में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। विगत दो दिन पूर्व रामलीला मैदान से अतिक्रमण हटाया गया था। फिलहाल टाटा स्टील के द्वारा सौंदर्यीकरण कार्य किया जा रहा है। विशेष पदाधिकारी निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुनकर हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। वहीं स्थानीय लोगों के बीच फैली भ्रांति को भी उन्होंने वार्ता के दौरान समाधान निकालने का भरोसा दिलाया। वहीं धातकीडीह तारापोर स्कूल के बगल में स्थित सामुदायिक भवन का एक व्यक्ति के द्वारा कब्जा कर खटाल संचालन किया जा रहा है। इसकी सूचना प्राप्त होने पर उन्होंने स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान सामुदायिक भवन से अवैध कब्जा खाली करने का निर्देश दिया। वहीं सोनारी स्थित सिद्धू कानू बस्ती में सड़क के किनारे खाली स्थान पर भारी मात्रा में स्थानीय लोगों के द्वारा कचरा फेंकने के कारण गंदगी का अंबार लगा हुआ पाया गया। जिस पर उक्त क्षेत्र के सफाई कार्य के संवेदक को कार्य में प्रगति लाने एवं नियमित सफाई के लिए आदेश दिया। दो दिन के अंदर सफाई करने के उपरांत ब्लीचिंग छिड़काव का दिया निर्देश दिया। दूसरी ओर कार्मेल स्कूल के पास खाली मैदान में भी गंदगी को साफ करने का निर्देश दिया। स्थानीय लोगों से घर घर का कचरा उठाव वाले वाहन में ही कचरा देने की अपील की। अन्यथा चिन्हित लोगों पर झारखंड नगरपालिका अधिनियम के तहत करवाई करते हुए जुर्माना भी वसूला जाएगा।

# भारतीय रिटेल व्यापार वैश्विक बहुराष्ट्रीय कंपनियों और बड़ी कंपनियों का बंधक : कैट

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। छोटे खुदरा, कॉर्पोरेट खुदरा, ई-कॉमर्स और डायरेक्ट सेलिंग सहित चार प्रमुख वर्टिकल वाले भारत के खुदरा व्यापार का तेजी से विस्तार हो रहा है। लेकिन डाईरेक्ट सेलिंग को छोड़कर, इस सेक्टर के लिए किसी भी नीति या दिशानिर्देशों के अभाव में भारतीय रिटेल क्षेत्र वैश्विक बहुराष्ट्रीय कंपनियों और बड़ी कंपनियों के लिए एक खेल का मैदान बन गया है। ये अपनी कुरीतियों और डीप डिस्कोउंटिंग जैसी घातक नीतियों के सहारे अपना एकाधिकार जमाने मे कामयाब रहे है, जिससे देश के छोटे व्यापारियों द्वारा सही तरीके से व्यवसाय करने की संभावनाओं को गहरा आघात लगा है। इन कंपनियों के अनियंत्रित व्यावसायिक व्यवहार के कारण अब तक एक लाख से अधिक दुकानें, जिनमें से प्रमुख रूप से मोबाइल व्यापार है, बंद हो गयी हैं और दुख की बात है कि उनके व्यावसायिक आचरण को रोकने के लिए कोई प्रभावी तंत्र नहीं है।

देश में कानून की प्रक्रिया इतनी धीमी है जो स्वदेशी रिटेल व्यापार के साथ न्याय करने में विफल रही है। अगर हमें छोटे व्यापारियों और खुदरा व्यापार को लोकतांत्रिक तरीके से काम करना है, तो सभी कार्यक्षेत्रों के लिए एक व्यापक नीति और सभी चार कार्यक्षेत्रों पर व्यापार गतिविधियों की निगरानी के लिए एक नियामक प्राधिकरण की तत्काल आवश्यकता है। ये कहना है कॉन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) का जिसने आज केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से विदेशी निवेश वाली बहुराष्ट्रीय कंपनियों और बड़ी कंपनियों के छोटे व्यापारियों के कारोबार को और अधिक नुकसान पहुंचाने से पहले तत्काल प्रभावी कदम उठाने का आग्रह किया। बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के कारण प्रमुख रूप से मोबाइल व्यवसाय की 1.5 लाख से अधिक छोटी दुकानें बंद कर दी गयी हैं जो कि गंभीर चिंता का विषय है।

# टाटा स्टील के कोक प्लांट में रक्तदान शिविर आयोजित, 215 यूनिट रक्त संग्रहित



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील के कोक प्लांट जेडीसी की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर टाटा वर्कर्स यूनियन के सारे 11 पदाधिकारी मौजूद थे। इस रक्तदान शिविर में कुल 215 यूनिट रक्तदान किया गया। इस मौके पर टाटा वर्कर्स यूनियन के कोषाध्यक्ष हरिशंकर सिंह ने रक्तदान किया। मौके पर टाटा स्टील के कोक प्लांट के जेडीसी चेयरमैन विभाष शुक्ला और वाइस चेयरमैन कोक प्लांट के चीफ रंजन सिंह ने संयुक्त रूप से सारे आगंतुकों का स्वागत किया। आपको बता दें कि कोक प्लांट बड़ा विभाग है, जहां इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने रक्तदान को लेकर अपना उत्साह दिखाया है। इस दौरान काफी कर्मचारी किसी न किसी कारण से रक्तदान नहीं कर सके, वैसे कई लोग आगे भी रक्तदान करेंगे, ऐसा इंट्री की गयी है। रक्तदान शिविर में धन्यवाद ज्ञापन एचआर के अधिकारी आयुष सिन्हा ने दिया।

# सिदगोड़ा में अपराध की योजना बनाते देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर के सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में अपराध की योजना बनाते हुए सिदगोड़ा पुलिस ने मनीफीट निवासी युवक शुभम नायडू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से देसी कट्टा बरामद किया है। पुलिस ने उक्त युवक को न्यू बारीडीह एरिया से गिरफ्तार किया, जहां वह अपने साथियों के साथ अपराध की योजना बना रहा था। इसी बीच पुलिस वहां पहुंची तो वह दौड़कर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसको धर दबोचा। इसके बाद पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से देसी कट्टा को बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि वह लूट की घटना को अंजाम देने के फिराक में था। इसी दौरान पुलिस वहां पहुंच गयी, जिसको गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने मामले की जांच की और उससे पूछताछ की। सिदगोड़ा थाना प्रभारी रंजीत कुमार ने बताया कि बाइक से वह कई अपराध कर चुका था। पुलिस उसका आपराधिक इतिहास पता लगाने की कोशिश कर रही है।

# एमजीएम अस्पताल के पार्किंग स्थल के पास मिली महिला की लाश

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** एमजीएम अस्पताल की पार्किंग में शुक्रवार को एक बुजुर्ग महिला की लाश मिली है। अस्पताल कर्मियों के मुताबिक उक्त महिला भीख मांग कर गुजर-बसर करती थी और पार्किंग में ही रहती थी। मृतका की पहचान नहीं हो पायी है। लाश के सड़ जाने से दुर्गंध भी आ रही है। अस्पताल प्रबंधन की ओर से मामले की जानकारी साकची पुलिस को दी गई है।

# जनता की मांग पर पंचायत क्षेत्र में शुद्ध पेयजल सुविधा उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता : मंगल कालिंदी

**विधायक अपने फंड से पेयजल के लिए दो पानी टैंकर की व्यवस्था की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विधायक मंगल कालिंदी ने पहल शुरू कर दी। शुक्रवार को जन्माष्टमी के अवसर पर विधायक मंगल कालिंदी ने परसुडीह के सरजामदा सेंटर परिसर में विधायक फंड से पांच पांच हजार लीटर के दो पानी टैंकर का नारियल फोड़कर व पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया।

मौके पर विधायक ने कहा एक जनप्रतिनिधि होने के नाते क्षेत्र की जनता की सुविधा के लिए शुद्ध पेयजल की उत्तम व्यवस्था करना पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा टैंकर के माध्यम से परसुडीह के आसपास पंचायतों मे सरजामदा, बारीगोडा, राहगोडा पंचायतों में निःशुल्क पानी की आपूर्ति की जाएगी। पंचायत क्षेत्रों में श्राद्ध कर्म एवं शादी में पानी की घोर समस्याएं उत्पन्न होती थीं। जिसे देखते हुए टैंकर की व्यवस्था कराई गई। साथ ही अन्य कार्य में भी उपयोग किया जाएगा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सागेन पूर्ति, मिथुन चक्रवर्ती, मुखिया नागी मुर्मू, जितेंद्र सिंह, प्रवीण ढाली, झामुमो प्रखंड कोषाध्यक्ष मनोज नहा, जिप प्रत्याशी सोमादेवी, नितिन हांसदा, पुनू कर्मकार, अजीत महतो, शिबू ओझा, सोम बाबू, शंकर पात्रो, विमल पाल, अविनाश उपाध्याय, अनूप चक्रवर्ती, होपन सरदार, विश्वनाथ साहू, गुरुप्रसाद दास, अमन कर्मकार, रंजीत प्रसाद, सौरव शर्मा, सूरज श्रीवास्तव,माणिक चंद्र महतो, राकेश चक्रवर्ती, तरूण पाल, ज्ञान राज, प्रेम तिवारी, सिताराम बाउरी एवं अन्य क्षेत्र के ग्रामीण रहे उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर प्रतियोगिता का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के अलग-अलग क्षेत्र में श्री कृष्णा जन्माष्टमी हर्ष उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। गुरुवार शाम से ही बारीडीह विजय गार्डन के महिलाओं ने श्री कृष्ण के जन्मदिन मनाने के लिए भव्य आयोजन किया। विजय गार्डन दुगार्पूजा मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कॉलोनी के छोटे-छोटे बच्चों में श्री कृष्ण का रूप देखने को मिला।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कमेटी के सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन कमेटी के मिता पाल,जोती सिन्हा,ज्योत्स्ना सिंह सहित अन्य महिलाओं के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर विजय गार्डन के छोटे बच्चे राधा कृष्णा प्रतियोगिता,रैंप वॉक,डांस प्रतियोगिता, गीत प्रतियोगिता यशोदा मैया कन्हैया के साथ डांस के अलावा अन्य कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया। सभी प्रतिभागी श्री कृष्ण का अलग-अलग रूप धारण कर कला की प्रस्तुति कर भव्य प्रदर्शन किया। कमेटी के द्वारा सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर बच्चों और उनके माता पिता का मनोबल बढ़ाया गया। कार्यक्रम के दौरान विजय गार्डन के लोगों के बीच रात्रि भोजन का आयोजन किया गया। महिला कमेटी के द्वारा श्री कृष्ण भगवान के जन्मदिन के अवसर पर एकत्रित होकर हर्ष उल्लास के साथ केक काट कर जन्मदिन मनाया गया। मौके पर छोटे-छोटे बच्चे स्टेज पर कृष्ण भगवान का रूप धारण कर गीत प्रस्तुत की।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 20 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com


## श्री कृष्ण जन्माष्टमी का भव्य आयोजन हुआ



**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री माहेश्वरी सभा ने सेवा सदन पथ स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे मंदिर परिसर को आजादी के अमृत महोत्सव की थीम पर तिरंगे के रंग की तरह भव्य रूप से सजाया गया। रात्रि 8 से 9 बजे तक भगवान श्री कृष्ण और राधा के बाल स्वरूप में आये छः महीने से लेकर छः वर्ष तक के सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। रात्रि 9 बजे से 12 बजे तक भजन गायकों ने भजन गाकर मंदिर प्रांगण को भक्तिमय कर दिया। भजन गायकों ने अपने भजनों से भक्तों को कृष्ण भक्ति में मग्न कर दिया। कलकत्ता से आये कलाकारों ने भगवान कृष्ण की लीला पर मनमोहक नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। रात्रि 12 बजे भगवान कृष्ण के प्रकटीकरण के बाद महा आरती का आयोजन किया गया । उसके बाद भक्तों के बीच श्री कृष्ण जन्माष्टमी के विशेष प्रसाद का वितरण किया गया। मीडिया प्रभारी रश्मि मालपानी में बताया कि माहेश्वरी समाज के तीनों संगठन सहित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। इस आयोजन में श्री माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष शिव शंकर साबू, सचिव नरेंद्र लखोटिया, महिला समिति की अध्यक्षा विजयश्री साबू, युवा संगठन के अध्यक्ष सौरभ साबू, सचिव अंकुर डागा, किशन साबू, ओमप्रकाश बोड़ा, बासुदेव भाला, बसंत लखोटिया, रमन बोड़ा, मनोज कल्याणी, मनोज काबरा दामा, पंकज साबू, शारदा लड्ढा, कैलाश सोमानी, अजय शंकर साबू, श्याम बिहानी सरिता लाखोटिया सहित अन्य मौजूद रहे।

## श्री राणी सती मंडल का वार्षिक महोत्सव 21 को

**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री राणी सती मंडल की ओर से 21 अगस्त को हरमू रोड के मारवाड़ी भवन में वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव की शुरूआत सुबह साढ़े छह बजे श्री गणेश पूजन के साथ होगा। धार्मिक अनुष्ठान पंडित श्याम सुंदर भारद्वाज के सान्निध्य में होंगे। संगठन के अध्यक्ष विनोद झुनझुनवाला, राजेंद्र केडिया, सचिव अरिवंद मंगल, राजेश पोद्दार, संयोजक विशाल सिंघानिया, प्रचार मंत्री निर्मल बुधिया ने गुरुवार को पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे से हैदराबाद की मंगल पाठ वाचक प्रियंका गुप्ता के नेतृत्व में पारंपरिक वेशभूषा में सुहागिनें श्री राणी सती दादी का मंगला पाठ करेंगी। इस मौके पर कलाकारों की टीम द्वारा नृत्य नाटिका की प्रस्तुति होगी। कमेटी की ओर से फूलों से दादी का श्रृंगार, नयनाभिराम झांकी की प्रस्तुति होगी। श्रद्धालु दादी को छप्पन भोग चढ़ाएंगे। वहीं संगीतमय भजन, अखंड ज्योत समेत अन्य अनुष्ठान भी होंगे। उन्होंने बताया कि दादी के दरबार में पंच मंदिर में देवताओं को विराजमान किया जाएगा। श्री हनुमान मंडल के सदस्य इस मौके पर भजन प्रस्तुत कर दादी के दरबार में हाजिरी लगाएंगे। प्रेस वार्ता में सुशील बजाज, राजन प्रसाद, महेश कानोडिया, अशोक सर्राफ, दिनेश गोयल, अरुण बाजोरिया, मनोज अग्रवाल, वीरेंद्र बंसल, विजय खोवाल, अमित खेमका, बनवारी खिरवाल, आनंद टाईवाला, सोनू शर्मा, अमित खुटेटा, पवन फोगला, संदीप अग्रवाल समेत अन्य मौजूद थे।

## झारखंड कांग्रेस की नवनिर्वाचित विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने केसी वेणुगोपाल से की मुलाकात

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड कांग्रेस की मांडर विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार देर शाम कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल से मुलाकात की। इस दौरान झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की भी उपस्थित थे। पार्टी के महासचिव से जीत के बाद दिल्ली में यह उनकी पहली मुलाकात थी। इस दौरान झारखंड की राजनीतिक स्थितियों-परिस्थितियों को लेकर चर्चा हुई। मांडर विधानसभा में जीत दर्ज करने पर केसी वेणुगोपाल ने शिल्पी नेहा तिर्की को शुभकामनाएं दी है।

## गुरबचन सिंह के रांची कोकर स्थित फर्नीचर दुकान में गुरुवार रात चोरी

**रांची (आजाद सिपाही)।** गुरबचन सिंह के रांची कोकर स्थित फर्नीचर दुकान में गुरुवार रात चोरी हो गयी। इस संबंध में गुरबचन सिंह ने शुक्रवार को सदर थाना में एक मामला दर्ज कराया है। उन्होंने लिखा है कि मेरा सदर थाना अंतर्गत हनुमान धर्म कांटा के सामने एचबी रोड पर फर्नीचर प्लेनेट के नाम से शोरूम है। मेरी दुकान सुबह 10:30 पर खुलती है और रात 9:30 बजे बंद होती है। शुक्रवार 19 अगस्त को सुबह 10:30 बजे दुकान खोला तो पाया गया कि शोरूम के अंदर का छत्त एस्बेस्टस दो जगह से टूटा हुआ है। और शोरूम में समान बिखरा हुआ है। पता चला कि अंदर लगा हुआ सीसीटीवी का डीवीआर नहीं है। साथ ही कई सामान गायब है। इस बात की सूचना मैंने तुरंत सदर थाने की पुलिस को दे दी।

## बूढ़ा पहाड़ में नक्सलियों ने किये 30 से अधिक सीरियल विस्फोट

**रांची (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिले के बूढ़ा पहाड़ इलाके मे नक्सलियों के विस्फोट की घटना से पूरे इलाके में भय का माहौल व्याप्त हो गया है। शुक्रवार को यह घटना हुई है, जिसमें छोटे बड़े 30 से अधिक सीरियल विस्फोट किये जाने की सूचना मिल रही है। विस्फोट की घटना के बाद पुलिस पूरे इलाके में सघन छापेमारी अभियान चला रही है। बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के थलिया और तिसिया के जंगल में नक्सलियों की तरफ से इस घटना को अंजाम दिया गया है। जहां विस्फोट की सूचना है, वह जगह गढ़वा, लातेहार और छत्तीसगढ़ सीमा का पिनपॉइंट है। इस घटना के बाद से स्थानीय ग्रामीणों में दहशत है। घटना के बाद सतर्क होकर सुरक्षा बलों की ओर से सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। 25 लाख के इनामी नक्सली सौरभ समेत 40 से 50 माओवादियों के बूढ़ा पहाड़ में कैंप करने की सूचना है। बताया जा रहा है कि 11 बजे से 3 बजे तक करीब 35 से 40 विस्फोट हुआ है। बूढ़ा पहाड़ के आसपास के क्षेत्रों 2018 के बाद माओवादियों के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा जांच अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के क्रम में बूढ़ापहाड़ से दूर थलिया एवं तिसिया में विस्फोट की घटना हुई। इलाका दुरूह होने के कारण यह पता नहीं चल पाया है कि विस्फोट माओवादियों ने किया है या माओवादियों द्वारा लगाए गए लैंड माइंस को सुरक्षाबलों ने नष्ट किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार अभियान के दौरान सुरक्षा बल सभी एसओपी का पालन कर रहे हैं। बूढ़ा पहाड़ के इलाके में माओवादियों के खिलाफ अभियान का शुक्रवार को दूसरा दिन है। बूढ़ा पहाड़ इलाके में इस अभियान में सुरक्षा बलों की 40 से अधिक कंपनियों को तैनात किया गया है।

### लंबे अरसे से चल रहा था सेक्स रैकेट का धंधा

# जानकारी के बाद भी नहीं होती थी कार्रवाई

### अब विभाग एजेंसी को हटाने की करेगा कार्रवाई



### इन लोगों की हुई गिरफ्तारी

गिरफ्तार हुए लोगों में रेस्टोरेंट संचालक तपेश्वर साव (पिता स्वर्गीय बालेश्वर प्रसाद, निवासी रसोइया धमना बरही), प्रफुल्ल सिंह (34 वर्ष पिता प्रभुनाथ सिंह, निवासी पगमल रोड लोह सिंघना हजारीबाग), मैनेजर मनीष कुमार गुप्ता (पिता सुरेश साव, निवासी गमलावर चौपारण, हजारीबाग) के अलावा धर्मेंद्र कुमार उर्फ पिंटू (35 वर्ष, पिता स्वर्गीय रामलखन सिंह, निवासी कोवा जिला गया), सौरभ कुमार (32 वर्ष, पिता रवींद्र प्रसाद सिंह, निवासी हिलसा नालंदा), राजशेखर (33 वर्ष, पिता रामजी प्रसाद, निवासी इस्लामपुर नालंदा), सुमित कुमार (25 वर्ष, पिता अमरेंद्र प्रसाद, निवासी दरियाचक पटना), नीरज कुमार (27 वर्ष, पिता राजेंद्र सिंह, निवासी राजापाकर वैशाली), नीरज अभिषेक (28 वर्ष, पिता रणवीर सिंह, निवासी बडाम, हरनौत नालंदा बिहार), महिलाओं में जमीला खातुन (35 वर्ष, पति नईमउद्दीन निवासी कारीखोखो नवलशाही), सीमा देवी (30 वर्ष, पति इंद्रजीत कुमार, निवासी कतरास धनबाद), मंजू देवी (25 वर्ष, पति दामोदर पोद्दार उर्फ दामोदर सोनी) व राखी कुमारी उर्फ सोनी (22 वर्ष पिता ब्रह्मदेव प्रजापति, मयूरहंड चतरा) शामिल हैं। वहीं एक आरोपी राहुल पासवान (पिता प्रदीप कुमार पासवान, निवासी दारू हजारीबाग) फरार है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिला के प्रमुख पर्यटन स्थल माने जाने वाले तिलैया डैम के पास स्थित झील रेस्टोरेंट में लंबे अरसे से सेक्स रैकेट का धंधा चल रहा था। यह भी खुलासा हुआ है कि जो लोग पकड़े गए हैं उनमें कुछ इस तरह के आरोपों में पहले भी जेल जा चुके हैं। पकड़े गए संचालक सहित 13 लोगों से पूछताछ में यह बात सामने आयी है कि करीब तीस हजार में एक रात के लिए पूरी पार्टी बुक कराई गई थी। इसमें शराब के साथ शबाब भी परोसा गया। पुलिस ने कई आपत्तिजनक सामान बरामद भी किया। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो कमरों में महिला-पुरुष आपत्तिजनक हालत में थे। सभी को पकड़ने के बाद पुलिस टीम चंदवारा थाना ले आई। इसके बाद मामले को दबाने के लिए कई घंटे तक प्रयास चला, पर एसपी के खुद हस्तक्षेप करने से मामले का पूरा खुलासा हो गया। साथ ही संचालक को भी पुलिस टीम ने धर दबोचा। मालूम हो कि इस रेस्टोरेंट को झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड पहले खुद चलाता था। हाल में इसका टेंडर कर निजी एजेंसी को दिया गया है। अब इस तरह का गंदा खेल सामने आने के बाद एजेंसी की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। वहीं पर्यटन विकास निगम दागी एजेंसी को हटाने की कार्यवाई करेगा।

### उठ रहे हैं कई सवाल

रेस्टोरेंट सह होटल के संचालन की जिम्मेवारी झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, रांची से टेंडर के जरिए हजारीबाग के दो लोगों ने हासिल की थी। उससे कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। जानकार बताते हैं कि लंबे समय से यहां पर इस तरह का खेल चल रहा था और स्थानीय पुलिस समेत जिम्मेवार लोगों को इसकी जानकारी थी। और यदि स्थानीय पुलिस को इसकी जानकारी नहीं थी तो यह भी एक बड़ा सवाल है। पहले झील रेस्टोरेंट रांची-पटना एनएच होकर गुजरने वाले लोगों के लिए एक अच्छा आराम करने वाला स्थान था, पर बिहार में शराब बंदी के बाद वहां के लोगों की पहल पसंद यहां आकर शराब पीने व मौज मस्ती करने वाली जगह के रूप में हो गयी। ऊपर से संचालक ने यहां बाहर से लड़कियों को मंगाकर परोसना शुरू कर दिया।

# वार्डेन ने छात्रा को बेरहमी से पीटा, नाली का गंदा पानी पिलाया

भूत भगाने की बात कहते हुए पिटाई करने लगीं।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिले के धुरकी प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की वार्डेन सह शिक्षिका पर 13 वर्षीय छात्रा कंचन कुमारी की बेरहमी से पिटाई करने और नाली का गंदा पानी पिलाने का आरोप लगा है। छात्रा घायल है। वह धुरकी प्रखंड की अंबाखोरेया पंचायत के बरहसोती गांव की रहने वाली है। पिता वीरेंद्र भुइयां और पीड़िता कंचन कुमारी ने बताया कि 16 अगस्त की शाम करीब 4 बजे वह बेडरूम में सो रही थी। इसी क्रम में वार्डेन सह शिक्षिका सुमन अग्रवाल वहां पहुंचीं। भूत भगाने की बात कहते हुए पिटाई करने लगीं। पिटाई के बाद नाली का गंदा पानी पिलाया गया। पिटाई से वह घायल हो गयी। आनन-फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

### शुक्रवार को ग्रामीणों ने कार्रवाई के लिए दिया धरना

उधर, समाजसेवी माता बालम ने इस घटना की जानकारी शिक्षा विभाग के डीएसई एवं एडीपीओ से फोन पर दी। उन्होंने वार्डेन सुमन अग्रवाल के विरुद्ध उच्च स्तरीय जांच कराने और बर्खास्त करने की मांग की है। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित कर्पूरी चौक के निकट छात्रों के स्वजनों के साथ धरना दिया। इन्होंने वार्डेन को बर्खास्त करते हुए उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### कार्रवाई के लिए मांगा गया मार्गदर्शन : थाना प्रभारी

उधर, धुरकी थाना के प्रभारी सदानंद कुमार ने कहा कि छात्रा की पिटाई एवं उसे नाली का पानी पिलाने संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ है। इसकी जानकारी वरीय पदाधिकारी को दी गई है। कार्रवाई के लिए मार्गदर्शन मांगा गया है। मार्गदर्शन के बाद उचित कार्रवाई की जायेगी।

### ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया ज्ञापन

इसके बाद माता-पिता को सूचना दी गयी कि लड़की को भूत लगा है। आप आकर बेटी को ले जाइए। माता पिता के पहुंचने के बाद पीड़िता ने पूरी कहानी सुनायी। उधर, इस घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण गुरुवार शाम प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह के पास पहुंचे। उनको आवेदन देकर शिकायत की। इतना ही नहीं धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार को भी आवेदन सौंपा है। ग्रामीणों ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डेन को बर्खास्त करने की मांग की है।

## केंद्र सरकार का विरोधियों को परेशान करना ही एकमात्र काम : बृजेंद्र प्रसाद सिंह

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद जिला कांग्रेस के अध्यक्ष बृजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है कि केन्द्र सरकार महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर एक शब्द भी नहीं बोलती है। कोई विपक्षी पार्टी अगर सरकार का विरोध करती है तो उनके विरुद्ध इडी, इनकम टैक्स और सीबीआई लगा दिया जाता है। अब तो उनके पार्टी में भी यदि कोई उंगली उठाता है तो नितिन गडकरी और शिवराज सिंह चौहान की तरह बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है। इसलिए मैं केंद्र सरकार से विनम्र आग्रह करता हूं की शिलान्यास और उद्घाटन छोड़कर देश में सबसे पहले महंगाई और बेरोजगारी हटाने में लग जाए। यही सबसे बड़ा जनकल्याण कार्य होगा। कांग्रेस पार्टी पूरे देश में महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ में जिहाद छेड़ रखा है। इसीलिए महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ में 17 से 30 अगस्त तक पूरे देश में हर विधानसभा क्षेत्र में इसके विरोध में चौपाल लगाया जा रहा है।

# उच्चतर शिक्षा के लिए नामांकन में झारखंड पड़ोसी राज्यों से आगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी साल 2020-21 की रिपोर्ट के अनुसार, उच्चतर शिक्षा के लिए नामांकन में झारखंड पड़ोसी राज्यों की तुलना में आगे है। उच्चतर शिक्षा में नामांकन के मामले में बिहार, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ की तुलना में झारखंड आगे है. वहीं उत्तर प्रदेश और ओड़िशा झारखंड से आगे है। उच्चतर शिक्षा में झारखंड का कुल नामांकन प्रतिशत 20.9 है, जिसमें पुरुष 21 प्रतिशत एवं महिला 20.9 प्रतिशत है। वहीं इस मामले में बिहार का कुल प्रतिशत 14.5 है। इनमें पुरुष 15.8 प्रतिशत और महिला 13.1 प्रतिशत है. उत्तर प्रदेश में कुल नामांकन प्रतिशत 25.3, ओड़िशा में कुल प्रतिशत 21.7, छत्तीसगढ़ में कुल प्रतिशत 18.5 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में कुल प्रतिशत 19.9 है।

### यूजीसी की पिछले पांच साल की रिपोर्ट

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच साल में उच्चतर शिक्षा के लिए नामांकन में झारखंड का प्रदर्शन बेहतर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, 2016- 17 में कुल 594281 नामांकन हुए. जिसमें पुरुष की संख्या 302393 और महिलाओं की संख्या 291888 रही। साल 2017-18 में कुल नामांकन की संख्या 688722 रही, जिसमें पुरुष 354095 व महिला 334627 रहा। वर्ष 2018-19 में कुल नामांकन की संख्या 739484 रही, जिसमें पुरुष 377741 व महिला 361743, साल 2019- 20 में कुल नामांकन 721642 रही, जिसमें पुरुष 349067 व महिला 372575 और साल 2020- 21 में कुल नामांकन प्रतिशत 20.9 रही, जिसमें पुरुष 21 प्रतिशत एवं महिला 20.9 प्रतिशत रही।

### झारखंड में कुल 26 विश्वविद्यालय

झारखंड में कुल 26 विश्वविद्यालय हैं, जिनमें राज्य सरकार के विश्वविद्यालयों की संख्या 11 हैं। निजी विश्वविद्यालयों की संख्या 14 हैं एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय की संख्या 1 है। 2019 में जारी एमएचआरडी की रिपोर्ट के अनुसार, झारखंड में 308 कॉलेज हैं। 2022 के मानसून सत्र में झारखंड में 3 नए विश्वविद्यालय बनाने का विधेयक सरकार लेकर आयी है। इनमें रघुनाथ मुर्मू जनजातीय विश्वविद्यालय, अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय और झारखंड कौशल विश्वविद्यालय शामिल हैं।

## फ्रेंच मॉडलर फर्नीचर का उद्घाटन हुआ

**रांची (आजाद सिपाही)।** कडरू ब्रिज के समीप फ्रेंच मॉडलर फर्नीचर का उद्घाटन विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा किया गया। भानु प्रताप शाही ने कहा कि फ्रेंच मॉडल फर्नीचर झारखंड प्रदेश का पहला लेटेस्ट मॉडल का प्रतिष्ठान है राज्य में व्यवसायियों के कारण राज्य आगे बढ़ रहा है। इस प्रतिष्ठान में अत्याधुनिक मशीनों के द्वारा सोफा डाइनिंग टेबल को कम समय में ही अच्छी फिनिसिंग और कम बजट में तैयार किया जाता है। प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर ने कहा कि पहले हम मैनुअल तरीके से काम करते थे परंतु अत्याधुनिक मशीन के कारण अब समय पर लोगों का काम करते हैं इससे समय की बचत और अच्छी फर्निशिंग दे पाते हैं हमारे द्वारा झारखंड में सर्वे करने पर इस प्रकार की आधुनिक मशीनें अभी तक नहीं है।

## सुरक्षा, उत्पादन और गुणवत्ता के क्षेत्र में एमसीएल ने तीन सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार हासिल किये




**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने वर्ष 2021-22 में सुरक्षा, उत्पादन व उत्पादकता और गुणवत्ता आदि तीन श्रेणियों में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिये प्रथम पुरस्कार हासिल किया है। कोयला उत्पादक कंपनियों के बीच तीन श्रेणियों में यथा सुरक्षा, उत्पादन व उत्पादकता और गुणवत्ता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए एमसीएल को तीनों में प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया है। एमसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) ओपी सिंह ने माननीय कोयला और खान व केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी के कर कमलों से उक्त पुरस्कार ग्रहण किया । उक्त समारोह में एमसीएल के निदेशक (कार्मिक) केशव राव, निदेशक तकनीकी(योजना एवं परियोजना) जुगल कुमार बोरा एवं निदेशक (वित्त) एके बेहुरा आदि उपस्थित थे। नयी दिल्ली में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के सचिव डॉ ए के जैन और कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल भी कोयला मंत्री के साथ उपस्थित थे। इसके अलावा एमसीएल के तीन क्षेत्रीय महाप्रबंधकगणों अर्थात बसुंधरा क्षेत्र के संजय झा, हिंगुला क्षेत्र के एके स्वर्णकर और कनिहा क्षेत्र के श्री के के राउल को अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन के लिए कोयला मंत्री पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। एमसीएल के सीएमडी ओपी सिंह ने टीम एमसीएल को पुरस्कार जीतने पर बधाई दी। श्री सिंह ने टीम के प्रत्येक सदस्य को कोयला मंत्री पुरस्कार समर्पित करते हुए कहा कि इन पुरस्कारों ने हमारे उत्कृष्ट प्रदर्शन का एक मानदंड स्थापित किया है और मुझे विश्वास है कि खनन कार्य से जुड़े हुए एमसीएल व ठेका कामगार चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान भी उत्कृष्ट प्रदर्शन को बरकरार रखने के साथ-साथ रिकॉर्ड वृद्धि दर हासिल करेंगे। पांच श्रेणियों में दिए गए पुरस्कारों में से महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने तीन श्रेणियों अर्थात सुरक्षा, उत्पादन एवं उत्पादकता और गुणवत्ता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। जहां वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) को निरंतरता (सस्टेनेबिलिटी) श्रेणी में प्रथम पुरस्कार मिला, वहीं नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने इआरपी के कार्यांवयन में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

## संबलपुर मंडल में सद्भावना दिवस का आयोजन



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल में आज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में शपथ समारोह का आयोजन कर ₹सद्भावना दिवस₹ मनाया। संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप कुमार ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को 'सद्भावना दिवस' की शपथ दिलाई। इस समारोह में अपर मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर, आनंद सिंह भी उपस्थित थे।

## नुआपड़ा रोड स्टेशन पर तीन जोड़ी ट्रेनें रुकेंगी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** यात्रियों की मांग को देखते हुए नुआपड़ा रोड स्टेशन पर तीन जोड़ी ट्रेनों को ट्रायल के आधार पर छह महीने तक रोकने का फैसला किया गया है। सप्ताह में 4 दिन पुरी-अहमदाबाद-पुरी एक्सप्रेस, दैनिक कोरबा-विशाखापत्तनम-कोरबा एक्सप्रेस और द्वि-साप्ताहिक बिलासपुर-तिरुपति-बिलासपुर एक्सप्रेस अगस्त के अंतिम सप्ताह से नुआपड़ा रोड स्टेशन पर रुकेगी। 12843/12844 पुरी-अहमदाबाद-पुरी एक्सप्रेस 24 अगस्त से पुरी से प्रस्थान कर 06:28 बजे नुआपड़ा रोड स्टेशन पर पहुंचेगी और 06:30 बजे अहमदाबाद के लिए प्रस्थान करेगी। 23 अगस्त 2022 को अहमदाबाद से छूटने वाली यह ट्रेन शाम 06:05 बजे नुआपड़ा रोड स्टेशन पहुंचेगी और शाम 06:07 बजे पुरी के लिए निकलेगी। 18517/18518 कोरबा-विशाखापत्तनम-कोरबा एक्सप्रेस 23 अगस्त 2022 से दोनों तरफ से नुआपड़ा रोड स्टेशन पर रुकेगी। कोरबा से प्रस्थान कर ट्रेन रात 10:13 बजे नुआपड़ा रोड स्टेशन पर पहुंचेगी और रात 10:15 बजे विशाखापत्तनम के लिए रवाना होगी। विशाखापत्तनम से चलने वाली यह ट्रेन सुबह 04:03 बजे नुआपड़ा रोड स्टेशन पर पहुंचेगी और सुबह 04:05 बजे कोरबा की ओर प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार 17481/17482 बिलासपुर-तिरुपति-बिलासपुर एक्सप्रेस 23 अगस्त 2022 से बिलासपुर से छूट कर शाम 19:33 बजे नुआपड़ा रोड स्टेशन पहुंचेगी और 1935 बजे तिरुपति की ओर प्रस्थान करेगी। तिरुपति से यह ट्रेन 26 अगस्त को 1208 बजे नुआपडा रोड पर पहुंचेगी और 1210 बजे बिलासपुर की ओर प्रस्थान करेगी।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 20 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com
08

## साप्ताहिक हाट बाजार में आवारा सांड ने टेंपो चालक को पटक कर किया घायल



खलारी (आजाद सिपाही)। मोहननगर में शुक्रवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार में केडी शिवपुरी निवासी श्याम किशोर राम को आवारा सांड ने पटक कर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार श्याम किशोर अपने टेंपों से सब्जी व्यापारियों की सब्जी लेकर दोपहर करीब 12 बजे हाट बाजार पंहुचा गया। वहां अपने टेंपो में लदे सब्जियों को उतार रहे थे। तभी बाजार में घुम रहे एक आवारा सांड ने पीछे से आकर पटक दिया। जिसके बाद तत्काल स्थानीय युवकों द्वारा डकरा सेंट्रल अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उनका ईलाज किया। श्याम किशोर के सिर में चोट लगी है। इधर श्याम किशोर ने बताया कि वह टेंपो चलाकर ही अपना और अपने परिवार का पालन पोषण करते है। चोट लगने से वह अब टेंपो चलाने में असमर्थ है। वहीं आर्थिक स्थिती ठीक नहीं होने के कारण वह अपना बेहतर ईलाज भी नहीं करवा पा रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मदद मांगी है।

### नदी पर पुल न होने के कारण प्रसव पीड़ा से रातभर तड़पती रही महिला

# संसाधनों के अभाव में महिला के गर्भ में ही बच्चे ने तोड़ा दम

## कंधे पर ढोकर ग्रामीणों ने पहुंचाया अस्पताल, फिर भी नहीं बची जान

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** देश की आजादी के भले ही 75 साल गुजर गये हों और इसकी खुशी में हर ओर जश्न मनाये जा रहे हों। लेकिन विकास के इन मापदंडों के बीच झारखंड के कई ऐसे गांव हैं, जो आज भी बुनियादी सुविधाओं से भई कोसों दूर हैं। इसका जीता जागता उदाहरण है तोरपा प्रखंड की फटका पंचायत का फड़िंगा गांव में देखने को मिला। जहां एक महिला प्रसव पीड़ा से रातभर तड़पती रही। पर फटका बनई नदी में बाढ़ आ जाने के कारण गर्भवती को सही समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका। बाद में परिजन महिला को कंधे पर उठा कर अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। और उसके गर्भ में पल



जुगाड़ के सहारे कंधे पर ढोकर महिला को अस्पताल पहुंचाते ग्रामीण।

रहा शिशु दम तोड़ चुका था।

जानकारी के मुताबिक तोरपा प्रखंड की फटका पंचायत का फड़िंगा गांव महज एक पुल के अभाव में बरसात के दिनों में दूसरे गांवों से कट जाता है। पूरा गांव टापू में तब्दील हो जाता है। गुरुवार की रात फड़िगा गांव की एक महिला को प्रसव पीड़ा हुई। रातभर प्रसव पीड़ा में तड़पती रही। शुक्रवार को गांव के कुछ लोगों ने पीड़ा से कराहती महिला को अस्पताल पहुंचाने के लिए जुगाड़ पद्धति से एक डोली बनायी और डोली को कंधों पर ढोकर ग्रामीण पानी से भरी नदी को पारकर फटका गांव पहुंचे। फटका गांव में 108 एंबुलेंस को बुलाकर गर्भवती को वहां से तोरप रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां महिला ने मृत बच्चे को जन्म दिया। गांव वालों का कहना है कि रात को ही यदि महिला अस्पताल पहुंच जाती, तो संभवतः उसका बच्चा बच सकता था। गांव वाले कहते हैं कि बारिश के दिनों में लगभग तीन माह तक फटका नदी में पानी बढ़ जाने से फड़िंगा गांव के ग्रामीणों को गांव से बाहर निकलना दूभर हो जाता है। बहुत जरूरी काम होने पर ग्रामीणों को नदी में कमर भर पानी को पार करना पड़ता है। इस स्थिति में गांव में अगर कोई बीमार हो जाए, तो उसे इलाज के लिए अस्पताल कैसे पहुंचाते होंगे, ग्रामीण इसकी कल्पना सहज भी की जा सकती है।

### मंत्री से विधायक तक लगा चुके हैं पुल के लिए गुहार

**ग्रामीणों का कहना है कि फटका नदी में पुल निर्माण के लिए कई एक बार सांसद और विधायक के अलाववा अधिकारियों के समक्ष गुहार लगाई गई है, लेकिन अब तक नदी में पुल निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। बताया गया कि गर्मी व जाड़े के दिनों में नदी में पानी कम होने से नदी से होकर आवागमन करने में ग्रामीणों को कोई खास परेशानी नहीं होती, लेकिन बारिश उनके लिए आफत बनकर आती है। ऐसे में गांव के छात्र-छात्राएं स्कूल नहीं जा पाते। उनकी पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित होती है।**

## महत्वपूर्ण न्यूज

### पिपरवार पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सड़क सुरक्षा एवं अपराध पर काबू पाने के उद्देश्य से पिपरवार पुलिस ने शुक्रवार को क्षेत्र में कई जगहों पर वाहन जांच अभियान चलाया। चतरा एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर पिपरवार पुलिस ने थाना क्षेत्र के चिरैयाटांड़ के पास अवर निरीक्षक रूपेश कुमार महतो के नेतृत्व में हर आने जाने वाले वाहनों की तलाशी लेते हुए हेलमेट एवं कागजातों की जांच की गई। इस संबंध में थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि जिला पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर क्षेत्र में विशेषकर अपराध और सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखकर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों को सख्त हिदायत दी गई। उन्होंने बताया कि आगे भी इसी तरह का अभियान जारी रहेगा इसलिए सुरक्षा और असुविधा से बचने के लिए बाईक सवार हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें और वैध कागजात लेकर आवागमण करें। वहीं बचरा चार नंबर चौक, पेट्रोल पंप, बचरा बस्ती आदि जगहों पर भी वाहन जांच अभियान चलाया गया।

### विहिप सह बजरंग दल का मना स्थापना दिवस मना



खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी के मायापुर पंचायत के केदल गांव में शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) सह बजरंग दल का स्थापना दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता विनोद उरांव और संचालन प्रखंड मंत्री संजीत सिंह ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी प्रताप यादव उपस्थित थे। समारोह के दौरान उपस्थित विहिप सह बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को बताया गया कि आज के दिन ही विश्व हिंदू परिषद का गठन किया गया था। लगभग 60 वर्ष पूर्व इस संगठन का निर्माण कर पूरे विश्व में हिंदू धर्म का प्रचार प्रसार किया जाना तय हुआ था और लगातार विश्व हिंदू परिषद इस कार्य को कर रहा है। बताया गया कि कृष्णा जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर बने इस संगठन का उद्देश्य सभी हिंदुओं को एक सूत्र में बांधने का था जो लगातार जारी है। साथ ही निर्णय लिया गया कि खलारी पिपरवार क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इस समारोह में मुख्य रूप से प्रखंड संयोजक गोविंद कुमार गौतम, जिला सेवा प्रमुख अनिल यादव, शशि तुरी, मुकेश यादव, कमल शर्मा, संतोष यादव, कार्तिक यादव, महादेव मुंडा, कालीचरण लोहरा, पंचू उरांव, जगन्नाथ यादव, राजू गंझू, अनिल मुंडा, हेमलाल गंझू, मनदीप कुमार यादव, सूरज यादव, लक्ष्मण मुंडा, झूलन मुंडा, पप्पू यादव, सुरेंद्र यादव, हेमंत यादव, लक्ष्मण मुंडा, सोनू कुमार मुंडा सहित काफी संख्या में बजरंगी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खलारी राजकीय मध्य विद्यालय का सरस्वती देवी ने किया दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी ने खलारी बाजारटांड स्थित राजकीय मध्य विद्यालय का दौरा किया। जिप सदस्या के पहली बार विद्यालय पंहुचने पर विद्यालय के शिक्षकों द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। जिसके बाद जिप सदस्या ने विद्यालय के कक्षाओं, रसोईघर, शौचालय निरीक्षण किया। इसके अलावा बच्चों के नामाकंन एवं उनकी उपस्थिती की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि विद्यालय में कमरो की कमी, शिक्षकों की कमी और पेयजल समस्या है। उन्होंने विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य को





समस्याओं को अतिशीघ्र दूर करने और विद्यालय की अतिक्रमण भूमि को भी कानूनी रूप से अतिक्रमण मुक्त कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने विद्यालय को हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया। इस बीच उन्होंने विद्यालय में बनने वाले मध्याह्न भोजन को भी चखा। विद्यालय के शिक्षण व्यवस्था देखकर वह काफी संतुष्ट हुई। इस दौरान भाजपा एससी मोर्चा खलारी मंडल अध्यक्ष दिलीप पासवान, योगेंद्र रजक के अलावा प्रधानाचार्य उत्तरा कुमार, देवनारायण साव, गिरीधर मिश्रा, अमित मिंज, सुमन कुमारी, नूतन कुमारी, बॉबी गुप्ता, प्रीति साहू, रसोईया मीरा मिंज, कांति देवी, षीला पेंटोनी, मीरा मिंज आदि उपस्थित थे।

## बच्ची से दुष्कर्म, अस्पताल में भर्ती

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले के अड़की थाना क्षेत्र में 10 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना के बाद पीड़िता को बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समाचार लिखे जाने तक वह अचेत थी, जिस कारण उसका बयान दर्ज नहीं हो सका है। फिलहाल कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकी है। जानकारी के अनुसार पीड़िता के घरवाले गुरुवार को खेत में धान रोपनी करने गए थे। तभी एक व्यक्ति उसके घर गया और बच्ची के साथ कुकर्म किया। उसके बाद



रोती-बिलखती बच्ची को देखकर पड़ोसियों ने उसके घर वालों को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद परिजन तुरंत घर पहुंचे और पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया, तब तक बच्ची बेहोशी की हालत में आ गयी। घटना की सूचना मिलने पर अड़की थाना की पुलिस अस्पताल पहुंची और परिजनों से मिलकर घटना की जानकारी ली, हालांकि बच्ची के बेहोश होने के कारण कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर जांच की है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने कहा कि एक बच्ची के साथ दुष्कर्म की वारदात हुई है। फिलहाल बच्ची ने किसी तरह की जानकारी नहीं दी है। इसलिए यह बता पाना मुश्किल है कि जिसने वारदात को अंजाम दिया वह कोई जान पहचान वाला व्यक्ति था या कोई और। पुलिस का कहना है बच्ची के होश में आते ही उससे पूछताछ की जाएगी और उसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार किया जायेगा।

### फुटबॉल गोल-पोस्ट को ही काट ले गये चोर



खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी थाना क्षेत्र के केडी ओल्ड लंबा धौड़ा स्थित फुटबॉल मैदान में गुरुवार की रात चोरों ने गोल-पोस्ट के लोहा के पाइप को ही काट लिया। उक्त जानकारी स्थानीय लोगों ने दी। लंबा धौड़ा के ग्रामीणों ने बताया कि इस ग्राउंड में बच्चे फुटबॉल खेला करते थे। अब चोरों द्वारा गोल पोस्ट को काट लिए जाने के बाद बच्चों को खेलने के लिए परेशानी हो गयी है। वहीं क्षेत्र में पिछले दिनों भी चोरों द्वारा कई जगहों पर लोहा छड़ और लोहा पाइप को चुरा लिया गया है। एसीसी कल्ब मैदान में लगे गोल पोस्ट के खंभे, दामोदर नदी तट् के शमशान घाट पर बनाये जा रहे शेड का सरिया भी काट कर ले गये। साथ ही एसीसी कॉलोनी के कई घरों को भी चोर अपना निशाना बना रहे है। लोहा चोरों के आतंक से क्षेत्र के लोग परेशान है।

### गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय की बैठक कल

पिपरवार (आजाद सिपाही)। गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय की ओर से इस साल भी पंचायत स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए कोयलांचल क्षेत्र के राय अंबेडकर खेल मैदान में रविवार को एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई है। गणेश स्पोर्टिंग क्लब के सचिव गणेश कुमार महतो ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में पंचायत स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता कराने को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के सभी लोगों को उपस्थित होने की अपील की है।

## बचरा दक्षिणी पंचायत में ग्रामसभा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** बचरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को ग्रामसभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पंचायत सचिव सुधीर कुमार सोडीक और संचालन मुखिया रीना देवी ने किया। खनन कंपनियों से क्षेत्र में विकास कार्य के लिए मिलने वाले डीएमएफटी कोष से बचरा दक्षिणी पंचायत में विकास कार्यों के चयन करने को लेकर इस ग्रामसभा आयोजित की गई थी। जिसमें बचरा दक्षिणी पंचायत के सभी वार्ड एवं मोहल्लों के लिए प्राथमिकताओं के आधार पर योजनाओं का चयन किया गया। ग्रामसभा द्वारा चयनित योजनाओं में मुख्य रूप से चार नंबर स्थित शिव



मंदिर में विवाह भवन एवं जल मीनार, प्राथमिक स्वास्थ्य उप केंद्र, पुस्तकालय निर्माण, विभिन्न नाला एवं नालियों का निर्माण, पिलाई डैम का सुंदरीकरण, वनबीआर, अंबेडकर नगर, 172 कॉलोनी एवं बिशुझापा प्राथमिक विद्यालय का सुंदरीकरण, जीर्णोद्धार, चारदीवारी का निर्माण, खेलकूद के लिए पार्क में व्यवस्था आदि शामिल है। मुखिया रीना देवी ने कहा कि पंचायत के विकास के लिए योजनाओं का चयन किया जा रहा है। चयनित सभी योजनाओं का स्थानीय ग्रामीणों से सहमति लिया जा रहा है। इस दौरान मौके पर पंचायत समिति सदस्य गजाला प्रवीण, किरण देवी, सांसद प्रतिनिधि अश्विनी दाराद, अजय कुमार सिंह, उमेश मेहता, गीता एक्का, कृष्ण देव यादव, रामनंदन चंद्रवंशी, अनिल यादव, शिवमंगल गिरी, प्रवीन दराद, धीरेंद्र शर्मा, अनिल यादव, दीपक कुमार, भीम पासवान आदि थे।

## पीआरपी-बीआरपी का धरना प्रदर्शन आज, 22 से अनिश्चितकालीन हड़ताल

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** झारखंड राज्य आजीविका कैडर संघ के बैनर तले अपनी मांगों को लेकर जिले के सभी पीआरपी-बीआरपी कैडर कर्मी 20 अगस्त को समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन और चेतावनी हड़ताल करेंगे। इसके बाद भी उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो 22 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। इस संबंध में संघ के अध्यक्ष और सयचिव ने बताया कि झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के पीआरपी-बीएपी 2014 से कार्य करते आ रहे हैं। मनरेगा, एसबीएम, आजीविका गतिविधि, पंचायती राज, एसजीबीओ, सीएलएफ क्षमता वर्धन, अभिसरण, कोविड-19 में ये कर्मी पूरी निष्ठा से काम करते आ रहे हैं। जिले के सभी प्रखंडों में ग्राम स्तर पर महिलाओं की आजीविका को सुदृढ़ करने के प्रयास में इनका महत्वपूर्ण योगदान है इसके बावजूद सभी पीआरपी और बीएपी को सुविधाओं से वंचित रखा गया है।

संघ के अध्यक्ष और सचिव ने बताया कि उनके मानदेय व्यक्तिगत खाते पर आता था, पर अब नहीं आता है। सुरक्षा बीमा का लाभ भी नहीं मिलता और न ही जीवन बीमा का उन्हें दिया जाता है। महंगाई भत्ता पिछले आठ वर्षों से नहीं मिला है। किसी भी प्रकार की छुट्टी उन्हें नहीं मिलती और ना ही समय पर भुगतान होता है। सरकार नीतियों से त्रस्त कर्मचारियों ने आंदोलन का निर्णय लिया है।

### बंधन गंझू एवं उदयनाथ गंझू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ 20 सितंबर से

खलारी (आजाद सिपाही)। झारखंड आंदोलनकारी स्वर्गीय बंधन गंझू और स्वर्गीय उदयनाथ गंझू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर डकरा में आयोजन समिति की बैठक सेंट्रल स्कूल खेल मैदान में हुई, जिसकी अध्यक्षता मनोज तुरी ने की। इस बैठक का संचालन संदीप उरांव ने किया। बैठक में 20 सितंबर से प्रतियोगिता को शुभारंभ करने का निर्णय लिया गया। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 32 टीमें भाग ले सकेंगी जिन्हें आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार एक लाख एक हजार और द्वितीय पुरस्कार 51 हजार रुपए रखा गया है। प्रतियोगिता में इंट्री फीस जमा करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर तक है। बैठक में मुख्य रूप से मनोज गंझू, राजेश तुरी, नंदकिशोर भोगता, अमित तूरी, रंजीत गंझू, विश्वामित्र कुमार, मिथुन गंझू, विजय गंझू, दिलीप तूरी, सिद्धार्थ भोगता, धनेश्वर गंझू, प्रकाश गंझू, रामजीत गंझू, लुन्दन कुमार, विष्णु गंझू आदि मौजूद थे।

### 23 अगस्त तक चलने वाले कांग्रेस से चौपाल कार्यक्रम में शामिल होने खूंटी पहुंचे थे मंत्री

# सरकार की गलत नीतियों के कारण बढ़ रही महंगाई: डॉ रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण खाद्य पदार्थों सहित अन्य रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं। वहीं आत्ममुग्ध मोदी सरकार आम जनता की इस सबसे बड़ी परेशानी से मुंह मोड़कर खुद अपनी पीठ थपथपाने में लगी है। ये बातें झारखंड सरकार के मंत्री व कांग्रेस नेता डॉ रामेश्वर उरांव ने कही। वे शुक्रवार को खूंटी परिसदन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। महंगाई के विरोध में कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी आंदोलन महंगाई पर चर्चा कार्यक्रम में शामिल होने खूंटी आए डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी के इस अभूतपूर्व संकट के समय कांग्रेस जनता के साथ खड़ी है। कांग्रेस



कांग्रेस के चौपाल कार्यक्रम में शामिल राज्य के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव।

जनता की आवाज बनकर सदन से लेकर सड़क तक लगातार सरकार की जनविरोधी नीतियों का पुरजोर विरोध कर रही है। महंगाई को कम करने और युवाओं को रोजगार देने का सुनहरा सपना दिखाकर सत्ता में आयी मोदी सरकार की इस वादाखिलाफी के विरोध में आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से कांग्रेस ने महंगाई पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया है। 23 अगस्त तक चलने वाले इस कार्यक्रम के दौरान सभी विधानसभा क्षेत्रों में पड़ने वाले गांवों व प्रमुख बाजारों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। बाद में परिसदन से डॉ रामेश्वर उरांव और जिला कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्णा चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता पैदल मार्च करते निकटवर्ती खूंटी साप्ताहिक हाट गए। जहां महंगाई पर चर्चा कार्यक्रम के तहत थोड़ी देर के लिए चौपाल लगाकर ग्रामीणों और दुकानदारों को बढ़ती महंगाई के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही उनके बीच पार्टी की ओर से जारी पर्चा भी वितरित किया गया। जिला अध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला के वरिष्ठ कांग्रेसी व प्रवक्ता ओम प्रकाश मिश्रा, जिला महासचिव रवि मिश्रा, पीटर मुंडू, आदिवासी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विल्सन टोपनो, वेद प्रकाश मिश्रा, नरेश तिर्की, बसंत सुरीन, सुनीता गोप आदि कांग्रेसी शामिल थे।

## श्रद्धा और विश्वास के साथ मनायी गयी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** भगवान श्रीकृष्ण के अवतरण का महापर्व कृष्ण जन्माष्टमी शुक्रवार को पूरे जिले में धूमधाम से मनायी जा रही है। मौके पर जिला मुख्यालय के ठाकुर रणछोड़ दास मंदिर(ठाकुर बाड़ी) और पिपराटोली के राम मंदिर के अलावा बाबा आम्रेश्वर धाम परिसर स्थित राधाकृष्ण मंदिर सहित अन्य मंदिरों और देवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। मुख्य सामरोह रात 12 बजे से होगा जब ड्ढागवान लड्डू गोपाल जन्म लेंगे। बाद में उनकी पूजा-अर्चना विधि-विधान से की जायेगी और महाआरती के बाद लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया जायेगा। जिला मुख्यालय के अलावा तोरपा, कर्रा, रनिया, अड़की, मुरहू प्रखंड मुख्यालय के साथ ही गांव में ड्रॉों कृष्ण जन्माष्टमी श्रद्धा और विश्वास के साथ मनायी जा रही है। दूसरी ओर, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन शुक्रवार की दोपहर के बाद से ही पूरे खूंटी जिले में जोरदार बारिश हो रही है। जन्माष्टमी के दिन इस तरह की बारिश से किसान काफी खुश हैं। किसान कहते हैं रथ यात्रा के दिन और जन्माष्टमी पर यदि भरपूर बारिश हो तो खरीफ के साथ ही रबी फसल का उत्पादन भरपूर होता है।

### खलारी में हर्षोल्लास से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** प्रखंड क्षेत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिरों में भगवान का जन्मोत्सव श्रद्धापूर्वक व विधि विधान से मनाया गया। रात बारह बजे भगवान के जन्म के बाद विशेष आरती की गई और लोगों के बीच प्रसाद बांटा गया। अनेक लोग जन्माष्टमी का उपवास रखे थे। मंदिर सहित कई घरों में भगवान श्रीकृष्ण का पालना सजाया गया था। श्रद्धालु पूरी आस्था से पालना में लेटे भगवान को झूला झुलाए। क्षेत्र के



श्रीजानकी रमण मंदिर खलारी, पहाड़ी मंदिर, शिव मंदिर खलारी बाजारटांड़, करकट्टा शिव मंदिर, धमधमिया आदि मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था।



वहीं कई महिलाएं उपवास रखकर घर में ही पूजा अर्चना की। इस अवसर पर विशेष प्रसाद के रूप में प्रकार-प्रकार का हलवा, नारियल व धनिया के मीठे चूर्ण बनाए गए।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 20 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com



## महत्वपूर्ण न्यूज

### श्रम विभाग में समारोह आयोजित कर निवर्तमान श्रम अधीक्षक को विदाई एवं नये का किया गया स्वागत



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** श्रम विभाग के मुख्य सभागार में सम्मान समारोह सह विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें निवर्तमान श्रम अधीक्षक अनिल रंजन को विदाई दी गई एवं नये श्रम अधीक्षक एतवारी महतो को नया प्रभार मिलने पर उन्हें शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर श्रमिक मित्र संघ सचिव विकास कुमार ने कहा कि पूर्व श्रम अधीक्षक का कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा। उन्होंने अल्प समय में गढ़वा विभाग को नयी दिशा-दशा दी है जो काफी सराहनीय रहा है। नये श्रम अधीक्षक एतवारी महतो ने पदभार ग्रहण करने के बाद बताया कि गढ़वा जैसे पिछड़े क्षेत्र में मजदूरों की काफी समस्याएं हैं। प्राथमिकता के आधार पर बहुत जल्द निदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक श्रमिकों का भवन निर्माण कल्याण बोर्ड में पंजीयन कराकर श्रम विभाग से लाभ दिलाया जाएगा। इस मौके पर नये श्रम अधीक्षक एतवारी महतो को बधाई देने वालों में कार्यालय के बड़ा बाबू हरिओम कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर जितेंद्र कुमार, श्रमिक मित्र संघ जिला का सचिव विकास कुमार, गढ़वा सदर श्रमिक मित्र मनोज शर्मा, अनुसेवक हिरामुनी सिंह, नगीना पहिया, सुशीला देवी, सुभाष राम, अभिषेक कुमार सहित उपस्थित थे।

### सदर अस्पताल मलेरिया विभाग में पदस्थापित अनुबंध स्वास्थ्यकर्मी के निधन पर शोकसभा का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल के मलेरिया विभाग में पदस्थापित अनुबंध स्वास्थ्यकर्मी 40 वर्षीय उदय कुमार सिंह का असामयिक निधन से स्वास्थ्यकर्मियों में शोक व्याप्त है। गढ़वा सिविल सर्जन सह जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ कमलेश कुमार की अध्यक्षता में सदर अस्पताल परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें शामिल होकर स्वास्थ्यकर्मियों ने दवंगत की याद में दो मिनट का मौन धारण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर सिविल सर्जन डॉ कमलेश कुमार एवं मलेरिया सलाहकार अरविंद द्विवेदी ने बताया कि उदय कुमार विगत एक माह से लंबी बीमारी ओरल कैंसर से बीमार चल रहे थे, जिसका इलाज मुंबई एवं रांची से हो रहा था। अचानक गुरुवार की रात्रि करीब 10:00 बजे डालटेनगंज के बैरिया चौक स्थित निवास स्थान पर निधन हो गया। सूचना प्राप्त होते ही पूरा स्वास्थ्य विभाग शोकाकुल है। उन्होंने बताया कि वे कार्य के प्रति काफी निष्ठावान और ईमानदार व्यक्ति थे। उन्होंने सदर अस्पताल में कोविड काल के दौरान लगातार दो वर्षों तक ईमानदारीपूर्वक सेवा दी। उनका पैतृक निवास स्थान बिहार के अरवल जिला में है। शोक सभा में सिविल सर्जन सह जिला मलेरिया पदाधिकारी एवं मलेरिया सलाहकार के अलावे डॉ अमित कुमार, डॉ राजेश कुमार, स्वास्थ्य कर्मियों में सुबोध सिंह, नित्यानंद त्रिपाठी, प्रेम मनी सुधांशु, संजय राम, अशोक सिन्हा, मो. मोदासिर, विमलेश कुमार, शशिकांत, कृष्ण कुमार राम,संगम कुमारी समेत प्रशिक्षु मौजूद थे।

### सलगा पंचायत के मुखिया उमेश प्रजापति ने लाभुकों के बीच किया धोती-साड़ी का वितरण



**बरडीहा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सलगा पंचायत के मुखिया उमेश प्रजापति के द्वारा चल रहे सरकार में सोना सोबरन योजना के तहत धोती-साड़ी लूंगी का डीलर द्वारा वितरित किया जा रहा है। जिसका उद्‌घाटन मुखिया उमेश प्रजापति द्वारा सलगा पंचायत में जगह जगह पर जाकर किया गया और सभी ग्रामीणों के साथ बातचीत करते हुए मुखिया ने बताया कि सरकार की जो भी योजना गरीबों के हित में आयेगा वह योजना सही सलामत और सही टाइम पर ईमानदारी से हर गरीबों तक पहुंचाने का काम किया जाएगा और यह मेरा संकल्प रहा है। मौके पर उप मुखिया विनय कुमार राम, डीलर राम नरेश यादव एवं स्वयं सहायता समूह की डीलर अनीता देवी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** कलश यात्रा में शामिल हुए मंत्री, हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का किया शुभारंभ

# पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा बाबा खोन्हरनाथ मंदिर : मिथिलेश ठाकुर

**बाबा खोन्हरनाथ मंदिर में पर्यटन विभाग की ओर से 15 करोड़ की लागत से यहां सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर प्रखंड अंतर्गत गिजना गांव स्थित बाबा खोन्हरनाथ मंदिर परिसर के हनुमान मंदिर में भगवान हनुमान की प्रतिमा का पुनर्स्थापन एवं प्राण प्रतिष्ठा की शुरुआत की गई। गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शुक्रवार को पूजा अर्चना कर सिर पर कलश लेकर कलश यात्रा में शामिल होकर अनुष्ठान की शुरुआत की। बनारस से आये विद्वानों ने पूजा अर्चना करायी।

मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने राज्य की जनता को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि आज बहुत ही पावन दिन है। आज के दिन बाबा खोन्हरनाथ परिसर में बजरंग बली मंदिर में भगवान हनुमान की प्रतिमा की पुनर्स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। बाबा खोन्हरनाथ की महिमा अपरंपार है। यहां जिले के कोने-कोने से लोग पूजा अर्चना करने, शादी विवाह करने आते हैं। पहले यहां कोई भी सुविधा नहीं थी।

मंत्री ने कहा कि अब बाबा खोन्हरनाथ मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। झारखंड सरकार के पर्यटन विभाग की पर्यटन स्थलों की सूची में बाबा खोन्हरनाथ मंदिर सूचीबद्ध है। यहां पर्यटन विभाग की ओर से बहुत सारे विकास कार्य कराये जा रहे हैं। अब यहां भवन के साथ मंडप एवं विभिन्न संस्कारों के लिए मंडप बनाये जा रहे हैं। 15 करोड़ की लागत से यहां सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। इस मंदिर का विकास कार्य किया जा रहा है। आने वाले समय में इस परिसर को और बेहतर बनाया जाएगा। बाबा खोन्हरनाथ में हिंदू, मुस्लिम सभी धर्म के लोगों की अटूट आस्था है।

मौके पर गढ़वा के पूर्व उपायुक्त राजेश कुमार पाठक ने भी कलश यात्रा में शामिल होकर पूजा अर्चना की।

श्री पाठक ने भी लोगों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामना देते हुए बाबा खोन्हरनाथ मंदिर में कराये जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। मौके पर मुख्य रूप से बीस सूत्री जिलाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, मनोज ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, परेश तिवारी, अनिता दत्त, जिप अध्यक्ष शांति देवी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, डा. यासिन अंसारी, रेखा चौबे, धीरेंद्र चौबे, फुजैल अहमद, गीतांजली दुबे, दिलीप गुप्ता, बुद्धिनारायण तिवारी, परशुराम तिवारी, बलराम तिवारी, नारद तिवारी, विरेंद्र तिवारी, दुर्योधन तिवारी, मनोज तिवारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी युग पुरुष थे : जवाहर पासवान



**भाजयुमो गढ़वा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित कर पुण्यतिथि मनायी गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजयुमो गढ़वा जिलाध्यक्ष रीतेश चौबे की अध्यक्षता में जिला कार्यालय गढ़वा में भाजपा संस्थापक प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री झारखंड निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित कर पुण्यतिथि मनायी गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता जवाहर पासवान ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी युग पुरुष थे। उन्होंने भाजपा की मांग पर झारखंड को अलग राज्य का दर्जा देने का काम किया था। इसलिए अटल बिहारी बाजपेयी को झारखंड का जनक कहा जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी भाजपा के संस्थापक एवं प्रथम अध्यक्ष बने थे।

उन्होंने कहा कि वाजपेयी जी ने विश्व के मानचित्र में भारत का मान बढ़ाने का काम किया था। वे कई बार सांसद एवं प्रधानमंत्री बने उनके कार्यकाल को अटल युग से जाना जाता है। अटल बिहारी वाजपेयी व्यक्तित्व के धनी थे उनका विपक्ष भी सम्मान करता था। अटल बिहारी बाजपेयी गंभीर बिमारी से ग्रस्त हो चुके थे। बिमारी के दौरान ही एम्स दिल्ली में 16 अगस्त 2018 को जिन्दगी की जंग हार गये। अटल बिहारी वाजपेयी युग पुरुष थे। उनकी मृत्यु पर पूरा देश रोया था। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जैसे महापुरुष इस भूमि पर कभी कभी आते हैं।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारत के मस्तक को हमेशा ऊंचा रहे, इसके लिए सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया था। वे एक अच्छे कवि साहित्यकार भी थे। आज हम सबके बीच अटल बिहारी वाजपेयी नहीं हैं लेकिन उन्होंने भाजपा जैसे संगठन को खड़ा कर जो विचारधारा की नींव रखी है उस विचारधारा को लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी काम कर रहे हैं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरज गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र दूबे, राजीव रंजन तिवारी, जिला कार्यसमिति सदस्य सुरेन्द्र विश्वकर्मा, सुप्रित केशरी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अविनाश पासवान, मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय, नवीन जायसवाल, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अरविंद धर दूबे, नगर मंडल महामंत्री यशवंत मिश्रा, अजीत तिवारी, मनीष गुप्ता, लव कुशवाहा, दिनेश कुशवाहा, अभिषेक तिवारी, बंधु राम, अतुल तिवारी, रमेश राम सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

### बालिका की संदेहास्पद मौत, हत्या की आशंका

**बरही (आजाद सिपाही)।** बरही थाना अंतर्गत धनवार पंचायत के कोरियाडीह ग्राम निवासी सुरेंद्र प्रसाद की 15 वर्षीय नाबालिग बच्ची पूनम कुमारी की संदेहास्पद मौत हो गई। गुरुवार की रात्रि को उक्त बालिका का शव घर के ही पीछे स्थित बदाम के खेत में पड़ा मिला। परिजन धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद व उपस्थित ग्रामीणों के सहयोग से बालिका को आनन बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। मृतका के परिजन व स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद और ग्रामीणों ने मामले का गहन छानबीन कर उद्भेदन करने एवं दोषी पर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर ललित कुमार ने बताया कि मामले की गहन छानबीन की जा रही है। मृतका के मोबाइल का कॉल डिटेल्स निकाला जाएगा।

## आरके पब्लिक स्कूल में प्रतिभा को मिला सम्मान




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** स्वतन्त्रता दिवस के 75वीं वर्षगांठ आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर आरकेपीएस गढ़वा में विद्यालय के संस्थापक राज कुमार पाण्डेय के द्वारा झंडोतोलन किया गया। इसके पश्चात श्री पाण्डेय के द्वारा सीबीएसई 2022 की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया।

12वीं की छात्रा अलीशा खातून, मुस्कान ज्योति, प्राची तिवारी, निधी विश्वकर्मा व चंदा कुमारी एवं 10वीं बोर्ड से अब्दुल हन्नान, अमन सिंह, अफरोज, श्रेया श्रुति, अश्विनी दुबे, आकृति, अखिलेश,आरती, सौरव, सुप्रिया, मानस व हर्ष पाण्डेय को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सभी सम्मानित छात्र-छात्राओं के अभिभावक भी उपस्थित थे। स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद अलखनाथ पांडेय ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में मैत्री पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** एसबीएम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, बभनवै के प्रांगण में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में मैत्री पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत श्री रामकृष्ण शारदा आश्रम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य - डा समाप्ती पाल, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों में डॉ दीपांकर मैती, अपोलिना बाक्सला, शिशिर शा, डॉ परीक्षित लायक, प्राचार्य डॉ शशिकान्त यादव, एसआरएसए टीटीसी व एसबीएम टीटीसी के सहायक प्राध्यापकों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उसके उपरांत एसआरएसए टीटीसी के प्राचार्य डॉ समाप्ति पाल ने मैत्री पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम की महत्ता को बताते हुए बीएड् सत्र 2021-23 के प्रतिभागियों का हौसला अफजाई किया। मुख्य अतिथियों का स्वागत भाषण एसबीएम टीटीसी के प्राचार्य डॉ शशिकांत यादव ने किया और कहा कि इस प्रकार के मैत्रीपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम दोनों महाविद्यालय का एक साथ होते रहना चाहिए, इससे प्रशिक्षुओं के छुपी प्रतिभा प्रदर्शित होती है। धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक अमित सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक पंकज कुमार, राकेश प्रसाद, कुणाल कुमार यादव, सुषमा कुमारी, रविकांत मणी, श्वेता कुमारी, रूपा रानी, मंजरी कुमारी और शितांषु गौरव चक्रवर्ती के साथ-साथ शिक्षकेत्तर कर्मियो में सुधीर कुमार, विवेक कुमार रवि, रविशंकर एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का योगदान सराहनीय रहा।

### चोरों ने उड़ाए बीएसएनएल टावर से 42 बैटरी



**चुरचू (आजाद सिपाही)।** अज्ञात चोर चीचीकला गांव के बीएसएनएल टावर से 42 बैटरी चोरी कर ले गये। जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि बैटरी की कीमत लगभग तीन लाख रुपये होगी। जब टावर बंद हुआ तो ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर देखा तो 42 बैटरी गायब मिली। दूरसंचार अधिकारी के द्वारा शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## ग्रामीण विकास विभाग से संचालित सड़क निर्माण में हो रही अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने जताया विरोध

**प्रेस के माध्यम से जिला उपायुक्त से उक्त योजना की जांच कर गुणवत्तापूर्ण पथ निर्माण का कार्य कराने जाने की मांग की**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पलामू संसदीय क्षेत्र के सांसद विष्णु दयाल राम के द्वारा पिछले 17 अगस्त को भंडरिया प्रशिक्षण सह सामुदायिक सुविधा केंद्र में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए ग्रामीण विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता की तारीफ करते हुए कहा था कि यह पदाधिकारी पथ निर्माण कार्य के गुणवत्ता में किसी तरह के कोई समझौता नहीं करते हैं। वहीं भंडरिया बाजार से जोगिया मठ मंदिर होते हुए बाहर भंडरिया तक ग्रामीण विकास विभाग से संचालित कालीकृत सड़क निर्माण में हो रही अनियमितता को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने गुरुवार को विरोध जताया तथा प्रेस के माध्यम से जिला उपायुक्त से उक्त योजना की जांच कर गुणवत्तापूर्ण पथ निर्माण का कार्य कराने जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि योजना से संबंधित विभाग के पदाधिकारियों की मिलीभगत से संवेदक की ओर से उक्त योजना में घोर अनिमियता बरती जा रही है। विभाग के किसी भी अधिकारी पदाधिकारी की उपस्थिति योजना स्थल पर नहीं रहती है। पदाधिकारियों की अनुपस्थिति में संवेदक के द्वारा मनमानी तरीके से पूर्व की सडक के पीच को जेएसबी मशीन से खुदाई कर उसमें से निकले पत्थर को ही सड़क पर बिछा दिया गया है। उसी के उपर कम मात्रा में मैटेरियल्स देकर जीएसबी कार्य का रूप दे दिया जा रहा है। जीएसबी कार्य का नाम मात्र के लिए खानापूर्ति की जा रही है। जिससे पथ की गुणवत्ता काफी हद तक खराब हो जा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि पथ का निर्माण कार्य पिछले दो माह पूर्व से ही शुरू हो गया है, लेकिन अभी तक योजना स्थल पर योजना का बोर्ड नहीं लगाया गया है, जो घोर अनियमितता को दर्शाता है।

विरोध करने वालों ने भागीरथी विश्वकर्मा, विश्वेश्वर मांझी, उपेंद्र विश्वकर्मा, विनोद उरांव, सूर्यदेव सिंह, कैलाश मांझी, सुजय बाखला, मुनेश्वर सिंह, इन्द्रराज मांझी, नागेंद्र विश्वकर्मा,जेठन बाखला, बालकुमार सिंह, सुमड मांझी आदि के नाम शामिल हैं।

**फर्जीवाड़ा :** केतार प्रखंड में मनरेगा योजनाओं पर ठीकेदार हावी

# अवैध तरीके से हो रही पैसे की उगाही

**मनरेगा से संचालित योजनाओं में बिना मजदूर लगाये भुगतान करने का मामला प्रकाश में आया है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** प्रखंड में इन दिनों मनरेगा से संचालित योजनाओं में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा करने का मामला प्रकाश में आया है। गुप्त सूचना के आधार पर मनरेगा योजना से संचालित योजनाओं में बिना मजदूर लगाये भुगतान करने का मामला प्रकाश में आया है। मीडिया कर्मी कार्य स्थल पर पहुंची तो वहां पाया कि कुछ महीने पहले तो उस योजना में कार्य लगा हुआ था।परंतु हाल फिलहाल ना ही उस योजना का कोई बोर्ड दिखा और ना ही उस योजना पर एक भी मजदूर दिखे और ना हीं संतोषजनक काम दिखा। बताते चलें कि केतार पंचायत में सुनील पाल के तालाब निर्माण, मोहम्मद अली के तालाब निर्माण, कुर्बान अंसारी के घर से अजीबुद्दीन अंसारी के घर तक नाहर मरम्मती, सहित दर्जनों योजनाओं को देखा गया पर कहीं भी मजदूर नहीं दिखे। लोगों का कहना है कि एलबीएस योजना, दीदी बाड़ी योजना, टीसीबी योजना, एवं तालाब के नाम पर सरकार का राशि अवैध तरीके से ठीकेदार डकारने में लगे हैं। नाम नहीं छापने की शर्त पर आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि मनरेगा से संचालित सभी योजनाओं में ठेकेदारी की गई है। इन ठेकेदारों का इस तरह का कार्य करने का पेशा है।ठेकेदार लाभुक से तय कर योजना ठेका पर ले लेते हैं। और आधा अधूरा कार्य कर सिर्फ पैसे का निकासी किया करते हैं। मजदूरों के खाते में पैसा डलवा कर 100- 150 रु कमीशन दे कर पुनः पैसा वापस ले लेते है। वही उक्त ग्रामीणों का कहना है कि सही तरीके से कार्य में लगे मजदूर सहित योजनाओं की जांच की जाए तो सरकारी योजनाओं मे राशि का फजीर्वाड़ा करने का मामला शत प्रतिशत खुलासा हो जाएगा।

### क्या कहते हैं केतार 20 सूत्री अध्यक्ष

20 सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह खरवार के द्वारा बताया गया कि क्षेत्र में चल रही योजनाओं में ब्लॉक कर्मियों के द्वारा अगर गलत तरीके से सिर्फ भुगतान किया जा रहा है तो इसकी जांच होगी। और भ्रष्टाचार में शामिल कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### इस मामले में क्या कहते हैं बीडीओ मुकेश मछुआ

केतार प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने कहा कि मामले की जांच कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। बिना मजदूर लगाये यदि डिमांड लगाए गए हैं तो उसके भुगतान पर रोक लगायी जाएगी।

## विधायक के प्रयास से सिल्ली में जल्द बनेगा आधुनिक अस्पताल

**11 करोड़ रुपये की लागत से होगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली क्षेत्र के लोगों के लिए खुशखबरी है कि विधायक सुदेश कुमार महतो के प्रयास से जल्द ही आधुनिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नये भवन का निर्माण होगा। जिसकी लागत 11 करोड़ रुपये की होगी। विधायक कार्यालय के द्वारा इसकी जानकारी देते हुए बताया गया कि अस्पताल में अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर, फायर फायरिंग सिस्टम की सुविधा भी उपलब्ध होगी। अस्पताल परिसर में चिकित्सकों के लिए थ्री बीएचके के दो फ्लैट, नर्स एवं पारामेडिकल स्टाफ के लिए टू बीएचके के दो फ्लैट एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मी के लिए वन बीएचके का एक नये फ्लैट का निर्माण भी होगा।

सिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने पर विभाग द्वारा जोर दिया जा रहा है। साथ ही छोटे अस्पतालों को बड़े अस्पतालों में अपग्रेड करने की भी तैयारी की जा रही है। इसके तहत प्रखंड में भी लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होंगे। इस अस्पताल में सभी विशेषज्ञ डॉक्टरों के लिए ओपीडी बनाया जाएगा। ताकि विशेषज्ञ डॉक्टर ओपीडी में मरीजों का इलाज करेंगे। इसके अलावा इमरजेंसी की भी सुविधा दी जायेगी। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को प्रसव के लिए अन्यत्र भटकना नहीं पड़े, इसके लिए अस्पताल में प्रसव कक्ष भी बनाया जाएगा। जहां महिलाओं का प्रसव कराया जाएगा। रेफरल अस्पताल भवन में रेडियोलोजी की भी सुविधा होगी। यहां सीटी स्कैन के भी भविष्य में सुविधा को देखते हुए भवन का निर्माण कराया गया है। ऑपरेशन थिएटर भी बनाया गया है ताकि जरूरत पड़ने पर मरीजों का ऑपरेशन किया जा सके।

इसके अलावा अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा इलाज करने के साथ ही 24 घंटे डॉक्टर भी तैनात होंगे। आयुष डॉक्टर भी मरीजों का इलाज करेंगे। वहीं फार्मेसी कक्ष भी बनाया जाएगा, जहां मरीजों को आसानी से दवा उपलब्ध होगी। इसी तरह इस अस्पताल में कैंटीन की भी सुविधा होगी। हालांकि कैंटीन की सुविधा निशुल्क नहीं होगी। कैंटीन में नाश्ता और भोजन करने वालों को शुल्क देना पड़ेगा, लेकिन यह विभाग द्वारा निर्धारित कम शुल्क पर मरीज नाश्ता और भोजन कर सकेंगे। मरीजों के इलाज कराने आने के दौरान कई अभिभावक भी आ जाते हैं, जिन्हें खाना के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। इसके साथ ही सिल्ली के लोटा गांव में स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण किया जाएगा। जिसमें 55 लाख रुपये खर्च किये जायेंगे।

## तमाड़ के कांग्रेसियों ने अनुशासन समिति का सदस्य बनने पर कालीचरण मुंडा को दी बधाई

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ के पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के निर्देशानुसार झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति का सदस्य बनाया गया है। इसके लिए तमाड़ के कांग्रेसियों ने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है एवं कालीचरण मुंडा को अनुशासन समिति का सदस्य बनाने को लेकर उनको हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी है। बधाई देने वालों में अजय साहू, रोशन महतो, बुधराम सिंह मुंडा, मनोहर महतो, संजय सेठ, बसंत सेठ, अशोक महतो, गुरु चरण सिंह मुंडा, चंद्र मोहन सिंह मुंडा, राजकुमार सतकर्मकार, किशन लायक, धर्मेन्द्र तिवारी, कमलेश स्वांसी, विकास दास, अर्जुन सेठ, रूपेश सेठ, अनंत सेठ, उदय मुण्डा, त्रिलोचन मुण्डा, शत्रुघ्न महतो शामिल हैं।

## सिंबायोसिस स्कूल में सुदेश महतो एवं नेहा महतो ने आर्चरी केंद्र का किया उद्घाटन

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल बुडू में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो व आर्चरी संघ के अध्यक्ष नेहा महतो ने संयुक्त रूप से तीर चला कर आर्चरी केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर स्कूल के छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने स्कूल को तीरंदाजी किट प्रदान किये तथा खिलाड़ियों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। सुदेश कुमार महतो ने बच्चों को आर्चरी केंद्र में प्रशिक्षण देकर देश दुनिया में क्षेत्र का नाम रोशन करने की बात कही। नेहा महतो ने कहा कि रांची जिला में यह दूसरा आर्चरी केंद्र होगा। जहां योग्य प्रशिक्षक प्रशिक्षण देकर बच्चों को प्रशिक्षित करेंगे। सिंबायोसिस स्कूल के निर्देशक अली अल अराफात तथा सिंबोसिस स्कूल की प्राचार्य तराना बेगम ने भी बच्चों को खेल में प्रोत्साहन देने की बात कही। मौके पर उलगुलान फाउंडेशन के उपाध्यक्ष राम दुर्लभ सिंह मुंडा, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष सुनील जायसवाल, समाजसेवी व सांसद प्रतिनिधि अड़की अनूप कुमार साहू, समाजसेवी अनूप चेल, रांची जिला आजसू पार्टी उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा, जिप सदस्य परमेश्वरी शांडिल, वरिष्ठ नेता आजसू ताराचंद सिंह मुंडां, हरिहर महतो, दिलीप साहू आदि उपस्थित थे।

## मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** टांगर टोली बुंडू स्थित आश्रम में वर्ष 2022 की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पान स्वांसी सेवा संघ के द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि आजसू विधानसभा प्रभारी राम दुर्लभ सिंह मुंडा व पूर्व जिप सदस्य रमनी बाला देवी तथा विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुनील जायसवाल, पूर्व प्रमुख दिलीप साहू की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी उपहार देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन धनु नाग ने किया।

## बुंडू टोल प्लाजा में 20 किमी के दायरे के अंदर जबरन टोल टैक्स लिये जाने पर लोगों में आक्रोश

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू टोल प्लाजा की 20 किलोमीटर के दायरे के लोगों से टोल प्लाजा में जबरन टोल टैक्स लिया जा रहा है। जिससे आम नागरिक अब गोलबंद होने लगे हैं। राहे, सोनाहातू, तमाड़, तैमारा, सिंदरी, नौढ़ी, पुरनानगर के ग्रामीण एकजुट हो रहे हैं। आज इसको लेकर तैमारा में प्रबुद्ध लोगों की बैठक हुई। जिसमें आंदोलन करने की रूपरेखा तैयार की गयी। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों से टोल प्लाजा में टोल टैक्स नहीं लेने की बात कही है। लेकिन बुंडू टोल प्लाजा में जबरन टैक्स लिया जा रहा है। पास रहने पर भी परेशान किया जा रहा है। यहां के पदाधिकारियों व कर्मचारियों के व्यवहार भी ठीक नहीं हैं। आये दिन किसी से न किसी से तूतू मैमै होती रहती है। इसको लेकर आंदोलन भी किया गया था। आज फिर से आन्दोलन के लिए तैमारा में हुई बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी शांडिल, इंद्र मुंडा, देवीलाल पाहन, सोमा मुंडा, कंचन मुंडा, मुखिया प्रियंका देवी, ताराचंद सिंह मुंडा, जगदीश गुप्ता, मोहन मुंडा, सोहन मुंडा, बैजनाथ मुंडा, लाखा मुंडा आदि शामिल थे। अगली बैठक तमाड़ के वन विश्रामगार में रविवार को होगी।

**कार्यक्रम :** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर मुशायरा सह कवि सम्मेलन का आयोजन

# शहर के प्रसिद्ध कवियों एवं शायरों ने कलाम पेश कर खूब वाहवाही बटोरी

**राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में अंजुम बकाए अदब एवं क्रिएटिव मिशन झारखंड रांची के तत्वावधान में अंजुमन प्लाजा हॉल में मुशायरा सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्षता कवि नसीर अफसर ने तथा मंच संचालन कवि हिदायतुल्ला ने किया।

सम्मेलन में उपस्थित शहर के प्रसिद्ध कवियों एवं शायरों ने अपने-अपने कलाम से श्रोतागण का भरपूर मनोरंजन किया। उदघाटन भाषण उर्दू के शायर बदरे वकार साहब ने एक गजल 'रिश्तों की डोर में तो बंधे आज भी हैं सब, दिल में मगर खुलूस का जज्बा नहीं रहा' के साथ शुरू किया। कवियत्री अंकिता सिन्हा ने 'दरिया के इज्तराब का मतलब नहीं पता, तुमको हमारे ख्वाब का मतलब नहीं पता' मशहूर शायर एजाज अनवर ने 'चाहने वाले निशान छोड़ गए, एक नई दास्तान छोड़ गए, वो परिंदे चले गये लेकिन मीठी जबान छोड़ गए' का गजल पेश कर लोगों की खूब वाहवाही बटोरी। नामवर शायर कुद्रतुल्ला कुदरत द्वारा प्रस्तुत शेर 'आंसुओं को भी शिकायत न रहे बहने की, इस तरह गम में भी हंसने की अदा रखी जाए' पर लोगों ने खुब तालियां बजायी। उर्दू अदब के जाने माने शायर सोहेल साईद ने अपनी गजल से लोगों को रूबरू कराया। उनकी एक और शेर 'जरा उंचाई पर जो भी खड़ा है, समझता है कि वह सबसे बड़ा है' को लोगों ने खूब सराहा। हिन्दी की प्रख्यात कवियित्री ऋतुराज वर्मा एवं रेणु बाला धर ने अपने देश भक्ति गीतों से लोगों के दिलों में अपनी जगह बना ली। इनके गीत की पंक्ति इस प्रकार है। 'योद्धा की तरह मुझको अश्वथामा बना दो, अपने वतन से प्यार महबूबा की तरह करना' 'भारत के शहीदों को हम करते झुक कर सलाम हैं'। सम्मेलन मे सदर मुशायरा नसीर अफसर, उर्दू शायर ओजयर हम्जापूरी आदि ने भी अपने कलाम से श्रोताओं को गदगद कर दिया।

# अकलियतों के साथ हेमंत सरकार ने की नाइंसाफी : रहमतुल्ला अंसारी

**सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में आमया संगठन 23 अगस्त को करेगा राजभवन का घेराव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चान्हो।** सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में आमया संगठन द्वारा निर्धारित 23 अगस्त को राजभवन का घेराव किया जाएगा। शुक्रवार को आम्या ने चान्हो प्रखंड के चोरिया, तरंगा समेत विभिन्न गांवों में जनसंपर्क चलाकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।

इस दौरान उन्होंने बताया कि जिस तरह से उर्दू स्कूल का मामला हो या अकलियत के हक और हुकूक की सरकार ने वादाखिलाफी की है। उर्दू शिक्षकों की बहाली जैसे कई मुद्दे जो सीधा मुसलमानों से जुड़े हैं सरकार बनने से पूर्व हेमंत सोरेन ने जनता को आश्वस्त किया था कि सत्ता में आने के बाद इन सभी वायदों पर कार्य कर मामले को निपटाया जाएगा। परंतु सरकार के तीन वर्ष पूरे होने को हैं और अभी तक एक भी मामले पर सरकार गंभीर नहीं दिखी है। संवैधानिक तरीके से सरकार के कानों तक आवाज पहुंचाने के लिए और समाज के उत्थान के लिए आमया संगठन हमेशा ही संघर्षरत रहा है।

इन्हीं सब मामलों को लेकर राजभवन में पूरे झारखंड प्रदेश से मुसलमानों का जुटान होना है। जिसे लेकर आज पोस्टर भी जारी कर दिया गया है। जगह-जगह जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लोगों से इस महाधरना कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की जा रही है।

इस मौके पर मुख्य रूप से शाहबाज आलम, मोहसिन खान, रिजवान अहमद, इरशाद खान, एनामुल हक, तबरेज खान, मो. इश्तियाक, ताहिर खान समेत अन्य लोग उपस्थित हुए।

## मुखिया के पिता के निधन पर शोक व्यक्त

**नामकुम ( आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत हहाप पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया सह समाजसेवी नन्हे कच्छप के पिता सोमा कच्छप का निधन शुक्रवार को हो गया। उनके निधन पर नामकुम प्रखंड मुखिया संघ सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त किया है।

## खेत में लगे 6 समर्सिबल मोटर की चोरी

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जरिया कटर माली व सरना टोली गांव में छह किसानों के खेतों में फसलों की सिंचाई के लिए बोरिंग में लगी पानी की समर्सिबल मोटर मशीन को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। घटना गुरुवार रात की है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बेड़ो थाना में एक लिखित सूचना दी है। चोरों ने चरवा उरांव, हरी गोप, राजू गोप, शिवचरण गोप, सेवक महतो व बिनोद गोप के खेत में सिंचाई के लिए लगी समर्सिबल को चुरा लिया।

# प्रखंड मुख्यालय सभागार में बाल चर्चा कार्यक्रम का आयोजन

**यूनिसेफ एवं नव भारत जागृति केन्द्र ने संयुक्त रूप से किया कार्यक्रम का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** यूनिसेफ एवं नव भारत जागृति केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में प्रखण्ड मुख्यालय सभागार में बाल चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हेसल, मासू, चिलदाग, सिमलिया, अनगड़ा, राजाडेरा एवं जोन्हा सरकारी मध्य विद्यालय के कुल 26 बाल पत्रकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बीडीओ उत्तम प्रसाद, बीएओ लंबोदर महतो एवं कार्यक्रम पदाधिकारी श्रीमती सुष्मिता भट्टाचार्य ने विशेष रूप से शामिल होकर अपने विचारों व अनुभवों को बच्चों के साथ साझा किया।

चर्चा के दौरान बाल पत्रकारों ने अपने स्कूल एवं गांव की समस्याओं को सामने रखा तथा बचपन बचाओ, बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल यौन शोषण आदि पर रोक लगाने को लेकर प्रशासनिक स्तर पर क्या कदम उठाए गये हैं इस पर सवाल किये। बीडीओ उतम प्रसाद ने सवालों का जवाब देते हुए कहा कि इन सब के जड़ मे अशिक्षा व गरीबी है और इसे तभी दूर किया जा सकता है जब सभी लोग जागरूक होंगे।

चर्चा के दौरान बच्चों ने बिजली की समस्या, स्कूल मे पानी एवं शौचालय की समस्या, खेल मैदान की कमी, स्कूल के सामने शराब दुकान का संचालन आदि कई महत्वपूर्ण मुद्धों को सामने रखा। कार्यक्रम को सफल बनाने मे नव भारत जागृति केन्द्र के प्रखण्ड समन्वयक शिवचरण मुण्डा, श्रीमती सरिता देवी आदि का योगदान रहा।

**कार्यक्रम :** प्रमोद महतो एवं शमीम अंसारी के शहादत दिवस पर प्रेमचंद इंटर कॉलेज में प्रतियोगिता का आयोजन

# अतिथियों ने सफल प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

**अतिथियों ने दोनों शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया श्रद्धासुमन अर्पित**

आजाद सिपाही संवाददाता





**ओरमांझी।** शहीद प्रमोद महतो और शहीद शमीम अंसारी के शहादत दिवस पर प्रेमचंद इण्टर कॉलेज में क्विज, चित्रांकन एवं बालक-बालिकाओं के लिए फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों ने दोनों शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि।

क्विज प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार पीसी हाई स्कूल की ममता कुमारी, पुरुषोत्म कौल, आर्यन राज, द्वितीय पुरस्कार दीपाटोली विवेक मेमोरियल स्कूल के निखिल कुमार, राज सिंह, सत्यम उपाध्याय, तृतीय पुरस्कार विकास विद्यालय के भौमिक लखन, स्वेतांक कुमार एवं कुशाग्र शेखर को मिला।

चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पीसी मध्य विद्यालय मेसरा की अक्षरा फिरदौस, द्वितीय पुरस्कार विवेक मेमोरियल मेसरा के प्रतीक राज, तृतीय पुरस्कार विकास विद्यालय के अर्श राहान को दिया गया।

बालक फुटबॉल प्रतियोगिता के विजेता ब्लू हाउस और बालिका वर्ग की विजेता ग्रीन हाउस टीम को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि प्रमुख सोमनाथ मुण्डा एवं अन्य अतिथियों में पूर्व प्रमुख प्रेमचंद महतो, पूर्व जिला परिषद सदस्य शशिकला देवी, जिला परिषद सदस्य संजय महतो, पंसस मदन महतो, मुखिया कामेश्वर मुंडा, सूरज प्रकाश महतो, बीएन खन्ना, रामलखन महतो, संतोष महतो, मनेश महतो, केतकी देवी, प्राचार्य उमेश यादव, प्राचार्य उपेन्द्र प्रसाद सिंह आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### लापुंग प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड क्षेत्र में कृष्ण जन्माष्टमी की त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस दौरान लोगों ने अपने घरों में एवं मंदिरों में पूजा अर्चना की। ककरिया में सुधीर साहू के घर में सार्वजनिक रूप से पूजा अर्चना की गयी। इस दौरान पुजारी सुरेश देवघरिया के द्वारा पूजा के सारे अनुष्ठान कराये गये। वहीं कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर छोटे बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। छोटे बच्चे राधा कृष्ण का आकर्षक रूप धर कर जन्माष्टमी उत्सव का हिस्सा बने। जिसमें बुजुर्गों में भी उत्साह व्याप्त है।

### बेड़ो में उत्साह से मना जन्माष्टमी का पर्व

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। जहां प्रखंड सहित ग्रामीण क्षेत्रों में त्योहार को लेकर उत्साह चरम पर रहा। वहीं घरों में लोगों ने व्रत रखा एवं छोटे-छोटे बच्चों को राधा-कृष्ण बनाया गया। महादानी मंदिर परिसर स्थित राधा कृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना की गई और अहीर समाज के द्वारा खीर वितरण किया गया। वहीं तुको गांव में आशुतोष पांडेय के घर में स्थापित राधे कृष्णा मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी उत्साह के साथ मनाया गया।

### शिविर लगाकर की गयी निशुल्क जांच



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** द्वारिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर टाटीसिलवे की ओर से पतरहातू पंचायत भवन (सिल्ली) में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर दर्जनों मरीजों की जांच की गई। हॉस्पिटल के डायरेक्टर डा एसके निराला ने बताया कि शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक किया गया। शिविर में शिशु रोग, स्त्री रोग एवं जनरल फिजीशियन विशेषज्ञ के द्वारा रोगों की जांच की गई। डायरेक्टर डॉ एसके निराला ने बताया कि हॉस्पिटल द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब लोगों का स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर निशुल्क जांच की जाती है। शिविर के सफल आयोजन में डॉ प्रमोद कुमार, सिस्टर शीतल महतो, जयंती कुमारी, दिवा पासवान सहित हॉस्पिटल के कर्मी शामिल थे।

### जरिया गांव में देवी मंडप नवनिर्माण का शिलान्यास



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जरिया गांव में देवी मंडप नवनिर्माण कार्य का जन्माष्टमी के अवसर पर शुक्रवार को शिलान्यास किया गया। इस दौरान पुजारी भीम पाठक ने मां भगवती दुर्गा की पूजा अर्चना व धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया। साथ ही गांव के तुरिया पहान व विशु उरांव ने पूजा अर्चना के बाद विधिवत शिलान्यास किया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में पंसस विशेश्वर उरांव, तुरिया पहान, विजय उरांव, सचिन पहान, सुरेश महतो, ब्रजेश महतो, पवन बड़ाईक, मीना देवी, प्रतिमा तिग्गा, छोटू गोप व सुभाष गोप समेत दर्जनों ग्रामीणों ने सराहनीय योगदान दिया।

### अनगड़ा के हेसल गांव में नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** उषा मार्टिन फाउंडेशन के तहत शालिनी अस्पताल अनगड़ा की ओर से शुक्रवार को हेसल गांव में नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उदघाटन हेसल पंचायत की मुखिया कविता देवी एवं समाजसेवी रामपोदो महतो ने संयुक्त रूप से किया। इस शिविर में 60 से भी अधिक मरीजों के दांत संबंधी बीमारियों की जांच की गई तथा दवा का वितरण किया गया। मरीजों की जांच प्रसिद्ध दंत रोग विशेषज्ञ डॉ विनित राज, डॉ विशाल राज एवं डॉ स्नेहा कुमारी ने किया। इस अवसर पर चिकित्सकों ने ग्रामीणों को दांत संबंधी रोगों से बचाव के लिए कई महत्वपूर्ण परामर्श भी दिए। शिविर को सफल बनाने मे सचिन्द्र कुमार, अमित महतो, मोहर महतो, समाजसेवी मिनहाज आलम, पंसस शीला देवी, उषा मार्टिन फाउंडेशन के भुनेश्वर महतो, रितेश कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व नगड़ी क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व क्षेत्र में बड़े ही उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। भारी बरसात के बीच श्रद्धालु अपने घरों में या मंदिरों में जाकर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना की। मौके पर क्षेत्र की छोटी छोटी कन्याओं ने उपवास में रहकर बड़े ही भक्ति भाव से पूजन किये। कई जगहों पर दही हांडी का कार्यक्रम था, लेकिन भारी बरसात की वजह से कार्यक्रम को छोटा करना पड़ा। लोग अपने अपने बच्चों को श्रीकृष्ण के बाल रूप में कपड़ों से सजाये थे। मौके पर नगड़ी के राधा कृष्ण मंदिर में शुक्रवार को आधी रात 12 बजे को विशेष पूजन कर महाआरती की गयी।

### नगड़ी में गणेश पूजा समिति का गठन

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के स्वर्णरेखा चौक साहेर में गणेश पूजा को लेकर समाजसेवी रामा महतो की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर साल की भांति इस साल भी धूमधाम से गणेश उत्सव मनाया जाएगा। इसके लिये समिति का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक में काली महतो, मगन महतो, रामजीत महतो, रुपेश महतो, अध्यक्ष राजमोहन महतो, सचिव पवन साहू एवं कोषाध्यक्ष प्रकाश महतो तथा कार्यकारी अध्यक्ष गुड्डू महतो, महामंत्री दीपक महतो को बनाया गया। बैठक में महेश महतो, राकेश महतो, दुर्गा महतो, शंकर महतो, अजय महतो, इंदर महतो, अदीत साहू, रितेश महतो, गोवर्धन महतो, गणेश सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## कार्रवाई : सड़क पर राहगीरों को लूटने वाले गिरोह का पलामू पुलिस ने किया भंडाफोड़

# लूटकांड में नाबालिग समेत नौ गिरफ्तार

**लूटपाट की एक अन्य घटना में तीन आरोपित अब भी फरार, तलाश में जुटी पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में राहगीरों से लूटपाट किए जाने के तीन घटनाओं का खुलासा करते हुए एक नाबालिक सहित नौ आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विगत 15 अप्रैल की रात 11.45 बजे नावाबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत कंडा घाटी में जमशेदपुर से बिहार लौटने के क्रम में वादी बबलू कुमार यादव व चालक मुकेश कुमार यादव की गाड़ी को रोक कर वाहन से आए तीन-चार अपराधियों ने मारपीट कर करीब 10 रुपये नकद, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड व क्रेडिट कार्ड आदि लूट ली गई थी। इसके बाद नावाबाजार थाना में कांड दर्ज कर डीएसप विश्रामपुर के नेतृत्व में थाना प्रभारी दीपक कुमार दास, नंद किशोर ने जांच करते हुए


लूटकांड में शामिल आरोपितों की जानकारी देते पुलिस के आला अधिकारी।

लूटे गये मोबाइल को रोहतास के नोखा निवाासी विदेव कुमार से बरामद किया गया। उक्त टीम में पुअनि कुणाल राजा व सअनि सुनिल कुमार - 2 व सशस्त्र बल शामिल थे। बाद में पकड़े गए नााबलिक आरोपित की निशानदेही पर रोहतास के नोखा निवासी अजय कुमार, शनि कुमार व धर्मेन्द्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। उनसे पूछताछ में आरोपितों ने लूट में अपनी संलिप्ता स्वीकार कर ली। उनकी निशानदेही पर स्कार्पियो कार भी बरामद कर लिया गया। तीनों आरोपितों को जेल भेज दिया गया, वहीं नाबालिक विदेव को निरूद्ध कर मेदिनीनगर बाल गृह भेजा जा रहा है।

### लूट और चोरी के दो आरोपित गिरफ्तार

दूसरी ओर, तरहसी थाना क्षेत्र के पाईन जंगल में पिछले 16 अगस्त को मार्ग लूट की घटना को अंजाम देने के आरोपित सुनिल कुमार व उपेंद्र कुमार कुमार को गुरुवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस कांड के उद्भेदन के साथ ही 14 अगस्त को तरहसी में चोरी की घटना का भी खुलासा कर दिया। इसमे तरहसी के गुरहा निवासी सुनिल कुमार व पांकी के सलगस निवासी उपेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उपेंद्र को पुलिस ने उसकी मौसी के घर लेस्लीगंज के गोराडीह से गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर तरसही के रामजी सोनी व अरूण सोनी के बर्त्तन दुकान से चोरी के बर्त्तनों को भी बरामद कर लिया गया है। एसपी ने बताया कि 16 अगस्त को पाइन जंगल में कसमार निवासी जितेंद्र कुमार के साथ तीन से चार अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर मोबाइल, आभूषण और नकदी की लूटपाट की थी। इसके बाद थाना प्रभारी करमपाल भगत के नेतृत्व में गठित टीम ने सूचना के आधार व तकनीकी जानकारी पर मामले का खुलासा कर दिया। इस मामले में रामजी भुइयां, अनिल भुइयां व निरजंन महतो फरार है।

## एक साल पहले बाइक लूट कांड के तीन आरोपित गिरफ्तार

**पहचान छिपा कर होटल में कर रहे थे काम**

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** लेस्लीगंज थाना पुलिस ने पिछले 11 सितंबर को लेस्लीगंज पेट्रोल पंप के पास हुए बाइक लूट की घटना का उद्भेदन कर दिया है। इस मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पिछले 22 सितंबर को सगालिम जाने के क्रम में सुधीर कुमार पासवान के साथ अज्ञात अपराधियों ने लूटपाट की थी। इसमें वादी की बाइक सहित दो हजार रुपया, मोबाइल फोन व एटीमए कार्ड लूटकर अपराधी फरार हो गए थ। इस बीच थाना प्रभारी गौतम कुमार राय, विट्ठू कुमार, सअनि परमानंद पाल व टीम में शामिल पुलिस बल ने सूचना के आधार पर पाटन थाना के कुंदरी के जंगल से लूटी गई बाइक बरामद कर ली थी। अग्रत्तर अनुसंधान के क्रम में पता चला कि दारूडीह निवासी शत्रुधन कुमार मेहता द्वारा लूटी गई फोन के सिम का उपायोग किया जा रहा है। जिसके बाद टावर लोकेशन के आधार पर शुक्रवार को छापामारी कर मेदिनीनगर के आर्यन होटल में काम कर रहे शत्रुधन मेहता को लूटी हुई मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम में उसने अपना अपराध स्वीकार करते हुए कांड में शामिल गुलशन कुमार व विशाल भास्कर की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया। वहीं राजन की गिरफ्तारी का प्रयास जारी है। उनके निशानदेही पर लूटी गई बाइक से निकाली गई वैट्री को भी जब्त किया गया। पुलिस ने लूट में इस्तेमाल बाइक भी बरामद कर ली है।

## झारखंड के 57 लाख गरीब परिवारों को मिल रहा सोना-सोबरन योजना का लाभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल ने सोना सोबरन योजना के तहत वहां के पीडीएस डीलर अवध किशोर प्रसाद और गुलाम गौस के कार्डधारकों के बीच धोती साड़ी वितरित किया। मुखिया ने कहा कि झारखंड सरकार की उक्त महत्वाकांक्षी योजना से सूबे के 57 लाख गरीब परिवारों को सीधा लाभ मिल रहा है। केंद्र सरकार की कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की तरह झारखंड सरकार की सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना गरीबों के लिए कारगर साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि 10-10 रुपये में गरीबों को धोती साड़ी और लुंगी उपलब्ध कराकर सरकार उनकी इज्जत बचाई है। क्योंकि आज भी कई ऐसे परिवार हैं जिन्हें अपनी इज्जत आबरू ढकने के लिए उनके पास पर्याप्त वस्त्र नहीं हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो धोती साड़ी और लुंगी गरीबों को दिया जा रहा है उसकी क्वालिटी में और सुधार करने की आवश्यकता है, ताकि गरीब परिवार के लोग उसका उपयोग कर सके। उन्होंने कहा कि कपड़े की गुणवत्ता काफी निम्नस्तर के होने के कारण उसका उपयोग गरीब परिवार के लोग नहीं कर पाते हैं। ऐसी हालात में उसे वितरित करने का फिर कोई औचित्य नहीं रह जाता है। इस मौके पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल ने भी धोती साड़ी और लुंगी की गुणवत्ता में सुधार करने की जरूरत बताई ताकि जिस उद्देश्य को लेकर सरकार इस महत्वकांक्षी योजना की शुरूआत की है उस उद्देश्य की पूर्ति हो सके।

# प्राथमिकता के आधार पर सभी ग्रामीण सड़कों का होगा जीर्णोद्धार:कमलेश सिंह

**हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के तीन ग्रामीण पथ का विधायक ने किया शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को हुसैनाबाद के पुरंदर बिगहा से बुधुआ, हैदरनगर के बिलासपुर मोड़ से सडेया, जिन ताड़ से बलडिहरी, कोसियरा रेलवे स्टेशन, बागड़ा होते गाजी बिहरा तक के सड़क निर्माण का शुक्रवार को शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि 2005 में चुनाव जीतने के बाद उन्होंने हुसैनाबाद, हरिहरगंज, पिपरा, हैदरनगर व मोहम्मदगंज की एक एक ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराना शुरू किया। उससे पहले उन सड़कों की



मरम्मत तक किसी जनप्रतिनिधि ने कराना मुनासिब नहीं समझा। 2019 में जीतने के बाद कोरोना ने कार्य बाधित किया। अब पुनः उन सड़कों के जीर्णोद्धार का काम एक-एक कर किया जा रहा है। उन्होंने जनता को खुद आकलन करने की बात कही। कहा कि सिर्फ सड़कें ही नहीं स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। आगे और भी होगा। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद नगर पंचायत के लोगों को पीने का पानी अब चापाकल पर नहीं भरना होगा। हुसैनाबाद के तीन स्थानों पर पानी टंकी का निर्माण कार्य युद्ध स्तर चल रहा है। नगर पंचायत क्षेत्र की जनता को आने वाले दिनों में शुद्ध पानी की आपूर्ति नल के माध्यम से होने लगेगी। उन्होंने कहा कि एनसीपी शुरू से विकास की राजनीति करती रही है। उन्होंने कहा कि कार्य करने वाली एजेंसी गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखे। गुणवत्ता से किसी कीमत पर समझौता नहीं किया जायेगा। इस मौके पर एनसीपी नेता विनय सिंह, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, चंदन सिंह, मनान खान, संजय सिंह, अकबर खान, रौनक सिंह, जफर इमाम, योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डु सिंह, कृष्णा सिंह, विनय पासवान, प्रिंस शर्मा, राजकुमार ठाकुर, विजय राजवंशी, ललित सिंह, अमित पाठक आदि मौजूद थे।

## श्राद्धकर्म कार्यक्रमो में शामिल हुए आजसू नेता पंकज



ललपनिया (आजाद सिपाही)। गोमिया के विधायक डॉ्न लंबोदर महतो के आदेशानुसार शुक्रवार को कुड़मी/कुरमी सेना के गोमिया विधानसभा प्रभारी सह आजसू युवा नेता पंकज कुमार चौधरी ने गुरुवार शाम को गोमिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत तिलैया पंचायत के दनिया व गयछनदवा व अन्य गांवो का दौरा कर लोगो की विभिन्न समस्याए सुने, ततपश्चात अविलंब समस्याओं का निदान करने का भरोसा दिया। इसके साथ ही उन्होंने उक्त गांव के दो घरो में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां आजसू युवा नेता पंकज कुमार चौधरी ने दोनो घरो के शौकसंतप्त परिवारो को ढांढस बंधाते हुए कहा की इस दुःख की घड़ी में वे परिजनों के साथ है।

# जपला रेलकर्मियों की मूलभूत सुविधाओं का शीघ्र होगा विस्तार : वीरेंद्र पासवान

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला रेल कालनियों में रह रहे रेलकर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने को लेकर रेल प्रशासन जल्द ही बाउंड्रीवाल का निर्माण शुरू करेगा। साथ ही पानी, बिजली, आवास मरम्मत जैसी बुनियादी सुविधाओं को भी प्राथमिकता दी जाएगी। इस बात का निर्णय रेल मंडल द्वारा गठित ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन डेहरीऑनसोन शाखा संग सहायक मंडल अभियंता जपला की हुई अनौपचारिक बैठक में लिया गया। जिसकी अध्यक्षता जपला पूर्व-मध्य रेल के सहायक मंडल अभियंता शीवनंदन प्रसाद ने की। ईसीआरकेयू के उपाध्यक्ष वीरेंद्र पासवान ने बताया कि कॉलोनियों




में रह रहे रेलकर्मियों की सबसे बड़ी समस्या पानी की किल्लत, नाले की सफाई, पर्याप्त रौशनी और जर्जर आवासों की मरम्मत आदि है। जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर खत्म करने की दिशा में रेल प्रशासन एवं यूनियन का प्रयास जारी है। शीघ्र ही जपला बाउंड्रीवाल व समरसेबूल लगाकर सेक्शन वाईज जलापूर्ति सुनिश्चित कराई जाएगी। आवासों की मरम्मत व रंगरोपन भी शुरू होगा। वहीं, मेडिकल विभाग ने यूनियन की पहल पर सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी, पूमरे डेहरी डॉ हरदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में जपला स्टेशन पर रेलकर्मियों के स्वास्थ्य जांच के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर जांच की गई और दवाईयां व जरूरी सुझाव दिए गए। इस मौके पर एडीएमओ डॉ हरदीप कुमार सिंह, ईसीआरकेयू के सचिव एसपी सिंह, यूनियन उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार, जपला स्टेशन अधीक्षक संजय सिंह, हरेन्द्र सिंह आदि मौजूद थे।

## बच्चे भगवान समान, उन्हें जाति-धर्म का नहीं होता बोध : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विमला पांडे मेमोरियल ज्ञान निकेतन में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में शुक्रवार को बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे कार्यक्रम में महापौर अरुणा शंकर ने शिरकत की। कहा कि बच्चे भगवान के समान होते हैं। उन्हें न जात पात से मतलब होता ना ही किसी धर्म का बोध ना दिल में किसी के प्रति इर्ष्या होती है। बस उनके मन में सबों के प्रति प्यार होता। हम सब को भी बच्चे बहुत






कुछ सिखा जाते हैं जो इंसान को एक उत्तम व्यक्ति बना सकता। महापौर ने छोटे-छोटे बच्चों को कृष्ण और राधा बने देख भाव विभोर हो गईं। कहा कि काश इंसान का जीवन बच्चों समान होता तो सॉरी सामाजिक कुरीतियां खत्म हो जाते। महापौर ने इस अवसर पर शहर के कई जगहों में अपने नाती पराक्रम को कृष्ण के अवतार में सजा कर जन्माष्टमी के दर्शन करने भी गईं।

## पाटन में कांग्रेस ने महंगाई पर की चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस ने शुक्रवार को छतरपुर विधानसभा के पाटन प्रखंड में महंगाई पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया। इस क्रम में केंद्र की मोदी सरकार का विरोध करते हुए कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने कहा कि जो आशा और विश्वास सरकार ने दिलाई थी वह पूरा करने में विफल रही है। अब आटा, चावल, दही, पनीर, शहद, जैसी रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं पर वस्तु एवं सेवा कर लगाकर उसे



महंगा कर दिया है। कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष रामानंद पांडेय की अध्यक्षता व कांग्रेस के अनुसूचित जाति विंग के जिलाध्यक्ष अशोक पासवान के संचालन में हुए कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक, कार्यक्रम प्रभारी विमला कुमारी, जिला उपाध्यक्ष विनोद तिवारी, शमीम अहमद राइन आदि ने ड्डी विषय रखा। कांग्रेस पार्टी 17 अगस्त से 23 अगस्त के बीच महंगाई पर चर्चा कार्यक्रम अभियान के तहत जनता के बीच जा रही है।

## पवन बने नगर पंचायत के विधायक प्रतिनिधि

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद नगर पंचायत के समाजसेवी व प्रतिष्ठित व्यवसायी पवन कुमार अग्रवाल को विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी को भेजे गये पत्र में कहा है कि उनकी अनुपस्थिति में नगर पंचायत में होने वाली सभी बैठकों में भाग लेने के लिये उनके स्तर पर पवन कुमार अग्रवाल को अधिकृत किया गया है। इनके मनोनयन से कई वार्ड पार्षदों ने खुशी है।

# स्पोर्ट्स

**इंडिया**

दुबई में 27 अगस्त से एशिका कप का आगाज होने जा रहा है। 28 अगस्त को ही भारत और उसके चीर प्रतिद्वंदी पाकिस्कान के साथ मुकाबला होगा। आगामी 11 सितंबर को फाइनल मैच खेला जाएगा।

## क्रेज : 54 हजार का टिकट ब्लैक में बिका सवा तीन लाख का, दुबई में 28 अगस्त को मुकाबला

# तीन घंटे में ही बिक गये भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट

**27 अगस्त से शुरू हो रहा एशिया कप, 11 सितंबर को होगा फाइनल मैच**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एशिया कप में 28 अगस्त को होने वाले भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच का टिकट पाने की अनोखी होड़ शुरू हो गई है। दुबई में होने जा रहे इस मैच के टिकट 15 अगस्त को बिकने शुरू हुए थे। सिर्फ तीन घंटे में ही सारे टिकट बिक गए। डिमांड इतनी थी कि, कई प्रशंसकों को पांच लाख से अधिक की ऑनलाइन वेटिंग लिस्ट में भी शामिल होना पड़ा। इस बीच भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट क्लासिफाइड वेबसाइट और सोशल मीडिया के जरिए धड़ल्ले से ब्लैक में बेचे जा रहे हैं। एक टिकट 5,500 दिरहम (करीब 1.20 लाख रुपये) में बेचा जा रहा है, जबकि इस टिकट की वास्तविक कीमत 54 हजार रुपये है। इसी तरह 5400 रुपये का साधारण टिकट 54 हजार रुपये में मिल रहा है। हालांकि एशिया कप के टिकटिंग पार्टनर प्लेटिनम लिस्ट ने बताया कि टिकट की ऐसी बिक्री अवैध है। लोगों को ध्यान रखना होगा कि स्टेडियम में एंट्री के दौरान ऐसे टिकटों को अमान्य करार दिया जा सकता है, जो दूसरे माध्यम से खरीदे गए हैं।

### आयोजकों ने टिकट बिक्री में किया बदलाव

**वहीं, आयोजकों ने भी अब टिकट बिक्री में बदलाव कर दिया है। अब भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट अन्य मैचों के पैकेज के साथ ही उपलब्ध होंगे। टिकट पाने वाले एक प्रशंसक ने बताया कि वह सुबह आठ बजे ही एक साथ चार कंप्यूटरों पर वेबसाइट खोलीं। भाग्यशाली रहा कि 20 मिनट में ही टिकट मिल गया।**




### सुपर-4 या फाइनल में मुकाबले की उम्मीद

कई प्रशंसक जो पहले मैच का टिकट पाने में असफल रहे, वे फाइनल और सुपर-4 मैच के लिए सीट रिजर्व करने की कोशिशों में जुटे हैं।

### फिटनेस कैंप के लिए आज एनसीए पहुंचेगी टीम इंडिया, एशिया कप के लिए कल होंगे रवाना

**नई दिल्ली (एजेंसी)। एशिया कप 2022 टी-20 टूनार्मेंट 27 अगस्त को यूएई में शुरू होगा। भारतीय टीम ने पिछले दो सीजन में ट्रॉफी जीती है और इस बार भी भारतीय टीम खिताब जीतने की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। 27 अगस्त से शुरू होने वाले इस टूनार्मेंट में भारत सहित छह टीमें हिस्सा लेंगी। भारत, पाकिस्तान और क्वालीफाईंग टूनार्मेंट जीतने वाली टीम ग्रुप ए में शामिल है, जबकि श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश ग्रुप बी में है। सभी मैच स्थानीय समयानुसार शाम छहबजे (भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे) शुरू होंगे। दुबई में 10 और शारजाह में तीन मैच होंगे। बीसीसीआई ने पहले ही भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। हालांकि संयुक्त अरब अमीरात के लिए रवाना होने से पहले टीम इंडिया शनिवार को बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी जाएगी। जहां टीम को अनिवार्य फिटनेस कैंप में शामिल होना। खबरों की मानें तो मंगलवार को टीम इंडिया दुबई के लिए रवाना हो सकती है।**

## काउंटी क्रिकेट खेलेंगे सिराज, वारविकशर के लिए खेलने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज इंग्लिश काउंटी चैम्पियनशिप में खेलेंगे। वे सितंबर में वारविकशर के लिए के सीजन के आखिरी के 3 मुकाबलों में खेलते हुए नजर आएंगे। सिराज इस सत्र में वारविकशर की ओर से खेलने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। उनसे पहले कृणाल पंड्या ने रॉयल लंदन कप वनडे चैम्पियनशिप के लिए क्लब से करार किया था। 28 साल के हैदराबादी गेंदबाज वर्तमान में जिम्बाब्वे में वनडे सीरीज खेल रही टीम इंडिया का हिस्सा हैं। सिराज ने पहले मैच में 8 ओवर फेंके और दो मेडल के साथ 36 रन देकर एक विकेट हासिल किया।

काउंटी क्लब ने एक बयान में कहा कि 'वारविकशर काउंटी क्रिकेट क्लब ने भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज से काउंटी चैम्पियनशिप सत्र के अंतिम तीन मैचों के लिये करार किया है। वे 12 सितंबर को सॉमरसेट के खिलाफ घरेलू मुकाबले से पहले एजबेस्टन में पहुंच जाएंगे। बतातें चलें कि टीम इंडिया ने मेजबान जिम्बाब्वे को आसानी से 10 विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। सीरीज का दूसरा मैच 20 अगस्त और आखिरी मुकाबला 22 अगस्त को खेला जाएगा।

## झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति ने फूंका बीबीएमकेयू कुलपति का पुतला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति की ओर से शुक्रवार को धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर समिति के संस्थापक बेंगू ठाकुर ने कहा कि बीबीएमकेयू विश्वविद्यालय में परीक्षा देने से बांग्ला एवं उर्दू का उत्तर पुस्तिका जांच नहीं की जाएगी। उसको अमल किया जाएगा। इस भाषा विरोधी कुलपति का हम लोग पुतला दहन कर रहे हैं। पुतला दहन प्रदर्शन के बाद भी अगर बांग्ला एवं उर्दू को वापस नहीं लिया जाता है तो कोयलांचल के साथ ही पूरे झारखंड में आंदोलन का बिगुल फूंका जाएगा। क्योंकि किसी भई कीमत पर बांग्ला एवं उर्दू के छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने नहीं दिया जाएगा। इस विषय पर हम लोग सभी छात्र-छात्राओं को लेकर झारखंड के राज्यपाल को इन समस्याओं से अवगत कराएंगे। यहां दोनों भाषा भाषियों के छात्र-छात्राओं की संख्या विश्वविद्यालय में काफी है और इसको बंद करने से काफी लोगों के बीच आक्रोश है। हम लोग समिति की ओर से यह मांग करते हैं कि बांग्ला एवं उर्दू को अविलंब चालू किया जाए। इस दौरान मौके पर कल्याण भट्टाचार्जी, रघुनाथ राय, टनी बनर्जी, सुशोभन चक्रवर्ती, राणा चट्टराज, सम्राट चौधरी, कल्याण राय, राजू प्रमाणित, शिबू चक्रवर्ती, कार्तिक मुखर्जी, आशीष मंडल, ललन पाल, देवाशीष राय और उत्तम मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### भाई को राखी बांधने दो बच्चों को साथ लेकर मायके गयी थी मां

# किशोरी ने की खुदकुशी

**मौके से मृतका का मोबाइल फोन बरामद, पुलिस ने जब्त कर शुरू की जांच**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**महुदा।** थाना अंतर्गत लालबंगलो पांडेडीह में 17 वर्षीय किशोरी द्वारा अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान कुमकुम नोनिया के रूप में हुई है। शुक्रवार की सुबह घर के कमरे से उसका फंदे से लटकता बरामद हुआ। बताया गया कि मृतका की मां, अपनी छोटी बेटी और बेटा को लेकर साथ लेकर मायके भाई को राखी बांधने गई थी। किशोरी घर पर अकेले थी। स्थानीय लोगों की मानें तो गुरुवार की रात में कुमकुम खाना खाकर घर के ऊपरी माले पर स्थित कमरे में सोने चली गई। शुक्रवार की सुबह काफी देर होने के बावजूद जब कुमकुम ने दरवाजा नहीं खोला तो दादी ने दरवाजा खोलने के लिये आवाज लगाई। फिर भी दरवाजा नहीं खुला। इस पर दादी ने आस-पड़ोस के लोगों को इसकी जानकारी दी। लोगों को संदेह हुआ तो सीढ़ी लगाकर खिड़की खोला तो कुमकुम फंदे से झूलती मिली। तब लोगों ने तुरंत इसकी सूचना महुदा पुलिस को दी। कुछ देर में ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। खिड़की तोड़ कमरे में प्रवेश किया और शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद अस्पताल भेज दिया। साथ ही जिस टेबल के सहारे किशोरी ने फंदा लगाई थी उसी पर उसका मोबाइल फोन भी था, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया। रिपोर्ट आने के बाद ही मौते के असल कारणों का पता चल सकेगा।



खिड़की के सहारे घर में प्रवेश करने की कोशिश करते स्थानीय लोग।

## मुर्गी लदे पिकअप वैन के धक्के से एटीएम गार्ड की मौत



**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास थाना क्षेत्र के भटपुरना मोड़ स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के एटीएम में तैनात गार्ड की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक की पहचान रवि कुमार चौहान के रूप में हुई है। वह सोनारडीह का रहने वाला था। वह एसआईएस में गार्ड की नौकरी करता था। फिलहाल भटपुरना मोड़ स्थित एसबीआई के एटीएम में उसकी तैनाती थी। जानकारी के मुताबिक गुरुवार की रात नाइट ड्यूटी में था। शुक्रवार की सुबह ड्यूटी ऑफ होने के बाद वह बाइक से अपने घर के लिए जा रहा था। इसी बीच मेहताडीह पेट्रोल पंप के समीप सामने से तेज गति से आ रही पीकअप वैन ने उसे जोरदार धक्का मार दिया। वैन में मुर्गी लदी थी। वाहन से धक्के के बाद रवि सड़क पर गिर पड़ा। घटना के बाद आसपास के लोग जुटे। आनन-फानन में घायल रवि को एसएनएमएमसीएच लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, लोगों का कहना है कि रवि को समय पर अस्पताल ले जाया जाता तो उसकी जान बच सकची थी। उधर, रवि की मौत से उसकी पत्नी और डेढ़ साल की बेटी का रो-रो कर बुरा हाल है।

## भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर झरिया के कई स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**झरिया।** झरिया क्षेत्र के स्कूलों में गुरुवार को युग प्रवर्तक भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूली छात्रों ने नाट्य प्रस्तुति देकर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का वर्णन किया गया। झरिया किड्स गार्डन सेकेंडरी स्कूल में विद्यालय निदेशिका डॉ शोभा सिन्हा के प्रोत्साहन से जूनियर और सीनियर छात्रों द्वारा गीत, नृत्य और लघु नाटिका प्रस्तुत किया गया। प्राचार्या डॉ स्नेहलता सिन्हा व उप प्राचार्य एके वर्मा भी मौके पर उपस्थित थे। कार्यक्रम नृत्य कला विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाओं के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने पेश किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शैक्षणिक शिक्षक प्रभारी आशित बनर्जी, दीपा राय चौधरी, एस दत्ता, डी शुपकर, अपर्णा दत्ता, रंजीत सर और रोजी मिस आदि का पूर्ण योगदान रहा।

वहीं, सेंट जेवियर्स स्कूल शालीमार में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राधा कृष्ण रूप प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन स्कूल के निदेशक आर पीटर साह ने किया। कार्यक्रम में नर्सरी से क्लास एक के बच्चों ने श्रीकृष्ण और राधा रानी का रूप धर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। बालकृष्ण बन किसी ने बंसी बजाई तो राधा उसकी धुन पर झूमकर नाची। प्राचार्य पुनीत साह ने बताया कि बच्चों के बीच भारतीय संस्कृति को जागृत करने के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन जरूरी है। ार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षिका अलिसा, आइसा, कोमल, प्रीति, नीकी का सराहनीय सहयोग रहा। वहीं, कान्हा बने बच्चों में अभिमन्यु, समीर, केशव, अंकुश, प्रियांशु, विराट और राधा बनीं बच्चियों में जानवी राय, सृष्टि,आशिया, काव्या, प्राची थीं। इस दौरान प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

## तोपचांची नयाबाजार में असामाजिक तत्वों ने की मंदिर में तोड़फोड़, लोगों में आक्रोश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** तोपचांची थाना क्षेत्र के खेशमी पंचायत स्थित नयाबजार दुर्गा मंडप से मां दुर्गा के मंदिर में तोड़फोड़ कर शांति-सद्भाव को बिगाड़ने की कोशिश का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि समाजविरोधियों ने मां दुर्गा की फोटो निकालकर जला दी। यही नहीं, मंडप के भीतर रखे मां दुर्गा की बेदी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। मौके पर शराब की बोतलें भी बरामद हुई हैं। शुक्रवार की सुबह जब स्थानीय लोग की जजर उस पर पड़ी तो वे काफी आक्रोशित हो गए। लोगों ने पुलिस से अविलंब दोषियों की तालाश कर कार्रवाई की मांग की हैं। दूसरी ओर, सूचना पाकर हरिहरपुर और तोपचांची पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। हरिहरपुर थाने से एएसआई नंदलाल राम तोपचांची एसआई महावीर प्रधान को लोगों ने घेर लिया। लोग फौरन कारवाई की मांग कर रहे हैं। मुखिया प्रतिनिधि अजित मंडल, पूर्व मुखिया गुरमीत सिंह और अन्य लोगों ने कहा कि दुर्गा मंडप के बगल में शराब की दुकान है। रोजाना यहां नशेड़ियों का जमावड़ा रहता है।

असमाजिक तत्वों का रोज यहां जुटान रहता है। लोग इससे भी परेशान हैं। वहीं यह भी बताया कि तोपचांची पुलिस खेशमी क्षेत्र में रात में कभी गश्ती नहीं करती है। स्थानीय लोगों ने तोपचांची थाने में मामले की लिखित शिकायत दी है।

### सूचना देने के दो घंटे बाद पहुंची पुलिस

दूसरी ओर, लोगों का आरोप है कि घटना की सूचना जब पुलिस को दी गई तो पुलिस कर्मी दो घंटे के बाद मौके पर पहुंचे। तोपचांची पुलिस से पहले हरिहरपुर पुलिस पहुंची थी। तोपचांची पुलिस जब मौके पर पहुंची तो काफी देर तक अपनी गाड़ी से बाहर ही नहीं आई। वहीं, नाराज लोगों ने कुछ देर के लिए पुलिस का घेराव भी किया।

## सरायढेला शिव मंदिर में ताला तोड़कर बदमाशों ने उड़ाया हजारों का सामान

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सरायढेला न्यू कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में गुरुवार की रात बदमाशों नें ताला तोड़कर हजारों रुपये की संपत्ती चोरी कर ली। जानकारी के मुताबिक मंदिर से शिवलिंग के ऊपर लटका पित्तल का मटका, नागराज, पूजा के बर्तन, घंटी और दान पेटी तोड़ कर उसमें रखे दान के पैसे आदि चोरी किए गए हैं। मंदिर के पुजारी पंडित त्रियानंद झा शुक्रवार की सुबह जब साफ-सफाई करने मंदिर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि गेट का ताला टूटा हुआ है। मंदिर में सामान बिखरे पड़े हैं। छानबीन करने पर पता चला कि मंदिर के गेट का ताला तोड़कर चोरों ने शिवलिंग के ऊपर से नागराज, घंटी, थाली, दानपेटी से पैसे की चोरी कर ली है। पूजारी ने बताया कि यह नशेड़ियों का काम है। क्योंकि इससे पहले भी नशेड़ियों ने इस मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। वहीं घटना की सूचना पाकर आसपास के लोग भी पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि इन दिनों मुहल्ले और मंदिर के आस-पास नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। न ही टाइगर पुलिस न ही पेट्रोलिंग पार्टी इनलोगों पर लगाम लगाती है। मुहल्ले में भी चोरी की घटनाएं बढ़ गई है।

## पहला कदम के दिव्यांग बच्चों ने धूमधाम से मनायी जन्माष्टमी



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों के स्कूल पहला कदम में शुक्रवार को जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी उर्मिला डोकानिया और दिल्ली पब्लिक स्कूल से कीर्ति किरण उपस्थित थीं। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान दिव्यांग बच्चों के बीच राधा-कृष्ण फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और दही हांडी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चो ने मनमोहक प्रस्तुति कर माखन हांडी तोड़ी और राधा कृष्णा का रूप धर सब का मन मोह लिया। अतिथियो ने बच्चों के साथ केक काटकर कृष्ण जन्म की खुशियां मनाई। सचिव अनिता ने बताया कि उनकी यही कोशिश रहती है कि सभी बच्चों को हर खुशियां मिले और सभी त्योहार बच्चे मना सके। इसलिए किसी त्योहार में स्कूल में छुट्टी नहीं दी जाती है। उत्सव के बाद बच्चो के बीच अल्पाहार का वितरण किया गया। प्रतियोगिता में शामिल बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। अतिथियो ने समाज के हर वर्ग से आह्वान किया कि वे बच्चों की खुशियो में शामिल हो उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में मदद करे।

## जनता व बेरोजगारों की समस्याओं से केंद्र सरकार को कोई सरोकार नहीं: ब्रजेंद्र सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद जिला नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में शुक्रवार रांगाटांड चौक पर महंगाई और बेरोजगारी को लेकर चर्चा के लिए चौपाल आयोजित किया गया। जिसकी अगुवाई अध्यक्ष वैभव सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ओर से राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रओं में 17 से 23 अगस्त तक महंगाई एवं बेरोजगारी पर चर्चा चौपाल लगाकर जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आगामी चार सितंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के नेतृत्व में महंगाई पर हल्ला बोल महारैली आयोजित किया गया है,जिसमें देश से लाखों लाख लोग शामिल होंगें। उन्होंने कहा कि देश में महंगाई की मार से लोग कराह रहे है। अर्थव्यवस्था चरमरा गई है, बावजूद इसके केंद्र की मोदी सरकार को इससे कोई सरोकार नहीं है। वर्तमान मोदी सरकार ने पेट्रोल, डीजल,सीएनजी एवं रसोई गैस से लेकर अनाज, दाल, खाने के तेल जैसी जरूरी चीजों की कीमतों में बेहताशा वृद्धि कर लोगों को कमर तोड़ने रही है। वहीं, वैभन सिन्हा ने कहा कि देश महंगाई और आर्थिक संकटों से जूझ रहा है। युवा बेरोजगारी से त्रस्त है। इसके बावजूद केंद्र सरकार मूकदर्शक बनी देख रही है। कांग्रेस महंगाई और बेरोजगारी को लेकर सड़क पर आंदोलनरत है। केंद्र सरकार ने इस ज्वलंत समस्या का निराकरण अविलंब नहीं की तो जोरदार आंदोलन होगा। चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्तार खान एवं रामप्रीत यादव, रमेश जिंदल, बीके सिंह, अब्दुल करीम अंसारी, पप्पू कुमार तिवारी, सतपाल सिंह ब्रोका, प्रमोद चंद्रवंशी, भोला सिंह, बिल्कीस खानम, अनुज चौहान, आलोक राज, अजय पासवान, सरयू शर्मा, डीएन सिंह, राहुल शर्मा, गुड्डू कुमार, शम्मी कुमार, पवन महतो, अब्दुल अजीज शुभम कुमार, टिंकू कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।




## वंचित समाज के लोगों के प्रेरणास्त्रोत हैं माउंटेन मैन दशरथ मांझी: रमेश टुडू





**झामुमो ने मनाई माउंटेन मैन दशरथ मांझी की 15वीं पुण्यतिथि**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** झामुमो ने बाघमारा विधानसभा के जमुआ पंचायत अंतर्गत पंचायत भवन सचिवालय में शुक्रवार को माउंटेन मैन बाबा दशरथ मांझी की15वीं पुण्यतिथि मनाई गई। जिलाध्यक्ष रमेश टूडू के नेतृत्व में दशरथ मांझी के छायाचित्र पर फुल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जमुआ के मुखिया अर्जुन भुईयां ने की। वहीं, कार्यक्रम में आरजेडी के पूर्व सांसद राजेश मांझी, झामुमो जिला प्रवक्ता अरुनव सरकार एवं झामुमो के बाघमारा प्रखण्ड समिति अध्यक्ष रतिलाल टुडू भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में रमेश टुडू ने कहा कि माउंटेन मैन नाम से विश्व विख्यात दशरथ मांझी की 15वीं पुण्यतिथि है। दशरथ मांझी वंचित समाज के लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने अपने जीवन का अति महत्वपूर्ण 20 वर्ष खो दिया लेकिन उनके कर्म के परिणाम स्वरूप कितने जनजीवन के महत्वपूर्ण समय को बचाया जा सका है। आज हमलोगों को उनके आजीवन संघर्ष और कठोर तपस्या से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। अगर हमें अपने जीवन में सफलता और समृद्धि प्राप्त करना है तो ऐसे महापुरूषों के संघर्ष को याद रखना होगा उनको अनुसरण करते हुए अभिप्रेरणा लेनी होगी। इस मौके पर इंद्रदेव भुइयां, जिला उपाध्यक्ष गौरीशंकर चैता, रामलखन राम, जिप सदस्य सुबोध भुईयां, पूर्व मुखिया कंचनपुर पंचायत सिताराम भुईयां, निवर्तमान पार्षद राजेंद्र भुईयां, झरिया प्रखंड अध्यक्ष संजीवन भुईयां, सुरेंद्र चौहान, प्रफुल्ल मंडल, उत्तम मंडल, अनिल उरांव, पंकज कुमार दिनकर, चंदन पांडेय, कृष्णा चौहान, किस्मत भुईयां, अभिषेक चौहान, करण चौहान, बंटी चौहान आदि उपस्थित रहें।

## पूर्व सांसद से मिलकर नगर ओबीसी मोर्चा के नगर मंत्री छोटू ने सौंपा आवेदन पत्र



**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडे के कार्यालय में जाकर शुक्रवार को भाजपा के नगर ओबीसी मोर्चा के नगर मंत्री छोटू कुमार रवानी ने मुलाकात कर आवेदन दिया। पूर्व सांसद को सुभाष नगर से करगली एसबीआई बैंक जर्जर सड़क की स्थिति से अवगत कराया। बताया कि यह सड़क से प्रति दिन लोगों का आवागमन रहता है। करगली बाजार से सुभाष नगर, जवाहर नगर, फील्ड क्वारी, रामनगर, कारो, बेरमो सीम आदि स्थानों के लिए लोग इसी सड़क का इस्तेमाल करते हैं। पर यह सड़क पूरी तरह से जर्जर व बेकार हो चुकी है। इस कारण राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। बाइक चालक दुर्घटना के शिकार होते है। बरसात के दिनों में यह जर्जर सड़क और ज्यादा ही खराब हो गया है। लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। यह सड़क हीरक रोड तक निकलती है। इसकी खराब दुर्दशा होने के बावजूद बनवाने को लेकर अधिकारियों का ध्यान नहीं है। सड़क पर लाइट नहीं होने के कारण रात में लोगों को चलना मुश्किल होता है। इस पर पूर्व सांसद ने सीसीएल बीएण्डके क्षेत्र के जीएम एम कोटेश्वर राव से फोन पर बात की। उन्होंने जीएम को सारी समस्याओं से अवगत कराया। जिसके बाद जीएम ने उन्हें आश्वासन दिया कि बहुत जल्द सड़क बनवा कर स्ट्रीट लाइट लगवा दिया जाएगा।

### कसमार में खतियानी महाजुटान महासभा का आयोजन,गरजे खतियानी नेता

# 1932 खतियान लागू होने पर ही खुलेगी झारखंडियों की तकदीर : जयराम महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कसमार/बेरमो।** कसमार प्रखंड के बगियारी स्थित मां मंगलचंडी प्रांगण में शुक्रवार को एक विशाल आमसभा आयोजन की गई, जिसकी अध्यक्षता खतियानी नेता अमरलाल महतो ने की। इसमें मुख्य अतिथि खतियानी नेता टाइगर जयराम महतो भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि जब तक झारखण्ड में 1932 का खतियान लागू नहीं होगा तब तक झारखंडियों की किस्मत नहीं खुलेगी। इस कार्यक्रम का संचालन मिथिलेश महतो एवं मानू गुलिआर ने किया। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण रेबती महतो के कुड़माली झूमर गीत ने दर्शकों को खूब रिझाया। क्षेत्रीय कलाकार विष्णु महतो, राकेश कुमार महतो, जलेश्वर हिंदिआर, हबीब नाज, मुकेश महतो आदि ने भी कुड़माली समेत अन्य क्षेत्रीय व जनजातीय भाषा में गीत पेश किए। जिसपर लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिए। धन्यवाद ज्ञापन सह आभार प्रकट भुनेश्वर महतो ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अमरलाल महतो, मिथिलेश महतो, सुकदेव राम, अंसुधन महतो, गयाराम महतो, भुनेश्वर महतो, प्रयाग करमाली, सुबोध कुमार महतो, मानु देव गुलिआर, यादव कुमार महतो, सोहित कुमार महतो, अशोक कुमार महतो, बिपिन कुमार महतो, मनिष महतो, फणिन्द्र कुमार महतो, सहदेव झारखंडी, कुन्दन कुमार महतो, जितेंद्र कुमार महतो, अखिलेश्वर कुमार महतो, सुजीत कुमार महतो, शिवचरण महतो, सुरेश कुमार महतो, हीरालाल महतो, प्रशांत कुमार महतो, रीतेश रंजन, मिथुन कुमार महतो, प्रकाश कुमार महतो, पिन्टू कुमार महतो, सुरेन्द्र कुमार महतो, जलेश्वर कुमार महतो आदि की भूमिका सराहनीय रही।



खतियानी महाजुटान महासभा में उपस्थित लोग।

## पूर्व मंत्री ने किया पूजा पंडाल का उद्घाटन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** चंदनकियारी विधानसभा अंतर्गत सिलफोर ग्राम में जन्माष्टमी के अवसर पर शुक्रवार को पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। क्षेत्र वासियों को जन्माष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि यह त्योहार भगवान श्री कृष्ण को समर्पित है। जिन्होनें हमें मानवता के कल्याण के लिए गीता का संदेश दिया था। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने गीता में ईमानदारी और समर्पण भाव से कर्म करने का संदेश दिया है। उनकी ये शिक्षा सदैव प्रासंगिक है। भगवान श्रीकृष्ण भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता के सबसे बड़े आदर्श हैं, जो संपूर्ण भारत को एक सूत्र में पिरोते है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी देश के कोने-कोने में उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाता है। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य राजू तिवारी और हेमंत गोप आदि उपस्थित थे।

# हवा में सुखोई-30 की रिफ्यूलिंग की गयी

.-एयरफोर्स एक्सरसाइज पिच ब्लैक 2022 के दौरान फ्रांसीसी एयरक्राफ्ट और स्पेस फोर्स ने की मदद

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया में चल रही एयरफोर्स एक्सरसाइज पिच ब्लैक 2022 के दौरान भारत के लड़ाकू विमान सुखोई -30 में हवा में रिफ्यूलिंग की गयी। फ्रांसीसी एयरक्राफ्ट और स्पेस फोर्स यूनिट के सपोर्ट से ईंधन भरा गया। इसके लिए इंडियन एयरफोर्स ने दोनों का आभार जताया। नीले आसमान में



फाइटर जेट सुखोई-30 के अगल-बगल दो फाइटर जेट को लाया गया। दोनों जेट के पायलट सुखोई के विंग्स से जुड़े फ्यूल पाइप से अपना जेट कनेक्ट किया। इसके बाद सुखोई में फ्यूल भरा गया।

**क्या है पिच ब्लैक:** ऑस्ट्रेलिया में हर दो साल में पिच ब्लैक नाम से अभ्यास होता है। इस दौरान नकली हवाई युद्ध होता है। इस बार पिच ब्लैक 19 अगस्त से शुरू हुआ है जो 6 सितंबर तक चलेगा। इसमें लगभग 100 लड़ाकू विमान और 2,500 सैन्यकर्मी हिस्सा लेंगे। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने बताया है पिच ब्लैक 2022' में भारत, कनाडा, फ्रांस, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, थाईलैंड,जर्मनी, इंडोनेशिया, जापान, मलेशिया, नीदरलैंड्स, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, यूएई, ब्रिटेन और अमेरिका सहित 17-देश हिस्सा ले रहे हैं।


# तालचेर थर्मल ने मनाया 76वां स्वतंत्रता दिवस

**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी तालचेर थर्मल में सभी सरकारी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए 76वां स्वतंत्रता दिवस मनाया । मुख्य महाप्रबंधक श्री गौतम देव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर श्री आर के सिंह महाप्रबंधक परियोजना, श्री कौशिक मंडल जीएम के डिप्टी कमांडेंट श्री अनुरंजन गुप्ता, सभी विभाग प्रमुख, एनटीपीसी के कार्यकारी अधिकारी और सीआईएसएफ जवान उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण राष्ट्रगान गाकर सीआईएसएफ द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर और श्री गौतम देव द्वारा संबोधन के साथ हुई। श्री देब ने अपने भाषण में देश भर में पिछले कुछ वर्षों में हुए विकास और देश के विकास में एनटीपीसी के योगदान के बारे में विस्तार से बात की। उन्होंने ळक्क्ढर चरण के विस्तार परियोजना के बारे में भी बताया। इस



अवसर पर श्री देव ने योग्य कर्मचारियों और सीआइएसएफ के जवानों को जीएम ने मेधावी पुरस्कार प्रदान किया। एक वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर श्री गौतम देव ने आशालोक अस्पताल का भी दौरा किया और अस्पताल में इलाज करा रहे रोगियों को फलों के साथ गुलदस्ता प्रदान किया।

## अमित रोहिदास को किया सम्मानित



**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक शरद कुमार श्रीवास्तव ने पूर्व तट रेलवे खेल संगठन (इसीओआरएसए) के अध्यक्ष मानस कुमार पोद्दार, महासंपादक अशोक कुमार मिश्र और मुख्य सचिव के सचिव की उपस्थिति में आज मुख्यालय में अपने वरिष्ठ खेल अधिकारी और भारतीय पुरुष हॉकी टीम के डिफेंडर अमित रोहिदास को सम्मानित किया। रोहिदास भारतीय हॉकी टीम के प्रमुख सदस्य हैं जिन्हें हाल ही में राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतकर भारतीय रेलवे के साथ देश का नाम रौशन किया।




## खोरधारोड मंडल ने सदभावना दिवस मनाया



**भुवनेश्वर।** खोरधारोड मंडल द्वारा सभी धर्मों, भाषाओं तथा क्षेत्रों के लोगों में राष्ट्रीय एकता और सांप्रदायिक सद्भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर सद्भावना दिवस मनाया गया। सद्भावना दिवस के अवसर पर, श्री रिंकेश रॉय, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधारोड ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सद्भावना दिवस शपथ दिलाई। मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर भी कर्मचारियों द्वारा सद्भावना दिवस की शपथ ली गई । श्री रंजन मोहंती, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, खोरधारोड ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## सुमा सुरक्षा एजेंसी अनावरण



**भुवनेश्वर।** सोमवार को भुवनेश्वर में 'सुमा सुरक्षा एजेंसी' नामक एक नई सुरक्षा सेवा का उद्घाटन और इस नई एजेंसी के लोगो का अनावरण प्रो. (डॉ.) मनोजरंजन नायक शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (सोआ) के संस्थापक अध्यक्ष ने किया ।















































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**